# झारखण्ड उजाला


सच आप तक

12 श्रेया कालरा...



रांची, शनिवार, 08 अगस्त 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -53 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com


## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



अलाहमद अंसारी
सामाजिक कार्यकर्ता

जीवन कोई समस्या नहीं है जिसे सुलझाना है, बल्कि एक अनुभव है जिसे जीना है। खुश रहने का सबसे अच्छा तरीका अपने कार्यों में व्यस्त रहना और सकारात्मक दृष्टिकोण रखना है। छोटी-छोटी बातों पर परेशान न हों, अपने प्रयासों पर भरोसा रखें और खुद को कमजोर न समझें, क्योंकि आपकी सोच ही आपको सबसे अलग बनाती है।

### सर्राफा

सोना (बिक्री) : 1,33,700
चांदी (प्रति किलो) : 2,36,000
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

### शेयर बाजार

सेंसेक्स :- 78,499.17
निफ्टी :- 24,570.65

### मौसम

अधिकतम तापमान : 26 °
न्यूनतम तापमान : 22 °

### सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- 05:22
संध्या :- 18:27

### आज का इतिहास

**आज ही के दिन सन 1908 को राइट बंधुओं ने फ्रांस के ले मैंस में पहली बार सार्वजनिक रूप से विमान उड़ाकर दिखाया।**

### संक्षिप्त समाचार


#### ग्लैडसन डुंगडुंग को मिलेगा 'स्वामी देवानंद चक्कुंगल पुरस्कार'

**रांची।** झारखंड के चर्चित आदिवासी अधिकार कार्यकर्ता, शोधकर्ता और लेखक ग्लैडसन डुंगडुंग को हिन्दी पत्रकारिता में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'स्वामी देवानंद चक्कुंगल पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा. इंडियन कैथोलिक प्रेस एसोसिएशन ने इसकी आधिकारिक घोषणा की है. यह सम्मान उन्हें आदिवासी समाज के मुद्दों, अधिकारों, संघर्ष और सामाजिक न्याय से जुड़े विषयों को हिन्दी पत्रकारिता के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से सामने लाने के लिए दिया जा रहा है. आईसीपीए की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, ग्लैडसन डुंगडुंग को यह पुरस्कार 9 सितंबर 2026 को बेंगलुरु में आयोजित इंडियन कैथोलिक प्रेस एसोसिएशन के वार्षिक सम्मेलन में प्रदान किया जाएगा. इस अवसर पर देशभर के वरिष्ठ पत्रकार, संपादक, मीडिया विशेषज्ञ और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोग मौजूद रहेंगे.

#### डुरंड कप: दिल्ली एससी की एकतरफा जीत, डिफेंडर्स एफसी को 7-0 से हराया

**रांची।** मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए डुरंड कप के चौथे मुकाबले में दिल्ली एससी ने डिफेंडर्स एफसी को 7–0 से करारी शिकस्त दी. दिल्ली की टीम ने शुरूआत से ही बेहतरीन खेल दिखाया और पहले 11 मिनट में तीन गोल दागकर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली. दिल्ली एससी ने मैच के 5वें मिनट में पहला गोल कर खाता खोला. इसके बाद 7वें और 11वें मिनट में लगातार दो गोल कर स्कोर 3–0 कर दिया. टीम का दबदबा पूरे पहले हाफ में कायम रहा और 34वें मिनट में चौथा गोल दागकर बढ़त 4–0 कर दी. पहले हाफ तक डिफेंडर्स एफसी अपना खाता भी नहीं खोल सकी. दूसरे हाफ में डिफेंडर्स एफसी ने वापसी की कोशिश की, लेकिन दिल्ली एससी की मजबूत डिफेंस और शानदार खेल प्रदर्शन के सामने उसके प्रयास सफल नहीं हो सके.

## पीएम मोदी ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर देश को बधाई दी, लोगों से हैंडलूम प्रोडक्ट खरीदने का किया आग्रह



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय हथकरघा दिवस 2026 को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से हैंडलूम प्रोडक्ट खरीदने और दुनिया भर का ध्यान खींचने के लिए वीडियो बनाने की अपील की. हैंडलूम डे से एक दिन पहले पीएम मोदी ने गुरुवार देर रात अपने इंस्टाग्राम हैंडल और दूसरे सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो मैसेज पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने कहा कि इस दिन को मनाने से देश के बुनकरों और छोटे व्यापारियों को मदद मिलेगी. प्रधानमंत्री ने कहा, 'राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर आइए, भारत के हैंडलूम की विविधता को पॉपुलर बनाएं. अपने पसंदीदा हैंडलूम प्रोडक्ट के वीडियो बनाएं, जिसमें ग्रेट रेडी विद मी वीडियो भी शामिल है और उन्हें सोशल मीडिया पर शेयर करें.' प्रधानमंत्री ने लोगों को याद दिलाया कि 7 अगस्त, 1905 को ही अंग्रेजों के खिलाफ स्वदेशी आंदोलन शुरू हुआ था, जब देश में हर कोई एकजुट हुआ था. उन्होंने कहा, 'पिछले हफ्ते ही, आप सभी ने फ्रेंडशिप डे मनाया था. मैं आपसे रिक्वेस्ट करता हूं कि 7 अगस्त को हैंडलूम डे पर इस मौके को धूमधाम से मनाएं.' दुनिया भर के लोगों को हैंडलूम प्रोडक्ट्स की ओर अट्रैक्ट करने के लिए सभी से छोटे वीडियो बनाने और उन्हें ऑनलाइन शेयर करने की अपील करते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि इसका मकसद भारत को आत्मनिर्भर बनाना और बुनकरों और छोटे बिजनेस की फाइनेंशियल मदद करना है. उन्होंने कहा, 'आइए हैंडलूम खरीदें और बुनकरों और छोटे व्यापारियों की मदद के लिए वीडियो बनाएं.' नेशनल हैंडलूम डे हर साल 7 अगस्त को स्वदेशी मूवमेंट की याद में मनाया जाता है, जो 7 अगस्त, 1905 को शुरू हुआ था, जिसने देसी इंडस्ट्री और भारत के हैंडलूम सेक्टर को नई रफ्तार दी. यह दिन देश की कल्चरल विरासत और सोशियो-इकोनॉमिक डेवलपमेंट में हैंडलूम बुनकरों के हमेशा रहने वाले योगदान को पहचान देता है. 2015 में शुरूआत के बाद से नेशनल हैंडलूम डे भारत के हैंडलूम बुनकरों की कला, हुनर और लगन का जश्न मनाने का एक मौका रहा है, साथ ही यह हैंडलूम सेक्टर के बचाव, बढ़ावा और सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लिए सरकार के वादे को भी दिखाता है.

## झारखंड विस में 8,399.31 करोड़ का पहला अनुपूरक बजट पेश, ग्रामीण विकास को सबसे ज्यादा राशि

झारखण्ड उजाला संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 का पहला अनुपूरक बजट पेश किया. सरकार ने कुल 8,399.31 करोड़ रुपये की अनुपूरक अनुदान मांग सदन के पटल पर रखी. इसमें 7,256.25 करोड़ रुपये राजस्व व्यय और 1,143.06 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय के लिए प्रस्तावित किए गए हैं. अनुपूरक बजट में ग्रामीण विकास, शिक्षा, ग्रामीण कार्य, पेयजल, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्रों पर विशेष फोकस किया गया है.

#### ग्रामीण विकास विभाग को 4,258.67 करोड़ रुपये आवंटित

सरकार की ओर से पेश अनुपूरक बजट में सबसे बड़ा आवंटन ग्रामीण विकास विभाग को दिया गया है. विभाग के लिए 4,258.67 करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है. इसके बाद प्राथमिक एवं वयस्क शिक्षा प्रभाग को 946.31 करोड़ रुपये, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को 912.45 करोड़ रुपये तथा ग्रामीण कार्य विभाग को 885.83 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं.

#### स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना पर जोर

स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना से जुड़े विभागों को भी अतिरिक्त राशि दी गई है. पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के लिए 271.61 करोड़ रुपये, पंचायती राज विभाग के लिए 244.80 करोड़ रुपये, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए 218.17 करोड़ रुपये, खान एवं भूतत्व विभाग के लिए 173.65 करोड़ रुपये तथा गृह, जेल एवं आपदा प्रबंधन विभाग के लिए 490.69 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है.

#### पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

इसके अलावा सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस



विभाग को 66.53 करोड़ रुपये, वित्त विभाग को 56.96 करोड़ रुपये, पर्यटन विभाग को 36.76 करोड़ रुपये, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग को 33.21 करोड़ रुपये, विधि विभाग को 29.54 करोड़ रुपये, भवन निर्माण विभाग को 21.75 करोड़ रुपये, नगर विकास एवं आवास विभाग को 20.21 करोड़ रुपये तथा जल संसाधन विभाग को 18.06 करोड़ रुपये दिए गए हैं. अनुपूरक बजट में पूंजीगत व्यय को भी प्राथमिकता दी गई है. ग्रामीण कार्य विभाग को पूरे 885.83 करोड़ रुपये पूंजीगत मद में दिए गए हैं. इसके अलावा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के लिए 69.94 करोड़ रुपये, अनुसूचित जनजाति, एससी एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के लिए 33.39 करोड़ रुपये, पर्यटन विभाग के लिए 34.87 करोड़ रुपये, शहरी विकास विभाग के लिए 11.15 करोड़ रुपये तथा स्वास्थ्य विभाग के लिए 10 करोड़ रुपये पूंजीगत मद में प्रस्तावित किए गए हैं. इससे सड़क, पेयजल, भवन और अन्य आधारभूत संरचना परियोजनाओं को गति मिलने की उम्मीद है. अनुपूरक बजट की अनुदान मांगों पर चर्चा के बाद सरकार विनियोग विधेयक भी सदन में पेश करेगी. विधेयक के पारित होने के बाद संबंधित विभागों को अतिरिक्त राशि खर्च करने की वैधानिक अनुमति मिल जाएगी.

### 77वें राज्यव्यापी वन महोत्सव-2026 में सम्मिलित हुए सीएम एवं उनकी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन

## जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के साथ ही संभव है समृद्ध और संतुलित झारखंड का निर्माण : हेमंत सोरेन

झारखण्ड उजाला संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन शुक्रवार को खेलगांव, रांची स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित 77वें राज्यव्यापी वन महोत्सव-2026 में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों तथा वृक्षारोपण के महत्व पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की बढ़ती चुनौतियों के बीच वृक्षारोपण पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

#### विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन ही सतत भविष्य की कुंजी

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन विश्व की सबसे गंभीर और चिंताजनक चुनौतियों में से एक बन चुका है। इसके प्रभाव अब केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन, कृषि, जल संसाधनों, जैव विविधता और समग्र विकास प्रक्रिया पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण एवं प्राकृतिक संसाधनों के साथ लगातार हो रहे हस्तक्षेप, अंधाधुंध दोहन तथा अनियोजित विकास गतिविधियों के कारण जलवायु में व्यापक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगीकरण, खनन गतिविधियों, शहरीकरण और विकास से जुड़े विभिन्न कार्यों का पर्यावरण पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में विकास की गति को बनाए रखते हुए पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन के बीच संतुलन स्थापित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विकास तभी सार्थक होगा, जब वह प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण के साथ अनावश्यक छेड़छाड़ से बचना होगा तथा जल, जंगल और जमीन जैसे अमूल्य संसाधनों का विवेकपूर्ण एवं जिम्मेदार उपयोग सुनिश्चित करना होगा। आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण प्रदान करने के लिए आज से ही ठोस कदम उठाने होंगे। वृक्षारोपण, वन संरक्षण, जल संरक्षण और जैव विविधता के संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार या किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक और सामाजिक दायित्व है। जब तक आमजन इस दिशा में सक्रिय भागीदारी नहीं निभाएंगे, तब तक जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौती का प्रभावी समाधान संभव नहीं होगा। उन्होंने सभी लोगों से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने तथा हरित एवं समृद्ध भविष्य के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

#### जलवायु परिवर्तन का असर मानव जीवन के साथ पशु-पक्षियों और वन्यजीवों पर भी

मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम के स्वरूप में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। बीते कुछ वर्षों में प्राकृतिक घटनाओं की प्रकृति और तीव्रता में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है, जो पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बन चुका है।



#### सम्मानित होने वालों में शामिल हैं

फुलवीन बेरनादेत कुजूर (रांची वन प्रमंडल), टिकैत चन्द्र प्रधान (घाटशिला वन प्रमंडल), बुधदेव चालक (दुमका वन प्रमंडल), पौथीराम हांसदा (पोड़ाहाट वन प्रमंडल, चाईबासा), रमेश नायक (पोड़ाहाट वन प्रमंडल, चाईबासा), निरोज टेटे (गुमला वन प्रमंडल), तारकेश्वर मुंडा (रांची वन प्रमंडल), सोनी देवी (झारखंड जैव-विविधता परिषद, रांची)

लक्ष्मण मुर्मू (साहेबगंज वन प्रमंडल)

राजीव रंजन प्रसाद (साहेबगंज वन प्रमंडल), मो0 जैनुल अंसारी (सिमडेगा वन प्रमंडल), कृष्ण सिंह (कोडरमा वन प्रमंडल), मनोज राणा (गिरिडीह पूर्वी वन प्रमंडल), मिथिलेश कुमार (मेदिनीनगर वन प्रमंडल), सुरेन्द्र पासवान (मेदिनीनगर वन प्रमंडल)

मुनेश्वर महतो (हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल), खुशीद आलम (चतरा उत्तरी वन प्रमंडल), गुडल सिंह (पलामू व्याघ्र परियोजना, उत्तरी प्रमंडल), राजु कोरवा (पलामू व्याघ्र परियोजना, उत्तरी प्रमंडल), नासिर खान (पलामू व्याघ्र परियोजना, उत्तरी प्रमंडल)










स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां तेज

# 15 अगस्त को बीएस कॉलेज स्टेडियम में होगा मुख्य समारोह

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



लोहरदगाः समाहरणालय सभाकक्ष में बुधवार को उपायुक्त संदीप कुमार मीना की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस-2026 की तैयारियों को ले समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य समारोह, सुरक्षा, साफ- सफाई, यातायात, चिकित्सा व्यवस्था और सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में तय किया गया कि 15 अगस्त को सुबह 8 बजे से शहर में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद सुबह 9:05 बजे बीएस कॉलेज स्टेडियम में मुख्य समारोह आयोजित होगा, जहां मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। उपायुक्त सुबह 7:45 बजे अपने आवास तथा 10:30 बजे समाहरणालय परिसर में ध्वजारोहण करेंगे। इसके अलावा सभी सरकारी कार्यालयों एवं संस्थानों में निर्धारित समय पर ध्वजारोहण होगा। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएंगे। कार्यक्रम के लिए मंच, प्रकाश, ध्वनि एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश नगर परिषद एवं संबंधित अधिकारियों को दिया गया। नगर परिषद को शहर की सभी महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ- सफाई एवं रंग-रोगन कराने, पूरे नगर क्षेत्र, नालियों, समाहरणालय परिसर, उपायुक्त आवास, पुलिस अधीक्षक कार्यालय तथा बीएस कॉलेज स्टेडियम की विशेष सफाई और सजावट सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मुख्य समारोह के दौरान एम्बुलेंस, प्राथमिक उपचार, ओआरएस एवं ग्लूकोज की व्यवस्था करने के निर्देश सिविल सर्जन को दिए गए हैं। वहीं बीएस कॉलेज स्टेडियम में फायर ब्रिगेड की तैनाती भी सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 15 अगस्त को सुबह 5 बजे से दोपहर 1 बजे तक लोहरदगा शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में अनुमंडल प्रशासन एवं पुलिस को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के जिला टॉपर्स, पिछले एक वर्ष में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों तथा जिला स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा।

मुख्य समारोह की परेड में जिला पुलिस बल की तीन टुकड़ियां, महिला पुलिस बटालियन, एनसीसी की विभिन्न टुकड़ियां तथा स्काउट-गाइड की टुकड़ियां भाग लेंगी। परेड का पूर्वाभ्यास 10 से 13 अगस्त तक बीएस कॉलेज स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

बैठक में पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी, उप विकास आयुक्त राज महेश्वरम, परियोजना निदेशक आईटीडीए सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, डीएसपी मुख्यालय समीर तिर्की, सिविल सर्जन डॉ. राजू कच्छप सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्व. रिझुनाथ चौधरी जी की 12वीं पुण्यतिथि पर 9 अगस्त को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन, पर्यावरण संरक्षण हेतु बांटे जाएंगे पौधे

**पतरातू:** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी के पीटीपीएस पतरातु स्थित आवासीय कार्यालय में आगामी 9 अगस्त को स्व. रिझुनाथ चौधरी जी की 12वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी। इस पावन अवसर पर आवासीय कार्यालय में एक भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा, जो प्रातः 9:00 बजे से शुरू होगा। इस संबंध में विधायक कार्यालय में आयोजित एक विशेष बैठक के दौरान प्रेस विज्ञप्ति जारी कर क्षेत्र की सम्मानित जनता से अपील की गई है।

श्रद्धांजलि सभा में आने वाले श्रद्धालुओं और आम जनता के बीच पर्यावरण संरक्षण हेतु निःशुल्क पौधों का वितरण किया जाएगा, ताकि लोग प्रकृति की रक्षा का संकल्प ले सकें।

**बैठक में ये रहे उपस्थितः** कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से पतरातु नगर पर्यावरण संयोजक रमेश कुमार सिंह,रामगढ़ जिला पेड़ प्रमुख युगेश्वर महतो, रामगढ़ पेड़ प्रमुख टोली सदस्य बीरबल नायक तथा पेड़ प्रमुख टोली सदस्य जगदेव महतो मुख्य रूप से मौजूद थे। सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को गरिमामयी और सफल बनाने के लिए रूपरेखा तैयार की।

## भुरकुंडा की बेटी अंचल यादव बनीं मिस झारखंड 2026

**छठ पूजा की पारंपरिक प्रस्तुति से जीता निर्णायकों और दर्शकों का दिल,बधाईयों का लगा तांता**

**पतरातू:** भुरकुंडा क्षेत्र के सेंट्रल सौंदा निवासी अंचल यादव ने अपनी प्रतिभा और सांस्कृतिक प्रस्तुति के दम पर 'मिस झारखंड 2026' का खिताब जीतकर पूरे भुरकुंडा और रामगढ़ जिले का नाम रौशन किया है। रांची में बॉम्बे एंटरटेनमेंट द्वारा आयोजित ग्रैंड फिनाले (सीजन-4) में अंचल ने छठ महापर्व की पारंपरिक थीम पर प्रभावशाली प्रस्तुति देकर निर्णायकों और दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता के अंतिम दौर में अंचल यादव ने आत्मविश्वास, व्यक्तित्व, मंच संचालन, पारंपरिक परिधान और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का शानदार प्रदर्शन किया। विशेष रूप से छठ पूजा की भारतीय संस्कृति और लोक परंपरा को मंच पर जीवंत रूप में प्रस्तुत करने के कारण उन्हें प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी के रूप में सराहा गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उन्हें मिस झारखंड 2026 का ताज पहनाया गया। अंचल की इस उपलब्धि से भुरकुंडा क्षेत्र में खुशी का माहौल है। परिवार, रिश्तेदारों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंचल ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर यह मुकाम हासिल कर क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया है। अंचल यादव ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, परिवार के सदस्यों और गुरुजनों के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि केवल उनकी नहीं, बल्कि पूरे भुरकुंडा और रामगढ़ जिले की है। उनकी इस सफलता से क्षेत्र के युवाओं, विशेषकर बेटियों में नए सपनों को साकार करने का उत्साह बढ़ा है।

## शाह कॉलोनी पंचायत के मुखिया की अगुवाई में लगभग 80 कांवरियों को कराया जाएगा बाबा भोलेनाथ की नगरी का भ्रमण एवं दर्शन



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**पतरातू:** शुक्रवार को पतरातू प्रखंड के शाह कॉलोनी पंचायत के लगभग 80 कावरियो जिसमें महिला एवं पुरुष कमरिया शामिल है। जिनको पंचायत के मुखिया अजित कुमार की अगुवाई एवं अपने खर्चे पर बाबा नगरी के भ्रमण एवं दर्शन कराए जाएंगे। मौके पर मुखिया ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हमारे पंचायत से दर्जनों महिला पुरुष शिव भक्त कांवरिया बाबा नगरी के लिए प्रस्थान कर रहे हैं। यह मेरा सौभाग्य कि मैं इतने लोगों को बाबा नगरी के दर्शन और भ्रमण करा पाता हूँ। वही कांवरियों ने बताया कि हमारे मुखिया का हम तहे दिल से आभार व्यक्त करते हैं कि यह हमें बाबा नगरी और बाबा भोलेनाथ के दर्शन कराते हैं। कांवरियों के इस जत्थेमें बहुत से ऐसे लोग भी हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। मगर उनके दिल में बाबा के प्रति अटूट श्रद्धा है, जिन्हें पंचायत के मुखिया अजित कुमार के द्वारा बाबा के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वैसे लोगों ने मुखिया का तहे दिल से आभार व्यक्त किया।

## कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त ऋतुराज ने की तैयारियों की समीक्षा, संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**09 अगस्त को टाउन हॉल, रामगढ़ में आयोजित होगा जिला स्तरीय आदिवासी महोत्सव**



**रामगढ़।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 09 अगस्त 2026 को टाउन हॉल, रामगढ़ में जिला स्तरीय आदिवासी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त, रामगढ़ ऋतुराज की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने कार्यक्रम की तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय आदिवासी महोत्सव जिले की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, परंपरा, कला एवं विरासत को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। ऐसे में कार्यक्रम का आयोजन गरिमापूर्ण, सुव्यवस्थित एवं आकर्षक ढंग से किया जाए। उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल पर मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, विद्युत एवं पेयजल, साफ-सफाई, सुरक्षा, पार्किंग, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संचालन, अतिथियों के स्वागत तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए पूरी तत्परता से कार्य करने को कहा। बैठक के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, पारंपरिक लोकनृत्य एवं संगीत, आदिवासी संस्कृति एवं हस्तशिल्प के प्रदर्शन सहित कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने एवं कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस महोत्सव का उद्देश्य आदिवासी समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण, संवर्धन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार करना है, ताकि नई पीढ़ी भी अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों से परिचित हो सके। बैठक में उप विकास आयुक्त, संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कार्यक्रम आयोजन से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पतरातू ब्लॉक मोड सांकुल रोड के जर्जर सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे पीवीयूएनएल के अधिकारी

**पतरातू:** ब्लॉक मोड सांकुल रोड के जर्जर सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे पीवीयूएनएल केअधिकारी जहाँ पर ग्रामीणों द्वारा अधिकारियों का जोरदार स्वागत किया गया। निरीक्षण के समय सांकुल पंचायत की मुखिया सुमन भरती,समाजसेवी उदय साव,सुशील सिंह,रवि दत्ता,गुलशन सिंह,मनोज साव,नारायण साव,रणजीत सिंह,राजकुमार राम,झूबर राम,अजय रवि,अशोक पाठक,सुखदेव राम,भोला साव,चरकु साव,बैजनाथ साव,केदार साव,मोनू राम आदि के साथ काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान पीवीयूएनएल के वरिष्ट महाप्रबंधक प्रखर सक्सेना,वरिष्ठ प्रबंधक संतोष कुमार सिंह,वरिष्ठ प्रबंधक विवेक कुमार,जर्जर सड़क और बहते पानी के बीच ग्रामीणों के साथ करीब हाफ किलोमीटर पैदल चले और सड़क का निरीक्षण किया।यह देख ग्रामीणों ने काफी खुशी जाहिर की। काफी देर निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातें की और समस्याएं सुनी। समस्याएं सुनने के बाद अधिकारियों ने जल्द से जल्द सड़क और सड़क के दोनों तरफ नाली निर्माण की बात कही। मौके पर ग्रामीणों ने अधिकारियों का आभार प्रकट किया और हर तरह का सहयोग देने का आश्वासन दिया। बताते चले कि काफी दिनों से पंचायत सांकुल मुखिया सुमन भारती,पतरातू मुखिया गिरिजेश कुमार और क्षेत्र के ग्रामीण सड़क और नाली निर्माण की मांग पीवीयूएनएल से कर रहे थे।

## पतरातू में राज्य स्तरीय पर्यटन प्रबंधन संस्थान की स्थापना की मांग, विधायक रोशन लाल चौधरी ने पर्यटन निदेशक को सौंपा ज्ञापन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**पतरातू:** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी ने पर्यटन निदेशालय, झारखंड के निदेशक नमन प्रियेश लकड़ा से मुलाकात कर पतरातू में राज्य स्तरीय पर्यटन प्रबंधन संस्थान की स्थापना की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। विधायक ने कहा कि झारखंड प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक आस्था और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से संपन्न राज्य है। हुंडरू फॉल, दशम फॉल, नेतरहाट, बैद्यनाथ धाम, पारसनाथ, मां छिन्नमस्तिका मंदिर, पतरातू डैम एवं घाटी सहित अनेक पर्यटन स्थल राज्य को देश के प्रमुख पर्यटन केंद्रों में शामिल करने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं होने के बावजूद राज्य में पर्यटन, होटल प्रबंधन और आतिथ्य सेवा से जुड़े उच्च स्तरीय प्रशिक्षण संस्थानों की कमी है। इसका सबसे अधिक प्रभाव स्थानीय युवाओं पर पड़ता है, जिन्हें अपने ही क्षेत्र में पर्यटन आधारित रोजगार और स्वरोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाते। विधायक ने निदेशक से आग्रह किया कि पतरातू की प्राकृतिक एवं पर्यटन क्षमता को देखते हुए यहां राज्य स्तरीय पर्यटन प्रबंधन संस्थान स्थापित करने की दिशा में ठोस पहल की जाए। संस्थान में होटल मैनेजमेंट, टूरिज्म मैनेजमेंट, इको-टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म, ट्रैवल मैनेजमेंट एवं हॉस्पिटैलिटी जैसे विषयों में उच्च स्तरीय शिक्षा और प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि पतरातू में ऐसा संस्थान स्थापित होने से न केवल क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल विकास का अवसर मिलेगा, बल्कि झारखंड के पर्यटन उद्योग को भी नई दिशा और गति मिलेगी। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा पतरातू को एक महत्वपूर्ण पर्यटन एवं पर्यटन-शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी। विधायक चौधरी की मांग पर पर्यटन निदेशक ने सकारात्मक रुख व्यक्त करते हुए इस दिशा में आवश्यक पहल का भरोसा दिया। रौशन लाल चौधरी ने कहा कि पतरातू में पर्यटन प्रबंधन संस्थान की स्थापना क्षेत्र के युवाओं के भविष्य और झारखंड के पर्यटन विकास दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा ।

## नव युवक कांवड़िया संघ बरतुआ का जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**'बोल–बम' और 'हर–हर महादेव' के जय कारे के साथ देवघर जाएंगे बरतुआ के शिवभक्त**



**पतरातू:** सावन के पवित्र मास के अवसर पर नव युवक कांवड़िया संघ बरतुआ के तत्वावधान में श्रद्धालुओं का एक दल विश्व प्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिंग बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर की पवित्र यात्रा के लिए रवाना हुआ। प्रेस को जानकारी देते हुए संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम बरतुआ से नवयुवकों एवं श्रद्धालुओं का जत्था सुल्तानगंज से उत्तरवाहिनी गंगाजल भरकर 105 किलोमीटर की पैदल कांवड़ यात्रा करते हुए बाबा बैद्यनाथ को जलार्पण करने जाएगा। यात्रा का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की सुख, शांति, समृद्धि एवं जन-कल्याण की कामना करना है। कांवरिया संघ के नरेश कुमार सुमिल कुमार अजीत कुमार कृष्ण कुमार गज्जू कुमार राजू कुमार बबन मुंडा कामेश्वर कुमार राज कुमार सनोज कुमार आकाश कुमार अमन कुमार निर्मल कुमार दिलीप कुमार हीरालाल बिट्टू विकास कुमार विक्रम कुमार कमलेश कुमार महतो प्रदीप कुमार बिरजू महतो साथ हि हर साल की तरह इस साल भी डी के एलेक्ट्रिशन एवं मदन कुमार महतो जो ग्राम बरतुआ के निवासी हैं इनके द्वारा कांवरियों के लिए पेयजल का पूरा सहयोग किया गया।

## युवा आजसू अधिवेशन को लेकर सैकड़ों कार्यकर्ता जमशेदपुर रवाना

**रामगढ़/गोला।** युवा आजसू अधिवेशन को लेकर आज रामगढ़ जिला से युवा आजसू के सैकड़ों कार्यकर्ता जमशेदपुर के लिए रवाना हुए। रामगढ़ जिला प्रभारी पियूष चौधरी जी के निर्देश पर कार्यकताओं में अधिवेशन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।इस अवसर पर युवा आजसू जिला प्रभारी विशु रजवार ने कहा कि युवा आजसू अधिवेशन युवाओं को संगठन से जोड़ने, उनकी समस्याओं को मजबूती से उठाने तथा झारखंड के विकास में युवाओं की भूमिका को और मजबूत करने का महत्वपूर्ण मंच है। रामगढ़ जिले से बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी संगठन के प्रति कार्यकताओं के उत्साह और समर्पण को दशार्ती है।जमशेदपुर रवाना होने वाले प्रमुख कार्यकताओं में अजय कुमार महतो, अरुण दांगी, रुपेश महतो, राजेश, रितेश महतो, छोटेलाल प्रसाद, सूरज सिंह, प्रफुल्ल पटेल, कुमार महेंद्र महतो, अक्षय कुमार महतो, विनय नायक, विक्की कुशवाहा, प्रीत कुमार, बिक्की सोनकर, अमर नायक, मुकेश रजक, दीपक महथा, लाली करमाली, सूरज कुमार महतो, केवल कुमार, शत्रुघ्न महतो, गणेश, लालू महतो, मंतोष महतो, धर्मवीर महतो, दिवाकर चौधरी, अखिलेश महतो, प्रेम महतो सहित सैकड़ों युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चेहल्लुम के मौके पर नवाडीह कब्रिस्तान की हुई सफाई



**लोहरदगाः** जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नवाडीह बस्ती स्थित कब्रिस्तान में मुहर्रम के चालीसवें (चेहल्लुम) के अवसर पर साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान कब्रिस्तान परिसर की सफाई कर उसे स्वच्छ बनाया गया तथा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक और धार्मिक जिम्मेदारी के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला कदम बताया।कार्यक्रम में समाजसेवी हन्नान अंसारी ने कहा कि हर मोमिन को नेक कामों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई और पौधारोपण जैसे कार्य समाज को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणादायक हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि पर्यावरण संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करें। इस अभियान में हन्नान अंसारी, हमीद हसन, रेयाजुल हसन, अमाल अंसारी, मुजीबुल अंसारी, ताजुद्दीन अंसारी, आजाद अंसारी, सनीफ अंसारी, कारी रजाउल मुस्तफा, कामिल अंसारी, नसीम अंसारी, सकीम अंसारी, अफरोज अंसारी, अबेदुल अंसारी सहित कई अन्य ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने सामूहिक रूप से कब्रिस्तान परिसर की सफाई की और पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे सामाजिक एवं धार्मिक अवसरों पर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि समाज में सेवा, स्वच्छता और हरियाली के प्रति जागरूकता बढ़े।

अधिकारियों ने किया निरीक्षण

# मतदाता सूची के प्रारूप का हुआ प्रकाशन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




**लोहरदगाः** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशार्नुसार संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत बुधवार को 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के प्रारूप (ड्राफ्ट) का प्रकाशन किया गया। इसके साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर एएसडीडी (ASDD) सूची भी प्रदर्शित की गई, ताकि मतदाता अपने तथा अपने परिवार के सदस्यों के नामों का सत्यापन कर सकें। सुबह 11 बजे विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर प्रारूप मतदाता सूची प्रदर्शित की गई। इसके अलावा सूची की प्रतियां निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों (एईआरओ) के कार्यालयों के सूचना पट्टों पर भी उपलब्ध कराई गईं, जहां बड़ी संख्या में मतदाताओं ने पहुंचकर अपने नामों का मिलान किया।

उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी संदीप कुमार मीना के निर्देश पर जिले के अधिकारियों ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर प्रारूप प्रकाशन की व्यवस्था का निरीक्षण किया। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार ने भंडरा प्रखंड स्थित एईआरओ कार्यालय तथा लोहरदगा शहरी क्षेत्र के तीन मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अमित कुमार ने भी विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची एवं एएसडीडी सूची की प्रतियां सभी बीएलओ के पास भी उपलब्ध हैं। यदि कोई मतदाता मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच सकता है, तो वह अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क कर सूची में अपना और अपने परिवार के सदस्यों का नाम देख सकता है। उन्होंने बताया कि मतदाता मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड की आधिकारिक वेबसाइट https://ceo.jharkhand.gov.in / अथवा लोहरदगा जिला प्रशासन की वेबसाइट "ttps://lohardaga.nic.in/ पर भी जिला, विधानसभा क्षेत्र एवं पार्ट नंबर दर्ज कर प्रारूप मतदाता सूची और एएसडीडी सूची का अवलोकन कर सकते हैं। उपायुक्त ने सभी मतदाताओं से अपील की कि वे प्रारूप मतदाता सूची में अपना एवं अपने परिवार के सदस्यों का नाम अवश्य जांच लें। यदि नाम जोड़ने, संशोधन, विलोपन या किसी अन्य प्रकार की त्रुटि हो तो निर्धारित अवधि के भीतर संबंधित प्रपत्र के माध्यम से दावा एवं आपत्ति दर्ज कराएं, ताकि अंतिम मतदाता सूची अधिक से अधिक शुद्ध एवं अद्यतन बनाई जा सके।

## जिले में चला ड्रिंक एंड ड्राइव एवं वाहन जांच अभियान



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

100 वाहनों की हुई जांच

लोहरदगाः सड़क सुरक्षा को ले जिले के कचहरी मोड़ एवं शंख मोड़ पर जिला परिवहन पदाधिकारी जया शंखी मुर्मू के नेतृत्व में सघन ड्रिंक एंड ड्राइव एवं वाहन जांच अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान करीब 100 वाहनों की जांच की गई, जिनमें दोपहिया, चारपहिया तथा बड़े वाणिज्यिक वाहन शामिल थे। वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से शराब सेवन की जांच की गई। वहीं बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने और बिना सीट बेल्ट लगाए चारपहिया वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान की कार्रवाई की गई।जांच के साथ-साथ वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदारीपूर्वक वाहन चलाने के लिए जागरूक भी किया गया।अभियान में जिला परिवहन कार्यालय एवं रोड सेफ्टी टीम, लोहरदगा के सदस्य भी मौजूद रहे।जिला परिवहन पदाधिकारी जया शंखी मुर्मू ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में इस प्रकार के सघन जांच अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे।

# रांची के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में नए छात्रों का भव्य स्वागत, शिक्षा, अनुशासन और रोजगार पर जोर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में संचालित संताली, मुंडारी, खड़िया, हो, कुड़ुख, कुड़मालि, पंचपरगनिया, नागपुरी और खोरठा विभागों में स्नातक सत्र 2026-2030 में नव नामांकित छात्र-छात्राओं का सामूहिक स्वागत समारोह विश्वविद्यालय परिसर स्थित टीआरएल सभागार में आयोजित किया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों, शोधार्थियों और पूर्व छात्रों ने भाग लिया. समारोह का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करने के साथ-साथ उन्हें विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परंपराओं, अनुशासन और इन भाषाओं के महत्व से परिचित कराना था.

### डॉ हरि उरांव ने छात्रों को दिया प्रेरणादायी संदेश

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुड़ुख विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. हरि उरांव ने सभी नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए उन्हें अनुशासन, समर्पण और निरंतर अध्ययन का महत्व बताया. उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्राप्त करने का स्थान नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने का केंद्र भी है. इसलिए विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ विश्वविद्यालय के अनुशासन और मूल्यों का भी पूरी निष्ठा से पालन करना चाहिए. उन्होंने कहा कि झारखंड की जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाएं केवल सांस्कृतिक विरासत नहीं हैं, बल्कि इनका राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी महत्व लगातार बढ़ रहा है. इन विषयों में भी अन्य पारंपरिक विषयों की तरह रोजगार और शोध के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं. यदि छात्र मेहनत, लगन और ईमानदारी से अध्ययन करेंगे तो वे अपने जीवन में निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करेंगे.

### नौ विभाग झारखंडी संस्कृति का संगम

कार्यक्रम में स्वागत भाषण देते हुए नौ विभागों के समन्वयक डॉ. विनोद कुमार ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि इन भाषाओं का अध्ययन करना केवल एक विषय चुनना नहीं, बल्कि झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को समझने और उसे आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी भी है. उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के ये नौ विभाग झारखंड की विविध भाषाओं, लोक परंपराओं, गीत-संगीत, लोककला और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत संगम हैं. यहां विभिन्न समुदायों की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता एक साथ देखने और सीखने का अवसर मिलता है. उन्होंने विद्यार्थियों से इन विषयों को अपना करियर बनाने और समाज के विकास में योगदान देने का आह्वान किया.

### परछन की पारंपरिक रस्म से हुआ विद्यार्थियों का स्वागत

कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार अतिथियों एवं नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के परछन के साथ की गई. इस दौरान सभागार में झारखंड की लोक संस्कृति और परंपराओं की झलक देखने को मिली. स्वागत समारोह ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को अपनेपन का एहसास कराया और उन्हें विश्वविद्यालय परिवार का हिस्सा बनने का अवसर प्रदान किया. समारोह के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न विभागों की शैक्षणिक गतिविधियों, शोध कार्यों, सांस्कृतिक आयोजनों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी भी दी गई. शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नियमित कक्षाओं में भाग लेने, शोध एवं साहित्यिक गतिविधियों में सक्रिय रहने तथा अपनी मातृभाषाओं के संरक्षण और संवर्धन में योगदान देने के लिए प्रेरित किया.

# रांची में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** राजधानी रांची में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली थाना पुलिस को एक और सफलता मिली है. गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नागाबाबा खटाल के समीप फ्लाईओवर के नीचे ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. दोनों के पास से कुल 8.4 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किए गए हैं.

### गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई

रांची पुलिस के तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार एसएसपी को सूचना मिली थी कि कोतवाली थाना क्षेत्र के नागाबाबा खटाल स्थित फ्लाईओवर के नीचे अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की जा रही है. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम गठित की गई. पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो पुलिस को देखते ही दो व्यक्ति भागने लगे. जवानों ने पीछा कर दोनों को पकड़ लिया. तलाशी के दौरान दोनों के पास से ब्राउन शुगर बरामद किया गया. इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार आरोपियों में रंजीत कुमार वर्मा और कृष्णा कुमार वर्मा शामिल हैं. जांच के दौरान रंजीत कुमार वर्मा के पास से3.9 ग्राम ब्राउन शुगर और कृष्णा कुमार वर्मा के पास से 4.5 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है.

### हजारीबाग से लाया गया था ब्राउन शुगर

प्रारंभिक पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि बरामद पदार्थ ब्राउन शुगर है. उन्होंने पुलिस को बताया कि वे हजारीबाग से ब्राउन शुगर खरीदकर रांची लाते थे और शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के नागाबाबा खटाल इलाके में घूम-घूमकर इसकी बिक्री करते थे. पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और सप्लाई चेन की भी जांच कर रही है.

### एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

इस संबंध में कोतवाली थाना कांड संख्या 165/26, दिनांक 06.08.2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है. गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है.

# 11 अगस्त को नए विधानसभा के समक्ष वित्त रहित शिक्षण संस्थानों का महाधरना



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बुंडू।** झारखंड राज्य वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक बुंडू में महासचिव रघुनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 11 अगस्त को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक नए विधानसभा भवन के समक्ष एक दिवसीय महाधरना आयोजित किया जाएगा। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेगा। महाधरना में 75 प्रतिशत अनुदान, राज्य कर्मी का दर्जा, सेवा शर्त नियमावली, खअउ में व्याप्त अनियमितताओं पर रोक, इंटर कॉलेजों व उच्च विद्यालयों के साथ भेदभाव समाप्त करने तथा 158 मान्यता प्राप्त विद्यालयों के नियमितीकरण सहित विभिन्न मांगें उठाई जाएंगी। बैठक में पांचपरगना इकाई ने अधिक से अधिक शिक्षक, कर्मचारी व संस्था प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया। महासचिव रघुनाथ सिंह ने बताया कि विभागीय बैठक विधानसभा सत्र के कारण स्थगित हुई है, जिसके 12 या 13 अगस्त को होने की संभावना है। बैठक में चंद्रदेव पाठक, अली अराफात, डी.एन. सिंह, श्वेता सिंह, मनीष कुमार , पिंटू मोदक सहित कई शिक्षाविद मौजूद थे।

# राहुल क्रांति की तबीयत बिगड़ने पर सदर अस्पताल में भर्ती, एसडीएम-एडीएम ने धरनास्थल का लिया जायजा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** जेपीएससी-जेएसएससी रिफॉर्म की मांग को लेकर जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में चल रहे छात्र आंदोलन के बीच शुक्रवार को एसडीएम कुमार रजत और एडीएम आंदोलन स्थल पहुंचे. अधिकारियों ने स्टेडियम परिसर में आंदोलनकारी छात्रों के लिए स्वास्थ्य, सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया. इसके बाद उन्होंने आंदोलनरत छात्रों और छात्र प्रतिनिधियों से मुलाकात कर स्थिति की जानकारी ली. अधिकारियों के स्टेडियम पहुंचने के बाद छात्रों के बीच सरकार के साथ बातचीत को लेकर एक बार फिर उम्मीद जगी है. छात्र प्रतिनिधियों ने अधिकारियों के सामने अपनी मांगों और आंदोलन से जुड़ी स्थिति को रखा. वहीं, अधिकारियों ने भी आंदोलन स्थल की व्यवस्थाओं और छात्रों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली.

सरकार और छात्रों के बीच बातचीत के सवाल पर एसडीएम कुमार रजत ने कहा कि फिलहाल सरकार की ओर से उन्हें बातचीत को लेकर कोई निर्देश नहीं मिला है. हालांकि, उन्होंने आज बातचीत की संभावना से इनकार भी नहीं किया. उन्होंने कहा कि सकारात्मक रहने की जरूरत है और सरकार की ओर से निर्देश मिलने के बाद आगे की स्थिति स्पष्ट होगी. फिलहाल सरकार की ओर से बातचीत को लेकर कोई निर्देश नहीं मिला है. लेकिन आज बातचीत की संभावना हो सकती है. सकारात्मक रहने की जरूरत है. बातचीत कहां और कब होगी, इसको लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है. सरकार की ओर से निर्देश मिलने के बाद आगे की प्रक्रिया स्पष्ट होगी. इधर, राहुल क्रांति की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इस संबंध में एसडीएम ने बताया कि फिलहाल उनकी तबीयत ठीक है. अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है और डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है. अधिकारियों ने उनसे मुलाकात कर स्वास्थ्य की जानकारी ली है.

एसडीएम और एडीएम के दौरे के दौरान आंदोलन स्थल पर मौजूद छात्र प्रतिनिधियों ने भी अधिकारियों से बातचीत की. छात्रों की ओर से लगातार मांग की जा रही है कि सरकार उनके मुद्दों पर गंभीरता से पहल करे और उनकी मांगों के समाधान के लिए स्पष्ट बातचीत की जाए. फिलहाल, अधिकारियों के दौरे को सरकार और आंदोलनकारी छात्रों के बीच संभावित वार्ता की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है. हालांकि, बातचीत की तारीख, समय और स्थान को लेकर अभी आधिकारिक तौर पर कोई निर्णय सामने नहीं आया है.

# सीएम को ब्रह्माकुमारी बहनों ने बांधी राखी, दिया पवित्रता, प्रेम एवं सद्भावना का संदेश



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की निदेशक ब्रह्माकुमारी निर्मला जी, सहयोगी इंदु साबू, प्रदीप कुमार एवं सुनैना कुमारी ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी निर्मला जी ने मुख्यमंत्री को रक्षासूत्र (राखी) बांधकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सावन मास एवं रक्षाबंधन के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए पवित्रता, प्रेम, भाईचारे, सद्भावना एवं मानवीय मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। साथ ही राज्य की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने ब्रह्माकुमारी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए शुभकामनाओं के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने समाज में नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों के संवर्धन तथा सकारात्मक जीवन मूल्यों के प्रसार हेतु ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

# विधानसभा मार्च पर मौसम डाल सकता है खलल, रांची समेत कई जिलों में भारी बारिश के आसार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड में मानसून पूरी तरह सक्रिय बना हुआ है. शुक्रवार से अगले तीन दिनों तक आसमान में बादल छाए रहेंगे और कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होगी. राजधानी रांची में भी इन तीन दिनों के दौरान बारिश की संभावना बनी रहेगी. 7 अगस्त को रांची समेत मध्य झारखंड के इलाकों में कहीं-कहीं भारी बारिश हुई. ऐसे में शहर में जलजमाव और ट्रैफिक प्रभावित होने की आशंका है.

### सरकार-छात्र वार्ता पर भी टिकी निगाहें

छात्र आंदोलन के बीच 6 अगस्त को सरकार की ओर से गठित कमेटी और छात्रों के प्रतिनिधिमंडल के बीच प्रस्तावित बातचीत नहीं हो सकी. देर शाम तक स्टेट गेस्ट हाउस में बातचीत की संभावना पर चर्चा होती रही, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकल पाया. अब आज यानी 7 अगस्त को वार्ता होने की पूरी संभावना जताई जा रही है. ऐसे में एक ओर विधानसभा मार्च और दूसरी ओर संभावित वार्ता, दोनों पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं.

### पूरे राज्य में बारिश का सिलसिला जारी

8 अगस्त को भी मौसम में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा. राज्य के अनेक हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और मेघ गर्जन की संभावना बनी रहेगी. रांची सहित मध्य, दक्षिणी और उत्तर-पूर्वी झारखंड के अधिकांश जिलों में बादल छाए रहेंगे. मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले मैदान, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी है.

### बारिश रहेगी, लेकिन भारी वर्षा की चेतावनी नहीं

9 अगस्त को भी झारखंड में मानसून सक्रिय रहेगा. राज्य के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और मेघ गर्जन की संभावना है. हालांकि इस दिन भारी बारिश की कोई विशेष चेतावनी नहीं है. फिर भी राज्य के अलग-अलग हिस्सों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है और वज्रपात की आशंका बनी रहेगी. रांची में भी बीच-बीच में बारिश का सिलसिला जारी रहने का अनुमान है.

# तमाड़ इंटर महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव संपन्न, वैभव स्वांसी बने अध्यक्ष और सुदेशना कुमारी सचिव




झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**तमाड़।** तमाड़ इंटर महाविद्यालय, सलगाड़ीह में छात्र संघ का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव में वैभव स्वांसी को छात्र संघ का अध्यक्ष एवं सुदेशना कुमारी को सचिव चुना गया। इसके अलावा छात्र संघ की कार्यकारिणी समिति का भी गठन किया गया। कार्यकारिणी समिति में पंकज मुंडा, रोशनी कुमारी, सुनोका कुमारी, संगीता कुमारी, अमर प्रमाणिक, मनोज मुंडा और मोनिका कुमारी को शामिल किया गया। चुनाव की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य श्री कृष्णा सिंह मुंडा ने की, जबकि संचालन रणजीत कुमार मोदक ने किया। इस अवसर पर प्रो. घनश्याम महतो, प्रो. रमाकांत महतो, प्रो. गोविंद चंद्र महतो, डॉ. वंदना बनर्जी, प्रो. सुमित्रा मुंडा, प्रो. शर्मिला कुमारी एवं प्रो. राजकुमार मांझी सहित महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। वहीं, 12वीं वर्ग के अध्यक्ष के रूप में सुरजू मुंडा एवं सचिव के रूप में सुषमा कुमारी का चयन किया गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सभी ने नवनिर्वाचित छात्र संघ के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

# संदेह के घेरे में 63 लाख से अधिक मतदाता, चुनाव आयोग नोटिस भेजकर मांगेगा जवाब

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**वर्तमान मतदाता सूची के ड्राफ्ट पब्लिकेशन में**

- मतदाताओं की कुल संख्या- 2,21,01,249.
- विभिन्न कैटेगरी के मतदाता जिन्हें निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी स्तर से नोटिस भेजे जाएंगे- 63,24,116.
- नो मैपिंग वाले वोटर के सत्यापन के लिए- 14,03,205.
- डेमोग्राफिकल सीमिलर इंट्री (डीएसई) के आधार पर सत्यापन के लिए मतदाताओं की कुल संख्या- 3,65,68.
- तार्किक विसंगति के आधार पर सत्यापन के लिए मतदाताओं की संख्या- 45,55,227.

**रांची।** झारखंड में मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान करीब 63 लाख से अधिक मतदाताओं को नोटिस भेजकर चुनाव आयोग जवाब तलब करने जा रहा है. ये वैसे मतदाता हैं जो या तो नो मैपिंग श्रेणी में हैं या जिनका डेमोग्राफिकल सीमिलर इंट्री है. सबसे ज्यादा तार्किक विसंगति श्रेणी के वोटर है जिनकी संख्या 45,55,227 है. संदेह के घेरे में आए इन मतदाताओं में वैसे वोटर हैं जिनका नाम पिछले एसआईआर से यदि मैच करता है मगर नाम या माता-पिता के नाम में अशुद्धि या जन्म तिथि या एक से अधिक जगहों पर वोटर लिस्ट में नाम है तो उन्हें नोटिस का सामना करना पड़ेगा.

इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने गुरुवार को निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची के बाद संचालित दावा-आपत्ति प्रक्रिया की विस्तृत समीक्षा की. बैठक में दावा-आपत्ति के ससमय निर्धारण एवं जल्द से जल्द निष्पादन पर जोर दिया गया. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में दावा-आपत्ति मामलों की संख्या अधिक है, वहां अतिरिक्त सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारियों की नियुक्ति के लिए जिलों में उपलब्ध सक्षम पदाधिकारियों की सूची तत्काल मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए, ताकि दावा-आपत्ति की प्रक्रिया ससमय प्रभावी ढंग से पूर्ण की जा सके. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के अनुसार ड्राफ्ट मतदाता सूची में नो-मैप अथवा तार्किक विसंगति की श्रेणी में आने वाले प्रत्येक मतदाता की ईआरओ स्तर पर सुनवाई होगी.

# भारत सरकार ने रांची में एलीमको के पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय का किया शुभारंभ, पूर्वी भारत में समावेशी सेवा वितरण होगा सशक्त

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों तक सहायक उपकरणों एवं पुनर्वास सेवाओं की पहुँच को और अधिक सुदृढ़, त्वरित एवं प्रभावी बनाने की दिशा में भारत सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक उपक्रम आर्टिफिशियल लिम्ब्स मैन्युफैक्चरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय का शुभारंभ रांची के हिनू में किया। यह कार्यालय पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित 13 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को सेवाएँ प्रदान करेगा तथा लगभग रु 277 करोड़ के अनुमानित सेवा दायरे के अंतर्गत लगभग 2.50 लाख दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों तक उच्च गुणवत्ता वाले सहायक उपकरणों एवं पुनर्वास सेवाओं की त्वरित, सुलभ एवं प्रभावी पहुँच सुनिश्चित करेगा। यह पहल न केवल लाभार्थियों तक सेवाओं की पहुँच को और अधिक सशक्त बनाएगी, बल्कि सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, हितधारकों के साथ बेहतर समन्वय तथा अंतिम छोर तक सेवा वितरण को भी नई गति प्रदान करेगी। इस अवसर पर ALIMCO के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रवीण कुमार ने कहा कि पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना ALIMCO के विकेन्द्रीकृत एवं सशक्त सेवा वितरण मॉडल की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय कार्यालयों को अधिक अधिकार और जिम्मेदारियाँ प्रदान कर निर्णय प्रक्रिया को तेज बनाया जा रहा है, जिससे लाभार्थियों तक सेवाएँ समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पहुँच सकें।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में देशभर में 107 प्रधानमंत्री दिव्याशा केन्द्र संचालित हो रहे हैं, जिनके माध्यम से अब तक तीन लाख से अधिक लाभार्थियों को लगभग रु 500 करोड़ मूल्य के सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा चुके हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में प्रत्येक जिले तक PMDVK की पहुँच सुनिश्चित कर सेवा वितरण को और अधिक व्यापक बनाया जाएगा। प्रवीण कुमार ने कहा कि ALIMCO लगातार अनुसंधान, नवाचार और गुणवत्ता सुधार पर कार्य कर रहा है। उन्होंने निगम द्वारा विकसित नई इलेक्ट्रिक मोबिलिटी स्कूटी सहित अन्य आधुनिक सहायक तकनीकों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनका उद्देश्य दिव्यांगजनों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं गरिमापूर्ण गतिशीलता प्रदान करना है। उन्होंने केंद्रीय बजट में घोषित असिस्टिव टेक्नोलॉजी मार्ट की अवधारणा का भी उल्लेख किया, जहाँ विभिन्न प्रकार के सहायक तकनीकी उत्पाद एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगे, जिससे लोगों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद आसानी से प्राप्त हो सकेंगे।

# बुण्डू नगर व ग्रामीण भाजपा मंडल की मासिक कार्यसमिति बैठक संपन्न, बूथ सशक्तीकरण पर जोर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बुण्डू।** शुक्रवार को बुण्डू नगर एवं बुण्डू ग्रामीण भाजपा मंडल की मासिक कार्यसमिति बैठक अलग-अलग स्थानों पर आयोजित की गई। बुण्डू नगर मंडल की बैठक गुरुकुल सभागार में मंडल अध्यक्ष सुबोध मुखर्जी की अध्यक्षता में, जबकि बुण्डू ग्रामीण मंडल की बैठक आदित्य पब्लिक स्कूल सभागार में मंडल अध्यक्ष संजय कुमार महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरूआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष मंडल प्रभारी प्रमोद सिंह, बीएलए-1 लक्ष्मण सिंह मुंडा, जिला मंत्री धीरेन्द्र महतो, प्रज्ञा भारती, रनजित लाहेरी सहित अन्य कार्यकताओं द्वारा अगरबत्ती प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद वंदे मातरम् गीत के साथ बैठक का विधिवत शुभारंभ हुआ। बैठक में मंडल प्रभारी प्रमोद सिंह एवं प्रभारी प्रज्ञा भारती ने संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने शक्ति केंद्र संयोजक, सह-संयोजक एवं प्रभारी नियुक्त करने के साथ ही प्रत्येक बूथ पर 12 सदस्यीय समिति गठित करने का निर्देश दिया। बैठक में आगामी स्वतंत्रता दिवस को लेकर 15 अगस्त से पहले हर घर तिरंगा अभियान चलाने तथा तिरंगा यात्रा निकालने की जानकारी भी कार्यकताओं को दी गई। पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं बीएलए-1 लक्ष्मण सिंह मुंडा तथा जिला मंत्री धीरेन्द्र महतो ने एसआईआर फेज-2 के तहत बीएलए-ओ के साथ समन्वय स्थापित कर नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने में सहयोग करने का आह्वान किया। साथ ही प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री के ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम को सुनने का भी आग्रह किया गया। बैठक में बुण्डू नगर एवं ग्रामीण मंडल के अध्यक्षों के अलावा प्रमोद सिंह, प्रज्ञा भारती, लक्ष्मण सिंह मुंडा, धीरेन्द्र महतो, प्रवीण जायसवाल, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# साहिबगंज सदर अस्पताल की व्यवस्था पर सवाल, महिला डॉक्टर के अभाव में प्रसूता हुई परेशान

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**चार घंटे तक नहीं पहुंचीं महिला चिकित्सक, परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप**

**उपायुक्त के निर्देशों के बावजूद सदर अस्पताल में महिला चिकित्सक की अनुपस्थिति, जांच के आदेश**





**साहिबगंज।** सदर अस्पताल में महिला चिकित्सक की अनुपस्थिति के कारण शुक्रवार तड़के एक गर्भवती महिला को प्रसव के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। समय पर चिकित्सकीय सुविधा नहीं मिलने से परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अंततः महिला को निजी अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। मामले की शिकायत सिविल सर्जन समेत अन्य अधिकारियों से की गई है। मिली जानकारी अनुसार राजमहल निवासी विक्रम प्रताप की पत्नी पूजा कुमारी पाल (24) को प्रसव पीड़ा होने पर राजमहल अनुमंडल अस्पताल से रेफर किया गया था। परिजनों ने उन्हें शुक्रवार सुबह करीब 3:30 बजे सदर अस्पताल में भर्ती कराया। आरोप है कि उस समय अस्पताल में कोई महिला चिकित्सक मौजूद नहीं थीं। महिला के पति विक्रम प्रताप ने बताया कि एएनएम से महिला चिकित्सक के बारे में जानकारी लेने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिला। करीब चार घंटे तक इंतजार करने के बावजूद महिला डॉक्टर अस्पताल नहीं पहुंचीं, जबकि प्रसूता की पीड़ा लगातार बढ़ती जा रही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि इस दौरान अस्पताल के उपाधीक्षक को भी फोन किया गया, लेकिन कॉल का जवाब नहीं मिला। परिजनों के अनुसार स्थिति गंभीर होने पर सुबह करीब आठ बजे वे प्रसूता को निजी अस्पताल ले जाने के लिए मजबूर हो गए। विक्रम प्रताप ने आरोप लगाया कि सदर अस्पताल में 24 घंटे आपातकालीन प्रसूति सेवा उपलब्ध नहीं है और महिला चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति नहीं की जा रही है। उन्होंने इस मामले की शिकायत सिविल सर्जन, उप विकास आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों से की है। सिविल सर्जन ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**प्रशासनिक निर्देशों के पालन पर उठे सवाल**

गौरतलब है कि उपायुक्त ने पूर्व में सदर अस्पताल में महिला चिकित्सकों की ऑन-कॉल ड्यूटी व्यवस्था समाप्त कर नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था। ऐसे में ताजा घटना के बाद अस्पताल की व्यवस्था और निर्देशों के अनुपालन पर भी सवाल उठने लगे हैं।

## बहुजन समाज पार्टी को मजबूत करने का संकल्प, जिलाध्यक्ष बनने पर पप्पू रविदास का सम्मान समारोह आयोजित



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**साहिबगंज।** बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार ने पत्र जारी करके महादेवगंज जयंतीग्राम निवासी पप्पू रविदास को साहिबगंज जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। वही जिलाध्यक्ष बनने के बाद जयंतीग्राम पहुंचने पर जिलाध्यक्ष का स्थानीय लोगों व कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। वही जयंतीग्राम में स्वागत सम्मानित कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पार्टी अधिकारी व कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर बुके व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वही बसपा जिलाध्यक्ष पप्पू रविदास ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने जो हमपर भरोसा दिखाया है उसपर खरा उतरूंगा, बहन मायावती की बसपा पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। सदस्यता अभियान चलाएंगे, सबके साथ मिलकर पार्टी को जिला में मजबूत करेंगे। मौके पर भूतपूर्व सैनिक भीमनारायण यादव, बसपा अधिकारी चंद्रशेखर आजाद, दुर्गा रविदास, सुनील मंडल, राजेंद्र रविदास, लुचाई रविदास, विशन रविदास, जीच्छु रविदास, मनोज पासवान, गणेश रविदास, संध्या, मुन्नी कुमारी, शांति देवी, बबीता देवी, सुशीला देवी, फूल कुमारी साव सहित सैकड़ो कार्यकर्ता व स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में '10 करोड़ नशा मुक्त प्रतिज्ञा महाअभियान', विद्यार्थियों ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज।** विद्या भारती विद्यालय, जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, साहिबगंज के वंदना कक्ष में ब्रह्मा कुमारीज संस्था के द्वारा ₹दस करोड़ नशा मुक्त प्रतिज्ञा महाअभियान₹ का आयोजन किया गया। प्रतिज्ञा महाअभियान का शुभारंभ ब्रह्मा कुमारीज संस्था की ब्रह्म कुमारी बहनें बरखा, आराधना, बिंदु एवं विद्यालय की वरिष्ठ आचार्या किरण कुमारी गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती माता, ओंकार एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर की गई। दीप प्रज्वलन के पश्चात विद्यालय के सभी भैया/बहन एवं आचार्य/दीदी ने एक स्वर में नशा मुक्त रहने एवं समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया। ब्रह्मा कुमारीज की बहनों ने इस अवसर पर नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को आध्यात्मिक शक्ति, सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर नशे से दूर रहने का आह्वान किया।विद्यालय की वरिष्ठ आचार्या किरण कुमारी गुप्ता ने कहा कि इस तरह के अभियान से बच्चों में जागरूकता आती है और वे समाज में नशा मुक्ति के संदेशवाहक बनते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। पूरे कार्यक्रम का संचालन अनुशासन एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

## राजमहल अनुमंडल अस्पताल में फाइलेरिया प्रभावित दिव्यांगजनों को मिली ट्राइसाइकिल, आत्मनिर्भर जीवन की ओर बढ़ा अहम कदम

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**राजमहल/साहिबगंज।** राजमहल अनुमंडल अस्पताल में शुक्रवार को फाइलेरिया (हाथीपांव) से प्रभावित दिव्यांगजनों के बीच ट्राइसाइकिल का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य चलने-फिरने में कठिनाई झेल रहे लाभार्थियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराते हुए उन्हें आत्मनिर्भर एवं सम्मानजनक जीवन जीने में सहयोग देना है।

कार्यक्रम में राजमहल विधायक प्रतिनिधि ने लाभार्थियों को ट्राइसाइकिल प्रदान की। इस दौरान राजमहल सीएचसी के उपाधीक्षक डॉ. उदय टुडू, बीपीएम अमित कुमार, केटीएस डेनियल किस्कू, मनीष, पिरामल फाउंडेशन के सीनियर प्रोग्राम लीड श्रवण कुमार झा, प्रोग्राम मैनेजर ऐमन दास, प्रोग्राम ऑफिसर श्रीकांत पंडित सहित स्वास्थ्य विभाग एवं पिरामल फाउंडेशन के अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे। मौके पर अधिकारियों ने कहा कि फाइलेरिया केवल एक बीमारी नहीं, बल्कि समय पर उपचार नहीं मिलने पर यह व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है। इसलिए समय पर जांच, उपचार और जनजागरूकता बेहद आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान लोगों को फाइलेरिया उन्मूलन के प्रति जागरूक करते हुए सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) अभियान में सभी पात्र लोगों से स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जाने वाली फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करने की अपील की गई। साथ ही घर एवं आसपास साफ-सफाई बनाए रखने, जलभराव नहीं होने देने, मच्छरदानी का नियमित उपयोग करने तथा हाथ, पैर या अंडकोष में असामान्य सूजन दिखाई देने पर तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराने की सलाह दी गई।

अंत में उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मियों एवं लोगों ने जनसहभागिता बढ़ाकर फाइलेरिया मुक्त साहिबगंज के निर्माण तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने का संकल्प लिया।

# बरहरवा में करीब 200 अपील मोटेशन लंबित, विधायक ने जल्द समाधान की रखी मांग

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**अपील मोटेशन की तकनीकी समस्या को लेकर मंत्री से मिले विधायक निसात आलम**



**बरहरवा/साहिबगंज।** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक निसात आलम ने शुक्रवार को झारखंड सरकार के राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ से मुलाकात कर बरहरवा अंचल में अपील मोटेशन को लेकर उत्पन्न तकनीकी समस्या की जानकारी दी। विधायक ने बताया कि तकनीकी परेशानी के कारण पिछले करीब तीन माह से बड़ी संख्या में अपील मोटेशन के मामले लंबित हैं, जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विधायक के अनुसार, स्थानीय ग्रामीणों से अपील मोटेशन लंबित रहने की शिकायत मिलने के बाद उन्होंने बरहरवा अंचलाधिकारी एवं संबंधित कर्मचारियों से मामले की जानकारी ली। इस दौरान पता चला कि अंचलाधिकारी के ऑनलाइन लॉगिन में अपील मोटेशन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जारी होने वाले शुद्धि पत्र में क्रेता एवं विक्रेता का विकल्प प्रदर्शित नहीं हो रहा है। इसके कारण जमीन की खरीद-बिक्री से संबंधित पक्षकारों का नाम स्पष्ट रूप से दर्ज नहीं हो पा रहा है। बताया गया कि इस तकनीकी खामी के कारण बरहरवा अंचल में करीब 200 अपील मोटेशन लंबित हैं। हालांकि नियमित मोटेशन की प्रक्रिया जारी है, लेकिन अपील मोटेशन के ऑनलाइन सिस्टम में आ रही समस्या के कारण संबंधित लोगों के मामलों का निष्पादन नहीं हो पा रहा है। इससे जमीन से जुड़े जरूरी कार्यों के लिए लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक निसात आलम ने मंत्री दीपक बिरुआ से तकनीकी समस्या का शीघ्र समाधान कराने का आग्रह किया। विधायक ने बताया कि मंत्री ने मामले पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग के सचिव को समस्या के समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिया है। विधायक निसात आलम ने कहा कि विभागीय स्तर पर समस्या के समाधान के लिए निर्देश दिए जाने के बाद उम्मीद है कि जल्द ही ऑनलाइन तकनीकी खामी दूर कर दी जाएगी और लंबित अपील मोटेशन के मामलों का निष्पादन शुरू होगा। इससे बरहरवा अंचल क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी।

## एसबीआई मुख्य शाखा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, 17 बैंक कर्मियों ने किया रक्तदान

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मुख्य शाखा चौक बाजार में शुक्रवार को स्वेच्छा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान शिविर का विधिवत उद्घाटन शाखा प्रबंधक आलोक रंजन ने रक्तदान करके किया। वही रक्तदान करने के बाद उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। स्टेट बैंक आपका फाइनेंशियल साथी ही नहीं बल्कि हमलोग समाज में ऑपरेट करते है, समाज से हमलोग उपार्जन करते है। उसको हमलोग किसी रूप में लौटाए। सिर्फ फाइनेंस रूप में नहीं बल्कि समाज में हमलोग है, समाज में जो भी आवश्यकताएं है उसमें स्टेट बैंक सदैव हमेशा साथ रहा है, साथी के रूप में कार्य करती है। सदर अपस्ताल से कहा गया था कि स्टेट बैंक में काफी कर्मी है रक्तदान किया जाए। हमलोग सभी स्टेट बैंक कर्मी ने स्वेच्छा से रक्तदान किए है। रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनता है, रक्तदान बढ़ चढ़कर करे ओर लोगों के जीवन बचाने में अपना बहुमूल्य योगदान दे। वही रक्तदान शिविर में बैंक मैनेजर आलोक रंजन, कमलेश यादव, अपूर्वा सिन्हा, अंबुज कुमार, संजीव कुमार, दीपक कुमार राय, कनक कुमारी, गणेश मुर्मू, प्रशांत भारती, सूरज मलिक, खुशी साह, राजेश राम, संजीव कुमार, कमलेश कुमार, अवधेश कुमार झा, पवन चौरसिया, शशि कुमार सहित 17 कर्मियों ने रक्तदान किया। मौके पर उमा अमृता फाउंडेशन संचालक प्रशांत शेखर, पवन गुप्ता, ब्लड बैंक कर्मी मो अजहर, शुभम कुमार, चन्दन चौधरी, सुबोध कुमार हरि, सत्येंद्र कुमार, विजय कुमार सहित बैंक कर्मी उपस्थित थे।

## बाल विकास परियोजना कार्यालय उधवा में नवपदस्थापित सीडीपीओ ने किया पदभार ग्रहण



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**उधवा/साहिबगंज।** बाल विकास परियोजना कार्यालय उधवा में गुरुवार को नवपदस्थापित सीडीपीओ भारती ने पदभार ग्रहण कर लिया है। इस दौरान बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ जयंत कुमार तिवारी से उन्होंने पदभार ग्रहण किया। नवपदस्थापित सीडीपीओ ने भारती ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही मेरी प्राथमिकता होगी। कोई भी लाभुक सरकारी सुविधा से वंचित नहीं रहें। यह सुनिश्चित किया जाएगा। मौके पर प्रभारी प्रखंड राज पदाधिकारी संतोष कुमार सुमन, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक हारून रशीद,प्रधान सहायक अरुण कुमार गुप्ता,अंचल लिपिक मो. सेराजुल हक, जनसेवक अब्दुस सलाम, चौकीदार मम्पी कुमारी,पूजा कुमारी ,सौरभ घोष सहित अन्य मौजूद थे।

# गुमानी स्टेशन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग तेज, रेलवे को सौंपा गया ज्ञापन; आंदोलन की चेतावनी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहरवा/साहिबगंज** गुमानी रेलवे स्टेशन पर मालदाझहावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस के स्थायी ठहराव की वर्षों पुरानी मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। इस संबंध में नवझारखंड जनएकता संगठन ने मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम), हावड़ा मंडल को ज्ञापन सौंपकर जनहित में शीघ्र निर्णय लेने की मांग की है। संगठन के अध्यक्ष फारोग अहसान की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि गुमानी एवं आसपास का क्षेत्र घनी आबादी वाला है, जहां हजारों छात्र-छात्राएं, व्यापारी, किसान, मरीज और नौकरीपेशा लोग प्रतिदिन रेल सेवा पर निर्भर रहते हैं। इसके बावजूद मालदाझहावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस का गुमानी स्टेशन पर ठहराव नहीं होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि यह कोई नई मांग नहीं है। इससे पहले भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों तथा ग्रामीणों द्वारा कई बार रेलवे प्रशासन को ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। वर्ष 2023झ24 में भी इस मांग को लेकर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन और लोकतांत्रिक आंदोलन किए गए थे, लेकिन अब तक रेलवे प्रशासन की ओर से कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया। संगठन का कहना है कि गुमानी स्टेशन का महत्व लगातार बढ़ रहा है। यह स्टेशन साहिबगंज और पाकुड़ जिले के हजारों यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करता है। शिक्षा, चिकित्सा, व्यवसाय और रोजगार के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग मालदा और हावड़ा की यात्रा करते हैं। ऐसे में इंटरसिटी एक्सप्रेस का यहां ठहराव न होना आम यात्रियों के लिए गंभीर असुविधा का कारण बना हुआ है। ज्ञापन के माध्यम से रेलवे प्रशासन से मांग की गई है कि जनहित और जनसुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मालदाझहावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस का गुमानी स्टेशन पर स्थायी ठहराव जल्द सुनिश्चित किया जाए। संगठन ने चेतावनी भी दी है कि यदि लंबे समय से लंबित इस मांग की फिर अनदेखी की गई तो क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर चरणबद्ध जनआंदोलन शुरू किया जाएगा। इसके तहत लोकतांत्रिक तरीके से धरना-प्रदर्शन, रेल रोको और आवश्यकता पड़ने पर रेल चक्का जाम जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जा सकते हैं, जिसकी पूरी जिम्मेदारी रेलवे प्रशासन की होगी।

## हावड़ा-गया एक्सप्रेस से 40 बीयर कैन बरामद, आरपीएफ की कार्रवाई

**बरहरवा/साहिबगंज।** गुप्त सूचना के आधार पर आरपीएफ बरहरवा की टीम ने शुक्रवार को ट्रेन संख्या 13023 हावड़ाझगया एक्सप्रेस में विशेष तलाशी अभियान चलाकर 40 बीयर कैन बरामद किए। बरामद बीयर की अनुमानित कीमत करीब छह हजार रुपये बताई गई है। आरपीएफ इंस्पेक्टर बरहरवा संजीव कुमार के नेतृत्व में एएसआई सुरेश पासवान, कांस्टेबल अनिल कुमार साह एवं कांस्टेबल रमेश यादव की टीम ने बरहरवा रेलवे स्टेशन पर अभियान शुरू किया। ट्रेन के बरहरवा स्टेशन पहुंचने के बाद ट्रेन एस्कॉर्ट पार्टी के एएसआई प्रसेनजीत दास (साहिबगंज) एवं कांस्टेबल प्रवीण कुमार राय के साथ बरहरवा से तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन के बीच स्लीपर कोच एस-2 एवं एस-3 की संयुक्त जांच की गई। तलाशी के दौरान स्लीपर कोच एस-3 के शौचालय की छत के ऊपर लगे प्लाईवुड पैनल को स्क्रूड्राइवर की मदद से खोला गया। इसके अंदर बनाए गए गुप्त स्थान से 500 मिलीलीटर के 40 बडवाइजर मैग्नम बीयर कैन बरामद हुए। बरामद बीयर कैनों को तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन पर उतारकर स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में विधिवत जब्ती सूची तैयार कर जब्त किया गया। इसके बाद बरामद सामग्री को सुरक्षित रूप से सड़क मार्ग से आरपीएफ पोस्ट बरहरवा लाया गया। आरपीएफ द्वारा मामले की सूचना तत्काल साहिबगंज उत्पाद विभाग को दी गई। बरामद बीयर को झारखंड उत्पाद अधिनियम एवं अन्य लागू कानूनी प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को सुपुर्द किया जा रहा है।

## आदिवासी दिवस की तैयारियों में जुटा झामुमो, बरहेट में हुई समीक्षा बैठक

**साहिबगंज।** झामुमो प्रखंड कार्यालय बरहेट में प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख बर्नार्ड मरांडी के अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 9अगस्त को आदिवासी दिवस को लेकर तैयारी पर चर्चा की गई। श्री मरांडी ने बताया कि हाईस्कूल स्थित ऑडिटोरियम हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सर्वप्रथम हाईस्कूल मैदान से पैदल मार्च करते हुए सिदो-कान्हू चौक बरहेट में सिदो-कान्हू के प्रतिमा में माल्यार्पण किया जाएगा।इसके उपरांत हाईस्कूल के ऑडिटोरियम हॉल में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ की जाएगी। मौके पर प्रखंड सचिव मुजीबुर रहमान, पुसा टुडु, सुनीराम हांसदा,समदा सोरेन,विनय सोरेन,सामयल मुर्मू,सुरु हांसदा, सुनील मरांडी,पालटन मरांडी,सोम हेंब्रम, मरांग हेंब्रम,शिव किस्कू,सावना टुडु, सहित अन्य मौजूद थे।

## साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई, 9 लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार


**साहिबगंज।** रेलवे परिसर में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आरपीएफ/सीआईबी मालदा एवं आरपीएफ पोस्ट साहिबगंज की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 लीटर विदेशी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 9,840 रुपये बताई गई है।आरपीएफ को मिली गुप्त सूचना के आधार पर ट्रेन संख्या 13429 अप आनंद विहार टर्मिनल वीकली एक्सप्रेस के साहिबगंज स्टेशन पहुंचने पर प्लेटफॉर्म संख्या-2 पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान एसी कोच से उतर रहे दो संदिग्ध व्यक्ति, जो बोल बम वेशभूषा में थे, यात्रियों की भीड़ में खुद को छिपाने का प्रयास कर रहे थे। संदेह होने पर टीम ने दोनों को रोककर उनके बैगों की तलाशी ली, जिसमें विदेशी शराब बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुन्नी लाल साह (38 वर्ष), निवासी लखनपुर, थाना तारापुर, जिला मुंगेर (बिहार) तथा प्रकाश कुमार चौधरी (30 वर्ष), निवासी पुरानी साहिबगंज, नगर थाना, जिला साहिबगंज (झारखंड) के रूप में हुई।तलाशी के दौरान मुन्नी लाल साह के बैग से रॉयल स्टैग व्हिस्की की 750-750 एमएल की 4 बोतल (कुल 3 लीटर) तथा प्रकाश कुमार चौधरी के बैग से 8 बोतल (कुल 6 लीटर) बरामद हुई। इस प्रकार दोनों के कब्जे से कुल 12 बोतल (9 लीटर) विदेशी शराब जब्त की गई।पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने शराब बरहरवा से खरीदी थी और उसे जमालपुर ले जाकर अवैध रूप से बेचने की योजना थी। हालांकि, वे शराब के परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। आरपीएफ ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उनके परिजनों को सूचना दी। बरामद शराब एवं आरोपियों को आरपीएफ पोस्ट, साहिबगंज लाकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## साहिबगंज के 107 विद्यालयों में विकसित होगी पोषण वाटिका, बच्चों को मिलेंगी ताजी फल-सब्जियां

**साहिबगंज।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत जिले के 107 विद्यालयों में एक विद्यालय-एक बगिया कार्यक्रम के तहत पोषण वाटिका विकसित की जाएगी। इस संबंध में जिला शिक्षा अधीक्षक ने जिले के सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देश के अनुसार प्रत्येक प्रखंड से पांच विद्यालयों का चयन किया जाएगा। चयनित विद्यालयों में पर्याप्त भूमि, चारदीवारी, सिंचाई हेतु जल की उपलब्धता तथा सक्रिय इको क्लब का गठन होना आवश्यक है। साथ ही वर्ष 2025-26 में जिन विद्यालयों को पोषण वाटिका के लिए राशि प्राप्त नहीं हुई है, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। विद्यालयों को 11 अगस्त 2026 तक निर्धारित प्रपत्र में हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध कराने तथा संबंधित प्रतिवेदन 15 अगस्त 2026 तक समर्पित करने का निर्देश दिया गया है। इस पहल का उद्देश्य विद्यालय परिसर में ताजे एवं पौष्टिक फल-सब्जियों की उपलब्धता बढ़ाकर बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाना है।

## ग्रामीणों ने प्रशासन से नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग

**पूर्वी प्राणपुर घाट में कथित रूप से नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री और सेवन को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन**



**साहिबगंज।** साहिबगंज जिले के राधानगर थाना क्षेत्र के पूर्वी प्राणपुर पंचायत में कथित रूप से नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री और सेवन को लेकर शुक्रवार को जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विरोध जताया। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस अवैध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करते हुए अंकुश लगाने की मांग की है। मुखिया अताउर रहमान, वार्ड सदस्य कलीमुद्दीन शेख, हफीजुर शेख, रफीक शेख, रोबिउल शेख, हमीदुल शेख ने बताया कि पूर्वी प्राणपुर पंचायत के गंगा तट के आसपास देर रात कथित रूप से एमडीएमए समेत अन्य नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री और सेवन की गतिविधियां संचालित होती हैं। इस नशे की चपेट में केवल युवा ही नहीं बल्कि कुछ बुजुर्ग भी आ रहे हैं, जिससे कई परिवारों का सामाजिक और आर्थिक संतुलन बिगड़ता जा रहा है। बताया कि नशे की बढ़ती लत के कारण कई परिवार गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। जिससे इसकी लत और भी तेजी से लोगों को अपनी गिरफ्त में ले रही है। कई लोग अपनी मेहनत की कमाई नशे में खर्च कर रहे हैं, जबकि कुछ लोगों ने घर की कीमती वस्तुएं तक बेच दी हैं। इसके कारण परिवारों में आर्थिक संकट, तनाव और घरेलू विवाद लगातार बढ़ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि समझाने-बुझाने के बावजूद नशे के आदी लोग अपनी आदत छोड़ने को तैयार नहीं हैं। उनका कहना है कि यह नशा लोगों की जिंदगी को दीमक की तरह खोखला कर रहा है। कई परिवार बबार्दी के कगार पर पहुंच चुके हैं और क्षेत्र का सामाजिक माहौल भी प्रभावित हो रहा है। नशे की लत के कारण कई लोगों की असामयिक मौत होने की भी चर्चा है। राधानगर पुलिस द्वारा पूर्व में नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाकर कई आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इसके बावजूद कथित रूप से अवैध कारोबार पूरी तरह बंद नहीं हो सका है। वही ग्रामीणों ने क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाने की मांग की है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएमएफटी की समीक्षा बैठक आयोजित, लंबित योजनाओं को समयबद्ध पूर्ण करने के दिए निर्देश

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**हजारीबागः** उपायुक्त श्री हेमन्त सती की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के तहत स्वीकृत योजनाओं की अद्यतन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की सभी अपूर्ण योजनाओं को हर हाल में 15 अगस्त तक पूर्ण करने का निर्देश संबंधित कार्यकारिणी एजेंसियों को दिया। वहीं वित्तीय वर्ष 2026-27 की स्वीकृत योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने का भी निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि जिन कार्यकारिणी एजेंसियों के कार्यों में गंभीरता एवं अपेक्षित प्रगति नहीं पाई जाएगी, उनके जिम्मे सौंपे गए कार्यों को तत्काल निरस्त कर अन्य सक्षम कार्यकारिणी एजेंसियों को हस्तांतरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डीएमएफटी मद से स्वीकृत सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत सदुपयोग सुनिश्चित करना संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिले में डीएमएफटी मद की जितनी भी योजनाएं अपूर्ण अथवा लंबित हैं, उन सभी की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए सतत फॉलो-अप किया जाए तथा उनकी प्रगति प्रतिवेदन समय-समय पर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन संवेदकों द्वारा कार्य निष्पादन में लापरवाही अथवा ढुलमुल रवैया अपनाया जाएगा, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें काली सूची (ब्लैकलिस्ट) में डालने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। बैठक में उप विकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह, आईएएस सुश्री पूर्वा अग्रवाल, जिला खनन पदाधिकारी श्री अजीत कुमार, जिला योजना पदाधिकारी श्री पंकज कुमार तिवारी, सभी कार्यपालक अभियंता एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## जिले में चला ड्रिंक एंड ड्राइव एवं वाहन जांच अभियान



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**
**100 वाहनों की हुई जांच**

**लोहरदगाः** सड़क सुरक्षा को ले जिले के कचहरी मोड़ एवं शंख मोड़ पर जिला परिवहन पदाधिकारी जया शंखी मुर्मू के नेतृत्व में सघन ड्रिंक एंड ड्राइव एवं वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान करीब 100 वाहनों की जांच की गई, जिनमें दोपहिया, चारपहिया तथा बड़े वाणिज्यिक वाहन शामिल थे। वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से शराब सेवन की जांच की गई। वहीं बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने और बिना सीट बेल्ट लगाए चारपहिया वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान की कार्रवाई की गई। जांच के साथ-साथ वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदारीपूर्वक वाहन चलाने के लिए जागरूक भी किया गया। अभियान में जिला परिवहन कार्यालय एवं रोड सेफ्टी टीम, लोहरदगा के सदस्य भी मौजूद रहे। जिला परिवहन पदाधिकारी जया शंखी मुर्मू ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में इस प्रकार के सघन जांच अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे।

## सिंदरी की पेयजल आपूर्ति बाधित होने पर भाजपा नेता दीपक कुमार ने जताई चिंता ,प्रशासन से त्वरित समाधान की मांग

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**सिंदरी/धनबाद।** भाजपा के वरिष्ठ नेता दीपक कुमार दीपू ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सिंदरी में लगातार बाधित हो रही पेयजल आपूर्ति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विकास कार्यों के दौरान बड़ी मशीनों से की जा रही खुदाई के कारण पेयजल पाइपलाइन बार-बार क्षतिग्रस्त हो रही है। इससे शहर के इलाकों में जलापूर्ति प्रभावित हो रही है और लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। दीपक कुमार दीपू ने कहा कि पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित एजेंसियों को समन्वय बनाकर कार्य करना चाहिए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी ना उठानी पड़े। उन्होंने बताया कि इस गंभीर समस्या से अवगत कराते हुए एफसीआईएल प्रबंधन, धनबाद के उपायुक्त श्री आदित्य रंजन तथा धनबाद के मेयर श्री संजीव सिंह को भी सूचना दी गई है और शीघ्र आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया गया है। भाजपा नेता ने प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में खुदाई कार्य के दौरान पेयजल पाइपलाइन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो।

## प्रगतिशील युवा क्लब का हुआ पुनर्गठन, प्रदीप पटेल बने अध्यक्ष

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**हुसैनाबाद,पलामूः** स्थानीय रुद्रा होटल ( थाना के बगल में) प्रगतिशील युवा क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष रंजीत कुमार चंदेल द्वारा क्लब के विस्तार को लेकर एक अहम बैठक आयोजित किया गया` प्रगतिशील युवा क्लब के पुराने कमिटी को भंग कर नए कमिटी का गठन किया गया जिसमें क्लब के सर्वसम्मति से प्रदीप कुमार पटेल (पीपी) को अध्यक्ष चुना गया है। वारिश खान को क्लब का उपाध्यक्ष बनाया गया । लीगल एडवाइजरी के रूप में मोहम्मद आफताब, मीडिया प्रभारी के रूप में विकास कुमार, जितेंद्र रावत, संजय ओझा, गौतम पटेल सोशल मीडिया प्रभारी नीतीश पटेल , रितेश पासवान और लाला गुप्ता लाला गुप्ता नियुक्त किया गया है। टीपू सुल्तान को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल का स्वास्थ्य प्रभारी बनाया गया` बैठक में शिक्षा,बिजली, स्वास्थ्य, भ्रष्टाचार,साफ सफाई मुद्दों पर विस्तृत चर्चा किया गया` नवनियुक्त अध्यक्ष पीपी ने कहा कि हम युवा लोग सिर्फ बैठने या चर्चा करने नहीं आए हैं, बल्कि हम यहां समाज की बंद तकदीर का ताला खोलने की चाबी ढूंढने आए हैं आज हमारी इस मीटिंग का मुख्य एजेंडा साफ है- हमारे सामाजिक कार्यों की रफ्तार को दोगुनी करना और समाज की हर छोटी-बड़ी समस्या का ठोस समाधान ढूंढना है । शिकायत करना बहुत आसान होता है। सड़कों पर गड्ढे हैं, हर तरफ गंदगी है, गरीब बच्चों के पास अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और किताबें नहीं पहुंच पा रही है। हर कोई इस समस्या पर बातें करके रह जाते हैं,लेकिन प्रगतिशील युवा वह नहीं है जो सिर्फ कमियां गिने, प्रगतिशील युवा क्लब वह है जो आगे बढ़कर उन कमियों को दूर करे । हमें समस्याओं का हिस्सा नहीं बल्कि उनका समाधान (Solution) बनना है

अब तक हमारे क्लब ने सामाजिक स्तर पर जो भी काम किए हैं, वे सराहनीय हैं लेकिन हमें वहीं थमना नहीं है। हमें अपनी सीमाएं और बढ़ानी होंगी। बैठक में वार्ड पार्षद अभिमन्यु गुप्ता, मुन्ना कुमार देव, रंजीत चंदेल ,शक्ति पासवान, दिनेश पासवान, सोनू चंद्रवंशी,असगर अली , अरविंद यादव, विकास कु0 पासवान, टीपू सुल्तान, धनंजय कुमार पासवान, संदीप कुमार पासवान ,विकास कुमार,इम्तियाज आलम, देव कुमार भगत, विशाल कुमार, धनंजय कु0 पासवान, गोविंद कुमार पासवान, प्रभु पासवान, प्रकाश चंदेल, अमित कु0 पासवान, रवि चंदेल, विकास गुप्ता , परशुराम पासवान मौजूद रहें।

# जनजातीय गौरव उत्सव का केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव को मिला आमंत्रण, 17 अगस्त को हजारीबाग में होगा भव्य शुभारंभ

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**जनजातीय संस्कृति, महिला उद्यमिता और स्थानीय उत्पादों को मिलेगा मंच, बड़ा अखाड़ा मंदिर परिसर में आयोजित होगा उद्घाटन समारोह**



**नई दिल्ली/ हजारीबाग।** जनजातीय गौरव उत्सव के आयोजन को लेकर बिरसा मुंडा जन कल्याण योजना प्रचार अभियान के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल उरांव से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को 17 से 24 अगस्त तक आयोजित होने वाले जनजातीय गौरव उत्सव की विस्तृत जानकारी दी और 17 अगस्त को हजारीबाग के बड़ा अखाड़ा मंदिर परिसर में होने वाले शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण दिया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जनजातीय गौरव उत्सव का उद्देश्य जनजातीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के साथ-साथ जनजातीय समाज की प्रतिभा, कला, हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों को व्यापक मंच उपलब्ध कराना है। इस दौरान महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने तथा जनजातीय समाज के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर बिरसा मुंडा जन कल्याण योजना प्रचार अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार, राष्ट्रीय अभियान प्रमुख राजमणि, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रामकिशोर सावंत तथा जिला अध्यक्ष बलदेव बाबू मौजूद रहे। मंत्री जुएल उरांव ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि जनजातीय संस्कृति, परंपराओं, स्थानीय उत्पादों और जनजातीय उद्यमिता को बढ़ावा देने वाले ऐसे कार्यक्रम समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने जनजातीय गौरव उत्सव की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। 17 से 24 अगस्त तक चलने वाले इस उत्सव में जनजातीय संस्कृति, हस्तशिल्प, महिला उद्यमिता और स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। हजारीबाग में होने वाला उद्घाटन समारोह जनजातीय संस्कृति और गौरव को समर्पित महत्वपूर्ण आयोजन के रूप में देखा जा रहा है।

## डॉ अंगद किशोर शहीद भगत सिंह महाविद्यालय के सचिव चुने गए

**झारखंड उजाला ब्यूरो पलामू**



**हुसैनाबाद,पलामूः** शहीद भगत सिंह महाविद्यालय, जपला के प्रशाल में महाविद्यालय के शासी निकाय की आहूत बैठक में शिक्षाविद सदस्य डॉ अंगद किशोर को सर्वसम्मति से सचिव चुन लिया गया। यह पद जैक प्रतिनिधि सुशीला मिश्रा को जैक प्रतिनिधि से हटाए जाने के फलस्वरूप रिक्त हुआ था। शासी निकाय की बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह ने की। इस बैठक में शामिल अन्य सदस्यों में हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी समीर अल्फ्रेड मुर्मू, नव मनोनीत जैक प्रतिनिधि वसीम अनवर, दानदाता अशोक कुमार कश्यप, प्रभारी प्राचार्य प्रो अरविंद कुमार सिंह एवं शिक्षक प्रतिनिधि प्रो संजय कुमार सिंह शामिल थे। मौके पर उपस्थित अन्य लोगों में कंचन कुमार सिंह, नागेन्द्र सिंह, राकेश कुमार सिंह, आकाश कुमार सिंह, मधुलिका सिंह, सपना कश्यप, वीरेंद्र कुमार, अंशुल कुमार आदि थे। शासी निकाय के अध्यक्ष सह क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह ने कहा कि डॉ अंगद किशोर न केवल शिक्षाविद हैं, बल्कि वे एक स्थापित इतिहासकार एवं साहित्यकार हैं। उनके आने से महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों में चार चांद लगेगा। नव चयनित सचिव डॉ अंगद किशोर ने भरोसा दिलाया कि महाविद्यालय में शैक्षणिक माहौल बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। अंत में प्रभारी प्राचार्य प्रो अरविंद कुमार सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके पूर्व संजय कुमार सिंह यादव के द्वारा महाविद्यालय के पुस्तकालय एवं झंडोत्तोलन मंच का फीता काट कर उद्घाटन किया गया।

## मचान में आग लगने से दो दुधारू गायों की झुलसकर मौत



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**बरही (हजारीबाग )**बरही प्रखंड के कोल्हुआकला पंचायत के बदियाजवाड़ में बीते मध्य रात्रि को मचान में अचानक आग लगने से दो दुधारू गायों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बदियाजवाड़ निवासी अजय यादव पिता स्व सहदेव यादव के मचान में आग लगने से आग से झुलसकर उनकी दो दुधारू गायों की मौत हो गई।लोग आधी रात को जागे और शोर मचाया लेकिन आग इतनी भीषण थी कि जब तक लोग हल्ला सुन जाग कर घटनास्थल की ओर दौड़े तब तक आग तबाही मचा चुकी थी। इधर घटना की सूचना पाकर शुक्रवार अहले सुबह स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि रवि यादव घटनास्थल पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने कहा कि पशुपालक को इस घटना में करीब 80 हजार से एक लाख का नुकसान हुआ है, जिसको लेकर उन्होंने संबंधित विभाग से मुआवजे की मांग की है। इस संबंध में पूछे जाने पर अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने बताया कि आग से हुई क्षति का जांच रिपोर्ट समर्पित किए जाने के बाद आपदा योजना के तहत मिलने वाला लाभ दिया जाएगा। बता दें कि आग लगने का स्पष्ट कारण का पता नहीं चल सका है।

# उपायुक्त ने जन समाधान दिवस में सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित एवं समयबद्ध समाधान के दिए निर्देश

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**आवेदनों की निष्पक्ष जांच कर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश**




**पाकुड़ :** समाहरणालय में शुक्रवार को आयोजित जन समाधान दिवस के अवसर पर उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज ने जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को नियमानुसार त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जन समाधान दिवस के दौरान नागरिकों ने व्यक्तिगत एवं जनहित से जुड़े विभिन्न मामलों में आवेदन प्रस्तुत किए।प्राप्त आवेदनों में जाति प्रमाण-पत्र निर्गत करने, बकाया भुगतान से संबंधित, दवा विक्रेताओं के विरुद्ध नियमों को लेकर अनदेखी से संबंधित सहित अन्य जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों के आवेदन शामिल थे।

उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने सभी मामलों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन की निष्पक्ष, तथ्यपरक एवं गुणवत्तापूर्ण जांच कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जन समाधान दिवस प्रशासन और आमजन के बीच संवाद, विश्वास एवं जवाबदेही को सुदृढ़ करने का एक प्रभावी मंच है। इस पहल के माध्यम से नागरिक अपनी समस्याओं को सीधे जिला प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं, जिससे मामलों के निष्पादन में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं गति सुनिश्चित होती है।उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का निष्पादन पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता एवं गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय- सीमा के भीतर किया जाए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा उन्हें सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ समय पर और सुगमता से प्राप्त हो सके। जिला प्रशासन का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक तक न्याय, सुविधा एवं सरकारी सेवाओं की समयबद्ध पहुँच सुनिश्चित करना है।

## पिपरा प्रखण्ड के जनता के सेवा में सदैव तत्पर संदीप पासवान

**जनसेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं**




**पलामू :** पलामू जिले के पिपरा प्रखण्ड के तेंदुई पंचायत के ग्राम भांगा में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया था जिसके चलते ग्राम वासी को काफी दिक्कत का सामना करना पड रहा था ग्राम वासी के द्वारा काफी प्रयास करने के बाद भी कोई निदान नहीं हो पा रहा था, अंत में विवश होकर ग्राम वासी इसकी सूचना पुर्व जिला परिषद प्रतिनिधि पिपरा प्रखण्ड सह वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू जिला कमिटी के जिला अध्यक्ष संदीप पासवान से मुलाकात कर अपने समस्या को रखा जिसपर तत्काल उन्होंने बिजली विभाग डालटनगंज के महाप्रबंधक एवं अधीक्षण अभियंता से मुलाकात कर इस बात को रखा जिसपर तत्काल महाप्रबंधक एवं अधीक्षण अभियंता महोदय ने संज्ञान लेकर 25 केवीए का ट्रांसफार्मर के जगह पर 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर भिजवा कर उसे लगवाने का कार्य किया इस कार्य के लिए संदीप पासवान के प्रति लोगों ने हर्ष व्यक्त किया और जनता का सही हितैषी बताया हर्ष व्यक्त करने वालों में तेंदुई पंचायत के भांगा ग्राम के प्रेमचंद सिंह, जीतेन्द्र सिंह, मिथलेश सिंह, अखिलेश सिंह, सुरेन्द्र सिंह, बिन सिंह, जनेश्वर सिंह, सुशील सिंह, जसवंत सिंह, विक्रांत सिंह, भीष्म सिंह, ओमप्रकाश कुमार, राजू रंजन कुमार, यशवंत सिंह,सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## उत्तर बेगमगंज में आग लगने से दो किराना दुकान जलकर राख लाखों रुपए का हुआ नुकसान



**उधवा/साहिबगंज** ।राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तर बेगमगंज पंचायत अंतर्गत फुटानी बाजार में गुरुवार देर रात अचानक आग लगने से दो किराना दुकान जलकर राख हो गया है। घटना में लाखों रुपए की संपत्ति जलने का अनुमान है। पीड़ित दिपेन मंडल ने बताया कि 6 अगस्त वृहस्पतिवार रात्रि समय लगभग 12:30 बजे सूचना मिली कि उत्तरी बेगमगंज फुटानी बाजार स्थित मेरा किराना दुकान में अचानक आग लग गई है। मैंने सूचना पाकर घटना स्थल जाकर देखा कि मेरा एवं मेरा भाई भुपेंद्र मंडल का किराना दुकान पूरी तरह से जलकर राख हो गया है। किराना दुकान में रखे दैनिक जीवन से जुड़ी खाद्य सामग्री सहित अन्य कीमती सामान जलकर राख हो चुका है। इस अग्निकांड की घटना में लगभग 6 से 7 लाख रुपए की संपत्ति की क्षति हुई है।इस घटना में किराना दुकान में रखे आटा,चावल,दाल,मैदा , सरसों, एवं वनस्पति तेल, चीनी, सर्फ, साबुन,एक फ्रीज, पंखा,नाइलोन रस्सी,जाल,सुता, इत्यादि सामान जलकर राख हो गया है। पीड़ित ने कहा आग कैसे लगी मुझे इसकी जानकारी नहीं है।घटना को लेकर पीड़ित ने राधानगर थाना में सनहा दर्ज कराया।साथ ही प्रशासन से उचित मुआवजा देने की गुहार लगाई है।

## प्रवासी मजदूर की मुंबई में अचानक मौत,परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**उधवा/साहिबगंज** ।राधानगर थाना क्षेत्र के पूर्वी उधवा दियारा पंचायत के नूर हाजी टोला के एक प्रवासी मजदूर की मुंबई में अचानक मौत हो गई। मृतक की पहचान करीम शेख (52 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में भी मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार करीम शेख करीब दो महीने पहले परिवार के भरण-पोषण के लिए रोजगार की तलाश में मुंबई गए थे। वहां वे नारियल पानी बेचकर अपने परिवार का जीवन-यापन चला रहे थे। गुरुवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। साथियों ने उन्हें मुंबई के अंधेरी स्थित कूपर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों के प्रयास के बावजूद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।घटना की खबर जैसे ही गांव पहुंची, परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पत्नी, बच्चों और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि करीम शेख मेहनती और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे तथा परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी उनके कंधों पर थी। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक के शव को हवाई मार्ग से पहले कोलकाता लाया जाएगा, जिसके बाद एंबुलेंस के जरिए उनके पैतृक गांव नूर हाजी टोला पहुंचाया जाएगा। शव के गांव पहुंचने के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## हजारीबाग के 45 ताइक्वांडो खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए रवाना

**हजारीबाग** 26वीं झारखंड सीनियर एवं 12वीं कैडेट राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 7 से 9 अगस्त 2026 तक सर्वमंगला पब्लिक स्कूल, 8 लेन रोड के समीप, नागरी कला, टेटुलमारी, धनबाद में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों से लगभग 700 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।इस प्रतियोगिता में हजारीबाग जिला से 45 ताइक्वांडो खिलाड़ियों की टीम भाग ले रही है। टीम के कोच के रूप में रौशन गुप्ता, आलोक रंजन, राजशेखर सिन्हा एवं रवि गुप्ता खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे, जबकि दिलीप कुमार टीम मैनेजर की जिम्मेदारी निभाएंगे।प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों को आज हजारीबाग दारूजन मैदान स्टेडियम से जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी अनुशासन, समर्पण एवं खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और अधिक से अधिक पदक जीतकर हजारीबाग जिले का नाम रोशन करें।विदाई समारोह में हजारीबाग ताइक्वांडो संघ के सचिव हेमंत कुमार, जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, जिला खेल कार्यालय के प्रधान सहायक (बड़े बाबू) श्री शेखर शर्मा, डीएससी सरोज यादव तथा तीरंदाजी संघ के श्री मनोज कुमार उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि हजारीबाग की टीम राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले के लिए अनेक पदक जीतकर लौटेगी।

## 11 माह में ही चौपारण चिकित्सा पदाधिकारी के स्थानांतरण पर एनएचआरए ने जताई नाराजगी, रोक लगाने की मांग

**चौपारण (हजारीबाग )**चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ डीएन ठाकुर का स्थानांतरण मात्र 11 माह के अंदर हो जाने से चौपारण ही नहीं बल्कि पूरे हजारीबाग जिले में चर्चा का विषय बना है। अमूमन डॉक्टर्स की स्थानांतरण 3 या चार साल बाद ही होता है। लेकिन डॉ डीएन ठाकुर स्थानांतरण बिना उनकी सहमति से हो जाने से चौपारण स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित होने लगी है। उक्त बाते राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के जिला सचिव जीपी कश्यप ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कही। श्री कश्यप ने कहा कि गुटबंदी के कारण पहले स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित होते रहती है। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। क्योंकि अन्य डॉक्टर्स का स्थानांतरण हो गया है। डॉ डीएन ठाकुर स्थानांतरण असंवैधानिक है इसलिए तत्काल स्थानांतरण पर रोक लग सके। कहा कि डॉक्टर्स का स्थानांतरण तो हो गया लेकिन उनके स्थान पर अन्य किसी डॉक्टर्स की पोस्टिंग नहीं हुई। इस वजह स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित हो रही है। राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन स्वास्थ्य प्रकोष्ठ ने तत्काल डॉ डीएन ठाकुर पर रोक लगाते हुए उन्हें कार्यभार सौंपने की मांग की है

### उपायुक्त की अध्यक्षता में भूमि संरक्षण विभाग की समीक्षा बैठक

# जल संरक्षण एवं सिंचाई सुविधाओं के विस्तार पर जोर,नवंबर तक मिल जाएगी तालाबों के गहरीकरण एवं पकोर्लेशन टैंक की प्रशासनिक स्वीकृति

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**हजारीबागः** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त श्री हेमन्त सती की अध्यक्षता में भूमि संरक्षण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत संचालित एवं प्रस्तावित योजनाओं से संबंधित समिति प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी ली गई।बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित 55 तालाबों के गहरीकरण एवं जीर्णोद्धार से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। भूमि संरक्षण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि निर्धारित 55 तालाबों में से 47 तालाबों के गहरीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उपायुक्त ने शेष कार्यों को भी निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में नवंबर माह तक सभी तालाबों के गहरीकरण एवं पकोर्लेशन टैंक निर्माण से संबंधित योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी जाएगी। साथ ही योजनाओं का वेरिफिकेशन कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करते हुए जनवरी माह से कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश दिया।

**जलनिधि योजना किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी : उपायुक्त**

उपायुक्त श्री हेमन्त सती ने कहा कि जलनिधि योजना के अंतर्गत पकोर्लेशन टैंक निर्माण की योजना किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने जिले के पात्र कृषकों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की। योजना के तहत कृषक समूहों को पकोर्लेशन टैंक निर्माण के लिए निर्धारित प्रावधानों के अनुसार अनुदान का लाभ मिलेगा। संलग्न योजना दस्तावेज के अनुसार पकोर्लेशन टैंक योजना लघु एवं सीमांत कृषक समूहों के लिए लागू है तथा पात्रता के लिए संबंधित क्लस्टर में न्यूनतम 10 एकड़ भूमि का प्रावधान है।उन्होंने कहा कि पकोर्लेशन टैंक के माध्यम से जल संरक्षण एवं सिंचाई की सुविधा को बढ़ावा मिलेगा, जिससे किसान मत्स्य पालन, दलहन की खेती, सिंचाई तथा तालाब में बत्तख पालन जैसी गतिविधियों से भी लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए अधिक से अधिक पात्र कृषकों को इससे जोड़ने का निर्देश दिया।

**योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश**

बैठक में भूमि संरक्षण विभाग द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं की समीक्षा के क्रम में पकोर्लेशन टैंक निर्माण, तालाबों का गहरीकरण एवं जीर्णोद्धार तथा डीप बोरिंग की प्रगति पर चर्चा की गई। जलनिधि योजना के अंतर्गत डीप बोरिंग के लिए 6 इंच व्यास की डीप बोरिंग, 1.5 एचपी सबमर्सिबल पंप एवं आवश्यक सामग्री तथा स्थापना का प्रावधान है। उपायुक्त ने सभी योजनाओं को तय समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। कार्यों की गति बढ़ाने के लिए उन्होंने कनीय अभियंताओं की संख्या बढ़ाने का भी निर्देश दिया, ताकि योजनाओं की तकनीकी जांच, सत्यापन एवं क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब न हो। बैठक में भूमि संरक्षण विभाग के संबंधित पदाधिकारी एवं कनीय अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## बड़कागांव के पर्यटन स्थलों के विकास के लिए विधायक रोशन लाल चौधरी की बड़ी पहल

**पर्यटन निदेशक को सौंपा मांग पत्र**

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो।**



**बड़कागांवः** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों को राज्य के पर्यटन मानचित्र पर विशेष पहचान दिलाने की दिशा में विधायक रोशन लाल चौधरी ने महत्वपूर्ण पहल की है।उन्होंने झारखंड पर्यटन निदेशालय, रांची के निदेशक नमन प्रियेश लकड़ा को पत्र सौंपकर क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थलों के समग्र विकास तथा आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

**पत्र में इन स्थलों का किया उल्लेखः**

विधायक श्री चौधरी ने पत्र में महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव, मां अष्टभुजी मंदिर कंडाबेर, पांच वाहिनी, छत्तीसों वहन, बरसो पानी तथा इस्को गुफा जैसे प्राकृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इन स्थानों में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। योजनाबद्ध विकास से बड़कागांव न केवल झारखंड, बल्कि देशभर के पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन सकता है।

**विकास में आ रही अड़चनेंः**

विधायक ने बताया कि अधिकांश पर्यटन स्थल वन क्षेत्र में स्थित हैं, जिसके कारण सड़क, पेयजल, शौचालय, सामुदायिक भवन, प्रकाश व्यवस्था, विश्राम स्थल जैसी आवश्यक सुविधाओं का विकास अब तक नहीं हो सका है।

**निदेशक से की ये मांगः**

1. सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों के लिए विस्तृत मास्टर प्लान तैयार किया जाए
2. आवश्यक प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाए
3. संबंधित विभागों के समन्वय से विकास कार्य शीघ्र प्रारंभ कराए जाएं रोजगार और अर्थव्यवस्था को मिलेगा बढ़ावा

**विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहाः** ₹बड़कागांव प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक विरासत से समृद्ध क्षेत्र है। यहां के पर्यटन स्थलों का सुनियोजित विकास होने से बड़ी संख्या में पर्यटक आएंगे। इससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। छोटे व्यवसायों को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि बड़कागांव के सर्वांगीण विकास के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं और पर्यटन क्षेत्र के विकास को अपनी प्राथमिकता मानते हैं।

## पाकुड़ पॉलिटेक्निक कॉलेज में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**पाकुड़ :** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार शुक्रवार को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, पाकुड़ में नए मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने के उद्देश्य से विशेष मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप निर्वाचन पदाधिकारी, पाकुड़ मो. मोजाहिद अंसारी ने की।अभियान के दौरान 18 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों, मतदाता बनने की पात्रता एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान के महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।अपने संबोधन में उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. मोजाहिद अंसारी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती प्रत्येक पात्र नागरिक की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर बिना विलंब मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराएं तथा अपने मताधिकार का जिम्मेदारीपूर्वक प्रयोग करें। उन्होंने मतदान प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज एवं मतदाता बनने की पात्रता से संबंधित विभिन्न पहलुओं की भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया तथा लोकतंत्र को सशक्त बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। जिला निर्वाचन कार्यालय के हेल्प डेस्क मैनेजर पीयूष खां ने विद्यार्थियों को विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR 2026) की जानकारी देते हुए ECINet App के माध्यम से ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया समझाई तथा सभी पात्र विद्यार्थियों से समय पर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने की अपील की। इस अवसर पर पॉलिटेक्निक कॉलेज, पाकुड़ की प्राचार्य डॉ सुषमा यादव, जिला निर्वाचन कार्यालय के अमित सरकार, महाविद्यालय के शिक्षकगण, जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## एनएच-333ए एवं पाकुड़ बाईपास सड़क परियोजनाओं की प्रगति की उपायुक्त ने की समीक्षा

**शिविर लगाकर रैयतों को मुआवजा राशि का भुगतान सुनिश्चित करने का दिया निर्देश**

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**




**पाकुड़ :** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में एनएच-333ए शिमलौंगझ्र धरमपुर मोड़झ्र लिट्टीपाड़ाझ्र पाकुड़ पथ एवं शहरकोल से पियादापुर (पाकुड़ बाईपास) सड़क परियोजना की प्रगति को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।बैठक में उपायुक्त ने दोनों महत्त्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति, भूमि अधिग्रहण, मुआवजा भुगतान, वन एवं राजस्व संबंधी मामलों सहित निर्माण कार्य में आ रही विभिन्न बाधाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों एवं कार्यदायी एजेंसियों से परियोजनावार प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए।उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि परियोजनाओं से प्रभावित रैयतों को मुआवजा राशि का भुगतान विशेष शिविर आयोजित कर समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि भुगतान प्रक्रिया में किसी भी पात्र रैयत को अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए तथा भूमि अधिग्रहण एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए, ताकि परियोजनाओं के निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उपायुक्त ने कहा कि ये सड़क परियोजनाएं जिले के समग्र विकास, बेहतर आवागमन तथा क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को गति देने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इसलिए सभी संबंधित विभाग निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करें तथा नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करते रहें। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, संबंधित विभागों के पदाधिकारी, भूमि अधिग्रहण से जुड़े अधिकारी एवं कार्यदायी एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### अवैध लॉटरी की खरीद फरोख्त में संलिप्त आरोपी गिरफ्तार तथा मेंटेनेंस केस में एक अन्य आरोपी भी पुलिस की गिरफ्त में




**पाकुड़।** जिले में अवैध लॉटरी कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पाकुड़ मुफस्सिल थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लॉटरी कांड के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मुफस्सिल थाना प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि पाकुड़ मुफस्सिल थाना कांड संख्या-111/26, दिनांक 06 अगस्त 2026 में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4)/3(5) तथा लॉटरी विनियमन अधिनियम, 1998 की धारा 7(3) के तहत दर्ज मामले में नामजद प्राथमिक अभियुक्त नजीबुल होदा (पिता-स्वर्गीय मोहम्मद हायेस शेख), निवासी नगर नवी, थाना मालपहाड़ी, जिला पाकुड़ को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी को ग्राम झिकरहट्टी से अवैध लॉटरी की खरीद-बिक्री करने के आरोप में पकड़ा गया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।थाना प्रभारी ने कहा कि जिले में अवैध लॉटरी कारोबार के विरुद्ध पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा। इस तरह के अवैध धंधे में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वही एक दूसरे मामले में एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है थाना प्रभारी गौरव कुमार ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि मेंटेनेंस केस डट-147/23 के वारंटी अनवर हुसैन पिता खालिद शेख सकीम -साहापोखर (नवादा) थाना-पाकुड़ (मु) जिला पाकुड़ को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### मंदिर की पवित्रता और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अलग सड़क बनाने की मांग

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**पाकुड़ः** शिव शीतला मंदिर स्थित श्राद्ध घाट एवं श्राद्ध स्थल तक अलग पहुँच मार्ग (सड़क) निर्माण को लेकर गुरुवार को शिव शीतला मंदिर प्रांगण में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं समाज के गणमान्य लोगों ने इस जनहित एवं धार्मिक महत्व के विषय पर विस्तार से चर्चा की।बैठक में पाकुड़ जिला कांग्रेस की जिला महासचिव मोनिता कुमारी, अखिल भारतीय वीरांगना सशक्तिकरण परिषद की अध्यक्ष रश्मि सिंह, उपाध्यक्ष लक्ष्मी देवी, ममता अग्रवाल एवं रीना देवी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।मंदिर समिति की ओर से अध्यक्ष संजय टेबरीवाल (संजू टेबरीवाल), सचिव अनिल गोयल तथा सदस्य प्रतीक ठाकुर, नंदलाल ओझा, अनंत अग्रवाल, अनिल झा, राजकुमार रजक और सानू झा ने बैठक में भाग लिया।बैठक में श्राद्ध घाट तक श्रद्धालुओं के लिए अलग पहुँच मार्ग के निर्माण पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गई। उपस्थित सदस्यों ने कहा कि वर्तमान में श्रद्धालुओं को श्राद्ध स्थल तक पहुँचने के लिए मंदिर परिसर से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे असुविधा होती है तथा धार्मिक दृष्टि से भी यह व्यवस्था उपयुक्त नहीं है। अलग सड़क बनने से श्रद्धालुओं को सीधे श्राद्ध घाट तक पहुँचने की सुविधा मिलेगी, मंदिर की पवित्रता बनी रहेगी और वर्षों पुरानी मांग पूरी हो सकेगी।बैठक में इस जनहित एवं धार्मिक महत्व के कार्य को शीघ्र शुरू कराने के लिए आवश्यक पहल करने पर भी चर्चा हुई। सभी उपस्थित लोगों ने इस प्रस्ताव का स्वागत करते हुए इसे जनभावनाओं एवं धार्मिक आस्था से जुड़ा एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम बताया।

# 08 एवं 09 अगस्त को सभी मतदान केंद्रों पर लगेगा विशेष शिविर, पात्र मतदाता अवश्य भरें फॉर्म-6 एवं फॉर्म-8: उपायुक्त

**कोई भी विदेशी नागरिक रक्फ़ की प्रक्रिया में भाग न लें, केवल पात्र भारतीय नागरिक ही करें आवेदन**

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**




**पाकुड़ :** झारखंड में चल रहे विशेष गहन८ पुनरीक्षण (SIR) 2026 के अंतर्गत 08 एवं 09 अगस्त, 2026 को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिले के सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने मतदाता संबंधी आवश्यक कार्य समय पर पूर्ण करें। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि रक्फ़की प्रक्रिया केवल पात्र भारतीय नागरिकों के लिए है। कोई भी विदेशी नागरिक इस प्रक्रिया में भाग न लें। मतदाता सूची की शुद्धता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी नागरिकों का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने बताया कि फॉर्म-6 उन पात्र भारतीय नागरिकों के लिए है जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है अथवा 01 अक्टूबर, 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण हो जाएगी तथा जो झारखंड के किसी मतदान क्षेत्र के सामान्य निवासी हैं। ऐसे सभी पात्र नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए फॉर्म-6 एवं घोषणा पत्र भर सकते हैं। इसके साथ ही फॉर्म-8 के माध्यम से ऐसे मतदाता, जिनका मतदान केंद्र उनके निवास से दूर है अथवा जिनके परिवार के सदस्यों के नाम अलग-अलग मतदान केंद्रों पर दर्ज हैं, अपने पूरे परिवार का नाम एक ही निकटवर्ती मतदान केंद्र पर स्थानांतरित कराने हेतु आवेदन कर सकते हैं।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मतदाताओं से विशेष शिविर में पहुंचकर अपने नाम, पता एवं अन्य विवरणों का सत्यापन करने तथा आवश्यकतानुसार फॉर्म-6 एवं फॉर्म-8 भरने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम दर्ज होना तथा परिवार के सभी सदस्यों का एक ही मतदान केंद्र पर पंजीकरण लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ बनाता है। उन्होंने बताया कि इच्छुक नागरिक ECINET अस्त्रस्त्र डाउनलोड कर अथवा voters.eci.gov.in के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने सभी बूथ लेवल अधिकारियों को विशेष शिविर के दौरान आमजन को आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन, पाकुड़ ने सभी पात्र मतदाताओं से अपील की है कि वे 08 एवं 09 अगस्त को आयोजित विशेष शिविर में अवश्य पहुंचें, अपने मतदाता विवरण की जांच करें तथा आवश्यकतानुसार फॉर्म-6 एवं फॉर्म-8 भरकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

## गला रेतकर मां-बेटी की हत्या, 12 घंटे के भीतर पुलिस ने दबोचा आरोपी



**पाकुड़।** लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के झेनागड़िया गांव में महिला और उसकी पुत्री की गला रेतकर की गई निर्मम हत्या के मामले में पाकुड़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 12 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त खून से सना चाकू, टी-शर्ट और बरसाती भी बरामद कर ली है।पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह (भा.पु.से.) ने बताया कि 5/6 अगस्त की रात करीब 12 बजे झेनागड़िया गांव में एक महिला और उसकी पुत्री की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या किए जाने की सूचना मिली थी। इस संबंध में लिट्टीपाड़ा थाना कांड संख्या 45/2026 के तहत बीएनएस की धारा 103(1) में मामला दर्ज किया गया।घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार गौरव के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान दल (SIT) का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए, तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर लगातार छापेमारी की और महज 12 घंटे के भीतर मुख्य आरोपी अबरास अंसारी उर्फ अबरास मोमिन (28 वर्ष), पिता अफजल अंसारी उर्फ अफजल मोमिन, निवासी झेनागड़िया, थाना लिट्टीपाड़ा को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ के दौरान आरोपी ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त खून लगा चाकू, घटना के समय पहना हुआ खून से सना टी-शर्ट तथा बरसाती बरामद कर जब्त कर लिया।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ वर्ष 2020 में लिट्टीपाड़ा थाना में हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है।पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस पूरे अभियान में एसडीपीओ कुमार गौरव, पाकुड़ नगर थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता, लिट्टीपाड़ा थाना प्रभारी विवेक कुमार, हिरणपुर थाना प्रभारी विनय कुमार सहित तकनीकी शाखा एवं लिट्टीपाड़ा थाना की पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जेपीएससी अभ्यर्थियों के आंदोलन को मिला जाह्नवी सिंह का नैतिक समर्थन



**लोहरदगाः** झारखंड में पारदर्शी एवं निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया की मांग को लेकर आंदोलनरत जेपीएससी अभ्यर्थियों को समाज के विभिन्न वर्गों से समर्थन मिल रहा है। इसी क्रम में ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल की निदेशक जाह्नवी सिंह ने आंदोलनरत अभ्यर्थियों के प्रति अपना नैतिक समर्थन व्यक्त किया।जाह्नवी सिंह ने कहा कि राज्य के युवाओं की उचित एवं न्यायपूर्ण मांगों को गंभीरता से सुना जाना चाहिए। उनका कहना था कि पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करना तथा योग्य अभ्यर्थियों को न्याय दिलाना किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार शीघ्र सकारात्मक पहल करते हुए अभ्यर्थियों की समस्याओं का समाधान करेगी।उन्होंने कहा कि शिक्षा, प्रतिभा और कड़ी मेहनत का सम्मान होना चाहिए तथा युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान आवश्यक है। उन्होंने आंदोलनरत युवाओं का मनोबल बढ़ाते हुए शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने की अपील भी की।इस अवसर पर आंदोलन से जुड़े अभ्यर्थियों और प्रतिनिधियों ने जाह्नवी सिंह द्वारा दिए गए नैतिक समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि समाज के विभिन्न वर्गों का सहयोग युवाओं के संघर्ष को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

## पूर्व वार्ड पार्षद कमलेश कुमार की भाभी का निधन शोक



**लोहरदगाः** नगर के पूर्व वार्ड पार्षद कमलेश कुमार की भाभी शीला देवी (67 वर्ष), पत्नी स्वर्गीय मिथिलेश कुमार, का ब्रेन हेमरेज के कारण रांची के राज हॉस्पिटल में निधन हो गया। उनके निधन से परिजनों एवं शुभचिंतकों में शोक की लहर है। परिजनों के अनुसार, शीला देवी के बड़े पुत्र मनीष कांत का भी लगभग आठ माह पूर्व निधन हो गया था। लगातार दो घटनाओं से परिवार गहरे सदमे में है। आजसू पार्टी ने उनके निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। पार्टी के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की है। परिजनों के अनुसार, 6 अगस्त 2026 को सुबह 10 बजे मैना बगीचा स्थित आवास से अंतिम यात्रा निकाली जाएगी, जिसके बाद लोहरदगा के भक्सो मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का जागरूकता रथ रवाना



**लोहरदगाः** खरीफ- 2026 के तहत बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (बी- पीएमएफबीवाई) के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं किसानों के अधिक से अधिक निबंधन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से बुधवार को उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।उपायुक्त ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं, अतिवृष्टि, अल्पवृष्टि एवं अन्य जोखिमों से फसलों की सुरक्षा के लिए फसल बीमा योजना किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने जिले के सभी किसानों से धान एवं मक्का फसलों का बीमा निर्धारित समय सीमा के भीतर कराने और योजना का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायतों का भ्रमण कर किसानों को योजना के लाभ, निबंधन प्रक्रिया, प्रीमियम एवं दावा (क्लेम) की जानकारी देगा। किसानों से 31 अगस्त 2026 तक अपना निबंधन कराने का आग्रह किया गया है, ताकि फसल क्षति की स्थिति में उन्हें बीमा का लाभ मिल सके। योजना के तहत किसान मात्र एक रुपये की टोकन राशि देकर पीएमएफबीवाई पोर्टल , प्रज्ञा केंद्र (सीएससी), संबंधित बैंक शाखा, क्रॉप इंश्योरेंस ऐप, सहकारी बैंक तथा बीमा कंपनी के कार्यालय के माध्यम से निबंधन करा सकते हैं। निबंधन के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भूमि संबंधी दस्तावेज, वंशावली, बटाईदार होने पर बटाई प्रमाण-पत्र, फसल बुवाई का स्वसत्यापित प्रमाण-पत्र तथा मोबाइल नंबर आवश्यक होंगे। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए किसान हेल्पलाइन नंबर 14447 पर संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, उप विकास आयुक्त राज महेश्वरम, परियोजना निदेशक आईटीडीए सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, जिला सहकारिता पदाधिकारी आशा टोप्पो, बीमा कंपनी के प्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# संसदीय-गतिरोध से नहीं चलेगा लोकतंत्र, संवाद ही है समाधान



सचिन कुमार सिंह, प्रधान संपादक

लोकतंत्र में असहमति स्वाभाविक है, किंतु असहमति को अराजकता में बदल देना लोकतांत्रिक संस्कृति नहीं है। विपक्ष का दायित्व केवल विरोध करना नहीं, बल्कि रचनात्मक सुझाव देना भी है। सरकार को कठघरे में खड़ा करना विपक्ष का अधिकार है, परंतु संसद को ठप कर देना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति उसकी संसद है। यही वह सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच है जहां राष्ट्र के वर्तमान और भविष्य से जुड़े विषयों पर गंभीर विमर्श होता है, सरकार जवाबदेह बनती है, विपक्ष जनभावनाओं को स्वर देता है और कानूनों के माध्यम से देश के विकास की दिशा तय होती है। लेकिन अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज संसद संवाद और सहमति का मंच बनने के बजाय टकराव, आरोप-प्रत्यारोप, नारेबाजी और राजनीतिक हठधर्मिता का अखाड़ा बनती जा रही है। मानसून सत्र में जिस प्रकार लगातार गतिरोध बना हुआ है, उससे केवल संसदीय कार्यवाही ही बाधित नहीं हो रही, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा भी आहत हो रही है। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजीजू और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बीच गतिरोध समाप्त करने के लिए हुई बातचीत भी किसी ठोस निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकी। यह स्थिति बताती है कि दोनों पक्ष अपने-अपने राजनीतिक आग्रहों में इतने उलझ गए हैं कि राष्ट्रहित पीछे छूट गया है। विपक्ष की ओर से यह शर्त रखी जा रही है कि जब तक कुछ विशेष मुद्दों पर सरकार सदन में बयान और चर्चा के लिए तैयार नहीं होती, तब तक संसद की कार्यवाही नहीं चलने दी जाएगी। दूसरी ओर सरकार भी अपने विधायी एजेंडे को आगे बढ़ाने पर अडिग है। परिणाम यह है कि संसद का बहुमूल्य समय निरर्थक विवादों की भेंट चढ़ रहा है।

लोकतंत्र में असहमति स्वाभाविक है, किंतु असहमति को अराजकता में बदल देना लोकतांत्रिक संस्कृति नहीं है। विपक्ष का दायित्व केवल विरोध करना नहीं, बल्कि रचनात्मक सुझाव देना भी है। सरकार को कठघरे में खड़ा करना विपक्ष का अधिकार है, परंतु संसद को ठप कर देना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। लोकतंत्र में विरोध की भी मयार्दा होती है। जब विरोध संसद को चलने ही न दे, तब वह लोकतांत्रिक अधिकार नहीं, बल्कि



लोकतांत्रिक दायित्वों की उपेक्षा बन जाता है। पिछले कुछ वर्षों से यह चिंताजनक प्रवृत्ति लगातार बढ़ी है कि संसद सत्र प्रारंभ होने से पहले ऐसे मुद्दे राजनीतिक रूप से उछाले जाते हैं, जिनके आधार पर पूरे सत्र को बाधित किया जा सके। परिणामस्वरूप अनेक महत्वपूर्ण विधेयक बिना पर्याप्त चर्चा के पारित हो जाते हैं अथवा कई विधेयक लंबित रह जाते हैं। इससे सबसे अधिक नुकसान देश को होता है। संसद का प्रत्येक मिनट करोड़ों रुपये की सार्वजनिक धनराशि से संचालित होता है। यदि वह समय केवल शोर-शराबे और नारेबाजी में बीत जाए तो यह करदाताओं के धन और लोकतांत्रिक विश्वास-दोनों का अपमान है।

लोकतंत्र में संवाद ही समाधान का सबसे प्रभावी माध्यम है। महात्मा गांधी से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी तक भारतीय राजनीति की श्रेष्ठ परंपरा संवाद, सहमति और संवेदनशीलता की रही है। आज आवश्यकता इस बात की है कि पक्ष और विपक्ष दोनों अपने-अपने दुराग्रह छोड़कर संवाद की मेज पर बैठें। संसद की गरिमा इस बात में नहीं कि कौन किसे अधिक कठघरे में खड़ा करता है, बल्कि इस बात में है कि राष्ट्रहित के प्रश्नों पर कितनी गंभीरता से विचार किया जाता है। विशेष रूप से कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी को यह समझना होगा कि लोकतंत्र केवल आंदोलन और विरोध का नाम नहीं है। विपक्ष की भूमिका सरकार को गिराने की नहीं, बल्कि लोकतंत्र को संभालने की होती है। यदि प्रत्येक मुद्दे पर संसद को बाधित करने की रणनीति अपनाई जाएगी तो जनता के बीच यह संदेश जाएगा कि विपक्ष के पास वैकल्पिक नीति और दृष्टि का अभाव है। लोकतंत्र में जनता केवल विरोध नहीं, समाधान भी चाहती है। यदि विपक्ष स्वयं संवाद से दूरी बनाएगा तो ह्यसंवाद से समाधानह्ण का आदर्श केवल नारा बनकर रह जाएगा।

सरकार की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। लोकतंत्र में बहुमत का अर्थ मनमानी नहीं होता। सरकार को भी विपक्ष की उचित मांगों को सुनना चाहिए और जहां संभव हो, सहमति का मार्ग निकालना चाहिए। संसद किसी एक दल की नहीं, पूरे राष्ट्र की संस्था है। इसलिए सरकार को भी संवेदनशीलता, धैर्य और व्यापक दृष्टिकोण का परिचय देना होगा। किंतु यदि संवाद का प्रत्येक प्रयास केवल राजनीतिक शर्तों और हठधर्मिता में उलझ जाए तो समाधान की संभावनाएं स्वतः समाप्त हो जाती हैं। आज सबसे बड़ी आवश्यकता राजनीतिक परिपक्वता की है। दुर्भाग्य से भारतीय राजनीति में आग्रह, पूर्वाग्रह और दुराग्रह का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। हर मुद्दे को चुनावी लाभ-हानि के चश्मे से देखा जा रहा है। संसद में बहस कम और राजनीतिक संदेश अधिक दिए जा रहे हैं। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र को कमजोर करती है। संसद का उद्देश्य जनकल्याणकारी नीतियों पर विचार करना है, न कि चुनावी रणनीतियों का मंच बन जाना।

देश आज आर्थिक विकास, तकनीकी प्रगति, रोजगार, शिक्षा, कृषि, राष्ट्रीय सुरक्षा, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और सामाजिक समरसता जैसी अनेक चुनौतियों के दौर से गुजर रहा है। ऐसे समय संसद का प्रत्येक दिन अत्यंत मूल्यवान है। यदि यह समय केवल राजनीतिक टकराव में व्यतीत होगा तो विकास की गति अवश्य प्रभावित होगी। कानूनों में विलंब, नीतिगत निर्णयों की देरी और संसदीय अस्थिरता का सीधा प्रभाव आम नागरिक के जीवन पर पड़ता है। भारतीय लोकतंत्र की मजबूती इस बात में नहीं कि संसद में कितना शोर हुआ, बल्कि इस बात में है कि वहां कितने सार्थक विचार सामने आए। स्वस्थ लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष प्रतिद्वंद्वी अवश्य होते हैं, किंतु शत्रु नहीं। दोनों का अंतिम लक्ष्य राष्ट्रहित होना चाहिए। यदि राजनीतिक दल इस मूल भावना को भूल जाएंगे तो लोकतंत्र केवल संख्या का खेल बनकर रह जाएगा।

आज आवश्यकता इस बात की है कि सभी राजनीतिक दल आत्ममंथन करें। विपक्ष अपने विरोध को रचनात्मक बनाए, सरकार अपने संवाद को व्यापक बनाए और दोनों मिलकर संसद की प्रतिष्ठा पुनः स्थापित करें। लोकतंत्र का भविष्य टकराव में नहीं, संवाद में सुरक्षित है। संसद की गरिमा नारेबाजी से नहीं, विचार-विमर्श से बढ़ती है। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में यदि संसद ही गतिरोध का प्रतीक बन जाएगी तो जनता का विश्वास कमजोर होगा, जो किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए शुभ संकेत नहीं है। समय की पुकार है कि राजनीति चुनावों की सीमाओं से ऊपर उठकर राष्ट्रनिर्माण की दिशा में आगे बढ़े। पक्ष और विपक्ष दोनों यह स्मरण रखें कि वे किसी दल के नहीं, पहले भारत के प्रतिनिधि हैं। संसद की प्रत्येक घड़ी राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। उसे हठ, अहंकार और राजनीतिक स्वार्थ की भेंट चढ़ाना भविष्य की पीढ़ियों के साथ अन्याय होगा।

# आज का राशिफाल



**स्वामी रत्नेश जी**
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे मन में उत्साह रहेगा, लेकिन कार्यक्षेत्र में थोड़ा सरल व समझौतावादी बने रहने का प्रयास करें। सोच समझकर कोई निर्णय लें, तो ही बेहतर होगा। जल्दबाजी में उठाए गए कदम नुकसान पहुंचा सकते हैं। कोई भी नया काम शुरू न करें। परिवार के साथ धर्म ध्यान में समय बिताएं। मित्रों से मुलाकात अच्छी रहेगी।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम के बावजूद सफलता कम मिलेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी विवाद में फंस सकते हैं। परिवारिक समस्याएं परेशान करेंगी। ऐसी स्थिति में पूर्ण विवेक से काम लेना होगा। परिजनों का पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन किसी बात को लेकर बहस होने के आसार रहेंगे, जिससे मानकि परेशानी बढ़ेगी। सेहत अच्छी रहेगी।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ के योग रहेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की सार्थकता के लिए प्रयत्नशील होगा। कठिन परिश्म से रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में सफल रहेंगे। कोई नया काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। पुराना अटका धन भी मिल सकता है। परिवार के साथ समय बिताएं, मानसिक सुख और शांति मिलेगी। खान-पान का ध्यान रखना होगा।

**कर्क राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में अड़चनें आएंगी और कार्यों में सफलता कम मिलेगी। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। भविष्य के प्रति नकारात्मक विचार उत्साह में कमी ला सकते हैं। कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं या निवेश की योजना बना रहे हैं, तो उसे टालें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। धर्म ध्यान और परिवार के साथ समय बिताएं, सेहत का ख्याल रखें।

**सिंह राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। किसी कार्य को सिद्ध करने के लिए आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ तो रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च अधिक होने से आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। मन में किसी प्रकार की शंका न पालें, गलतियों को स्वीकार कर सगे-संबंधियों के बीच अपने रिश्तों को सुधारें। किसी पुराने मित्र या रिश्तेदार से मुलाकात होने पर खुशी मिलेगी।

**कन्या राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार सामान्य रहेगा। अनावश्यक खर्च बढने.से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। नकारात्मक विचारों को त्याग अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग करें। भविष्य को लेकर योजनाएं बना सकते हैं। नये काम की शुरूआत कर रहे हैं, तो दूसरी को सलाह न लें। अपनों से धोखा मिल सकता है। रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**तुला राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। परिश्रम से सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और सृजनात्मक विचारों का भरपूर लाभ उठाएंगे। स्वाभिमानी स्वभाव लोकप्रियता दिलाने में सहायक होगा। बेरोजगार को रोजगार के अवसर और नौकरी में तरक्की मिलने के आसार रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन शुभ रहेगा। कारोबार विस्तार की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम से अपने काम को नई पहचान दिलाएंगे। व्यवसाय में नये निवेश का अवसर मिलेगा। करीबियों से पुराने गिले-शिकवे दूर होंगे। पुरानी बातें भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें, छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार में तनाव की स्थिति पैदा न होने दें। परिवार के साथ समय बिताएंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**धनु राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आकस्मिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। हालांकि, कुछ अड़चनें आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी। परिस्थितियों के हिसाब से अपने आप को ढालने की कोशिश करें। परिवार के साथ समय बिताएंगे तो संबंध भी मधुर होंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। यात्रा को टालें। सेहत अच्छी रहेगी।

**मकर राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकते हैं। कोर्ट में कोई पुराना लंबित मामला चल रहा है तो वह सुलझ सकता है। अनावश्यक खर्चे पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार में कलह हो सकती है। खान-पान का ध्यान रखें और क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कोई अच्छी खबर मिल सकती है। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलने के आसार हैं। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रहेगा और उन्हें परिश्रम के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। कारोबार मध्यम रहेगा। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा और घर में माहौल अच्छा रहेगा। सेहत को लेकर सतर्क रहें।

**मीन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन अपनी बुद्धिमत्ता से समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होंगे और उत्साह पूर्वक नई योजनाओं को क्रियान्वित कर सकेंगे। रोजगार और व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। कारोबार में नए निवेश के अवसर खुलेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

# राजेंद्र माथुर- विचारों की पत्रकारिता के नायक



सही मायने में पत्रकारिता में विचारों के एक ऐसे प्रतीक पुरुष बनकर सामने आए, जिन्होंने अपने लेखन के माध्यम से एक बौद्धिक उत्तेजना का सृजन किया और हिंदी को एक ऐसी भाषा तथा विराट अनुभव-संसार दिया, जिसकी प्रतीक्षा में वह सालो से खड़ी थी। इस मायने में राजेंद्र माथुर की उपस्थिति अपने समय में एक कद्दावर पत्रकार-संपादक की मौजूदगी है। राजेंद्र माथुर की पूरी जीवन यात्रा एक साधारण आम आदमी की कथा है। वे इतने साधारण हैं कि असाधारण लगने लगते हैं। उन्होंने जो कुछ पाया, एकाएक नहीं पाया; संघर्ष से पाया, नियमित लेखन से पाया और अपनी रचनाशीलता से पाया। इसी संघर्ष की वृत्ति ने उन्हें असाधारण पत्रकार और संपादक बना दिया। राजेंद्र माथुर का पत्रकारीय व्यक्तित्व इस बात से तय होता है कि आखिर उनके लेखन में विचारों की गहराई कितनी है। अपने अखबार को ऊंचाइयों पर ले जाने का उनका संकल्प कितना गहरा है और हमारे समय के प्रश्नों के जवाब तलाशने तथा नए सवाल खड़े करने की कितनी प्रश्नाकुलता संबंधित व्यक्ति में है। राजेंद्र माथुर का संपादकीय और पत्रकारीय व्यक्तित्व इस बात की गवाही देता है कि वे असहज प्रश्नों से मुंह नहीं चुराते, बल्कि उनसे दो-दो हाथ करते हैं। वे सवालों से जूझते हैं और उनके सही एवं प्रासंगिक उत्तर तलाशने की कोशिश करते हैं।

वे सही मायने में पत्रकारिता में विचारों के एक ऐसे प्रतीक पुरुष बनकर सामने आए, जिन्होंने अपने लेखन के माध्यम से एक बौद्धिक उत्तेजना का सृजन किया और हिंदी को एक ऐसी भाषा तथा विराट अनुभव-संसार दिया, जिसकी प्रतीक्षा में वह सालो से खड़ी थी। इस मायने में राजेंद्र माथुर की उपस्थिति अपने समय में एक कद्दावर पत्रकार-संपादक की मौजूदगी है। वरिष्ठ पत्रकार श्री सूर्यकांत बाली के मुताबिक,ह्लमाथुर साहब जैसा बोलते थे, वैसा ही लिखते थे। वे धाराप्रवाह, विचार-परिपूर्ण और रूपक-अलंकृत बोलते थे, तो धाराप्रवाह, विचार-परिपूर्ण और रूपक-अलंकृत लिखते भी थेह्व ऐसे में कहा जा सकता है कि राजेंद्र माथुर के पत्रकारीय एवं संपादकीय व्यक्तित्व में एक बौद्धिक आकर्षण दिखता है। उनके लेखन में भारत-जिज्ञासा, भारत-अनुराग और भारत-स्वप्न पूरी समग्रता में प्रकट होते हैं। वरिष्ठ पत्रकार अच्युतानंद मिश्र ने लिखा है कि राजेंद्र माथुर में बौद्धिकता और सच्चरित्रता का असाधारण संगम था, इसीलिए वे हिंदी पत्रकारिता में शिखर स्थान पा सके। वे असाधारण शैलीकार थे। अंग्रेजी साहित्य के प्राध्यापक होने के बावजूद उनकी हिंदी लेखन शैली बिंब-प्रधान थी। उनके मुहावरे अपने होते थे। उनमें अभिव्यंजना की अद्भुत शक्ति थी। हिंदी पत्रकारिता के इतिहास में वे एक शैलीकार के रूप में याद किए जाएंगे।

राजेंद्र माथुर एक श्रेष्ठ संपादक थे। उनकी उपस्थिति ही 'नईदुनिया' और 'नवभारत टाइम्स' को एक ऐसा समाचार पत्र बनाने में सफल हुई, जिस पर हिंदी पत्रकारिता को नाज है। 'नवभारत टाइम्स' में श्री माथुर के सहयोगी रहे श्री विष्णु खरे ने लिखा है कि, ह्लराजेंद्र माथुर महान संपादक होने का अभिनय करने की कोई जरूरत महसूस नहीं करते थे। दरअसल, लिबास से लेकर बोलचाल तक उनकी कोई बनावटी शैली या लहजा नहीं था; वे अपने मामूलीकरण में विश्वास करते थे, वैशिष्ट्य में नहीं। उनकी संपादकीय आदेशों या हुक्मों से नहीं, एक गुणात्मक तथा नैतिक विकिरण से चलतीह्व राजेंद्र माथुर का पत्रकारीय व्यक्तित्व बेहद प्रेरक था। आज की पत्रकारिता और मीडिया संस्थानों में घुस आई तमाम बुराइयों से उनका व्यक्तित्व एकदम अलग था। संपादक की जैसी शास्त्रीय परिभाषाएं बताई गई हैं, श्री माथुर उन पर पूरी तरह फिट बैठते हैं।

उनके समकक्ष पत्रकारों की राय में, जिस समय वे दिल्ली में 'नवभारत टाइम्स' जैसे बड़े अखबार के संपादक थे, वे सत्ता के लाभ उठा सकते थे। आज की पत्रकारिता में जिस तरह पत्रकार एवं संपादक सत्ता से लाभ लेकर मंत्री से लेकर राज्यसभा की सीटें ले रहे हैं, श्री माथुर भी ऐसे प्रलोभनों के पास जा सकते थे। किंतु उन्होंने तमाम चचाओं के बीच इससे खुद को बचाया। पत्रकार विष्णु खरे अपने लेख में इस बात की पुष्टि भी करते हैं। सही मायने में राजेंद्र माथुर एक ऐसे संपादक के रूप में सामने आते हैं, जिन्होंने अपने पत्रकारीय व्यक्तित्व को वह ऊंचाई दी जिसके लिए पीढ़ियां उन्हें याद कर रही हैं। उनके पत्रकारीय व्यक्तित्व की सबसे बड़ी खूबी हिंदी पत्रकारिता को लेकर उनकी चिंताएं हैं। वे हिंदी पत्रकारिता के एक ऐसे संपादक थे, जो लगातार यह सोचते रहे कि हिंदी पत्रकारिता का विचार-दारिद्र्य कैसे दूर किया जाए और कैसे हिंदी में एक संपूर्ण अखबार निकले तथा उसे व्यापक लोकस्वीकृति भी मिल सके। 'नवभारत टाइम्स' के कार्यकारी संपादक रहे स्व. सुरेंद्र प्रताप सिंह ने उनकी इन चिंताओं को निकटता से देखा था। वे लिखते हैं, ह्लमाथुर साहब का गहन इतिहास-बोध, शुद्ध श्रद्धा और उससे उत्पन्न गरिमामय अतीत की मरीचिका पर आधारित हिंदी पत्रकारिता की कमजोर आधारभूमि के बारे में उन्हें बार-बार सचेत करता रहता था। वे भूतकाल के वायवीय स्वर्णिम अतीत में जीने वाले नहीं थे। वे स्वप्नदर्शी थे और अपने सपनों की उदात्तता के साथ उन्होंने कभी किसी प्रकार का समझौता नहीं किया।

# न्याय पर बोझ

त्वरित न्याय ही वास्तविक न्याय होता है और त्वरित न्याय के लिए पूरे संसाधन और पर्याप्त न्यायाधीश भी होने चाहिए। अतः अपने देश के प्रधान न्यायाधीश का यह इशारा स्वाभाविक और स्वागतयोग्य है कि न्यायपालिका पर बहुत बोझ है और पर्याप्त संख्या में अदालतें होंगी, तो ही न्याय संभव है। बीते वर्ष से ही देश की सर्वोच्च अदालत में सुनवाइयों के दौरान ट्रिब्यूनल में रिक्त पदों का मुद्दा उठता रहा है। शीर्ष अदालत की नाराजगी भी सामने आती रही है। यह अपने आप में गंभीर बात है कि देश के प्रधान न्यायाधीश न्यायपालिका में कमी को लेकर एकाधिक बार अपनी राय रख चुके हैं। प्रधान न्यायाधीश ने शुक्रवार को तेलंगाना स्टेट ज्युडिशियल कॉन्फ्रेंस 2022 को संबोधित करते हुए कहा कि ह्यन्यायपालिका का बुनियादी ढांचा और रिक्त पदों पर भर्तियां चिंता का मुख्य विषय हैं। न्याय तक पहुंच तभी संभव है, जब हमें पर्याप्त संख्या में अदालतें मिलेंगी।

यह अपने आप में बेहद संवेदनशील विषय है कि न्यायपालिका में नियुक्तियों में देरी हो रही है। सरकार को देखना चाहिए कि बाधा कहां है? अदालतों ने पहले भी न्यायपालिका के विस्तार का पक्ष लिया है, लेकिन प्रशासन बहुत सजग नहीं दिखता। भारतीय न्यायपालिका पर जो बोझ है, वैसा दुनिया की किसी न्यायपालिका पर नहीं है। अभी भी मामलों को न्याय तक पहुंचने में तीस-चालीस साल भी लग जा रहे हैं। पुराने मुकदमों का निपटारा जल्दी नहीं हो रहा है और नए मुकदमे बढ़ते जा रहे हैं। यह बात अलग है कि कई मुकदमे प्रशासन की कमियों की वजह से हैं। खासकर गैर-फौजदारी मामलों में बहुत कमी आ सकती है, लेकिन प्रशासन का काम करने का तरीका निचले स्तर पर अपेक्षित गति से सुधर नहीं रहा। अदालतों के कागजी कामकाज का विस्तार भी लगातार हो रहा है, अतः न्याय में देरी ज्यादातर मामलों में एक सच्चाई है। न्याय में देरी से कुछ लोगों को फायदा होता है, लेकिन कुल मिलाकर शासन-प्रशासन की छवि खराब होती है। आम लोगों की नजर में न्याय या अन्याय अंततः सरकार की जिम्मेदारी है। फिर भी कोई भी राजनीतिक दल त्वरित न्याय को लेकर चिंतित नहीं दिखता। किसी के भी घोषणापत्र में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने की कोई रूपरेखा नहीं होती है। ऐसे में, हमारे न्यायाधीशों की शिकायत जायज है। क्या हमारी राजनीतिक पार्टियां लोगों को त्वरित न्याय का वादा नहीं कर सकती हैं? क्या यह लोकहित का मामला नहीं है?

आज न्यायपालिका का विस्तार जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है उसमें समय के साथ आंतरिक सुधार। एक अनुमान के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय में साल भर में 200 दिन भी सुनवाई नहीं होती है। उच्च न्यायालयों में करीब 210 दिन और निचली अदालतों में करीब 245 दिन ही काम होता है। सर्वोच्च न्यायालय में करीब 73,000 मामले और भारत की सभी अदालतों में लगभग 4.40 करोड़ मामले लंबित हैं। मुकदमों की संख्या में हर साल बढ़ोतरी हो रही है। नीति आयोग के एक रणनीति पत्र के मुताबिक, अदालतों को तमाम दर्ज मामले सुलझाने में अभी के हिसाब से करीब 324 साल से अधिक समय लग जाएगा। हजारों मामले तीस-तीस साल से लंबित हैं। अतः न्यायपालिका के बोझ को हल्का करने और उसे त्वरित न्याय की दिशा में प्रेरित करने के भगीरथ प्रयासों की जरूरत है। त्वरित न्याय समाज में सुख-शांति और कानून के राज के लिए भी जरूरी है।

# असंतुलित आर्थिक नीतियां बढ़ा रही हैं अमीरी गरीबी की खाई

आंकड़ों के मुताबिक 5 साल पहले रियल एस्टेट की कुल बिक्री में अफोर्डेबल हाउसिंग की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, जो अब घटकर महज 18 प्रतिशत रह गई है। इस महीने पेश हुए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग की जेब ढीली करने के लिए टैक्स में छूट दी। देश के लगभग 100 करोड़ भारतीयों के पास इतनी आय नहीं है कि वे विवेकाधीन वस्तुओं पर कुछ भी खर्च कर सकें। अर्थात वे किसी भी प्रकार से किसी भी वस्तु पर अतिरिक्त खर्च करने में असमर्थ हैं। लोग जरूरत के अलावा सामान या सुविधाएं नहीं खरीद सकते। वहीं, देश के केवल 10 फीसदी लोग, अर्थात 13-14 करोड़ लोग देश की अर्थव्यवस्था को चला रहे हैं, क्योंकि ये लोग ही सबसे ज्यादा खर्च करते हैं और देश की तरक्की में बड़ा रोल निभाते हैं। केंद्र सरकार एक तरफ देश में तरक्की का नया मॉडल पेश करते हुए विकसित भारत की तरफ बढ़ते कदमों का आंकड़ा पेश करती है, वहीं गरीबी और अमीरी की बढ़ती खाई ने इस मॉडल पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। ब्लूम वेंचर्स की इंडस वैली की वार्षिक रिपोर्ट 2025 भारत की आर्थिक विषमता की यह तस्वीर पेश करती है। इस रिपोर्ट का सरकार द्वारा किसी तरह प्रतिवाद नहीं किए जाने से साफ जाहिर है कि देश की आर्थिक सेहत एक तरफा जा रही है। अमीरी और गरीबी की खाई का चौड़ा होना जारी है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत का उपभोक्ता बाजार बड़े स्तर पर विस्तार नहीं कर रहा है, बल्कि एक ही जगह गहरा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि भले ही अमीर लोगों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हो रही है, लेकिन जो लोग पहले से ही अमीर हैं, वे और भी अमीर हो रहे हैं।

आंकड़ों के अनुसार शीर्ष 10 प्रतिशत भारतीयों (10 सबसे अमीर भारतीय) के पास अब कुल नेशनल आय का 57.7 प्रतिशत हिस्सा है, जो पहले 1990 में 34 प्रतिशत था, जबकि निचले स्तर पर यह हिस्सा पहले के 22.2 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत रह गया है। इसके अलावा, 30 करोड़ लोग ऐसे हैं जिन्होंने हाल फिलहाल खर्च करना शुरू किया है। ये लोग भी अपने खर्च को लेकर बहुत सावधान हैं। खर्च करने वाला वर्ग बढ़ नहीं रहा!

आंकड़ों के मुताबिक 5 साल पहले रियल एस्टेट की कुल बिक्री में अफोर्डेबल हाउसिंग की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, जो अब घटकर महज 18 प्रतिशत रह गई है। इस महीने पेश हुए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग की जेब ढीली करने के लिए टैक्स में छूट दी। 12 लाख रुपये तक कमाई करने वालों को अब इनकम टैक्स नहीं देना होगा जिससे 92 प्रतिशत वेतनभोगी लोगों को राहत मिलेगी। इसके बावजूद भारत की खपत चीन से 13 साल पीछे है। वर्ष 2023 में भारत में प्रति व्यक्ति खर्च 1,493 डॉलर था, जबकि चीन में वर्ष 2010 में ही ये 1,597 डॉलर था। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में भी हालात ठीक नहीं हैं। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में बढ़ता कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। दिसंबर 2024 तक इस सेक्टर के नॉन-परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।



# बिहार में सर्व शिक्षा अभियान के अधिकारी समेत तीन लोगों पर हमला

एजेंसी

**भोजपुर:** बिहार के आरा जिले के मुफस्सिल पुलिस थाना क्षेत्र के रतनपुर ओवरब्रिज के पास हुए हमले में सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए) से जुड़े तीन अधिकारी घायल हो गए. इनमें जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) भी शामिल हैं.




**सर्व शिक्षा अभियान के अधिकारियों पर हमला :** आरा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र की पुलिस के अनुसार, "जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के अंतर्गत जिला कार्यक्रम प्रबंधक राहुल कुमार गुरुवार शाम दो अन्य कर्मचारियों के साथ एक वाहन में काम से लौट रहे थे, तभी एक अन्य कार सवार लोगों ने ओवरब्रिज के पास उन्हें रोक लिया."सर्व शिक्षा अभियान से जुड़े अधिकारी शिव शक्ति ने बताया कि, "कार में सवार लोगों ने उनकी गाड़ी को ओवरटेक किया और लाठियों और डंडों से उन पर हमला किया. हमलावरों ने अधिकारियों के वाहन को भी नुकसान पहुंचाया और फिर घटनास्थल से फरार हो गए." उन्होंने आगे बताया कि, "अचानक हुए इस हमले से इलाके में दहशत फैल गई. शोर सुनकर स्थानीय निवासी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक हमलावर भाग चुके थे. घायल अधिकारियों को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया."

**हमले में तीन कर्मचारी घायल :** अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि "ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर और एक अन्य कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उनका इलाज चल रहा है."

**आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग :** इस घटना के बाद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के कर्मचारी और अधिकारी मुफस्सिल पुलिस स्टेशन पर एकत्रित हुए और हमले के लिए जिम्मेदार लोगों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया. पुलिस ने बताया कि, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. हमलावरों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है.

**ऑफिस से लौटते वक्त हुआ हमला :** घायल अधिकारी वेंकटेश शर्मा के अनुसार, वे शाम 6 बजे के बाद कार्यालय से लौट रहे थे, तभी 6 से अधिक लोगों ने उन पर अचानक हमला कर दिया. हमलावरों का इरादा उन्हें जान से मारने का था.

**क्या बोले जिला शिक्षा अधिकारी? :** घटना के बाद जिला शिक्षा अधिकारी मानवेंद्र कुमार राय ने पुलिस स्टेशन का दौरा किया और पुष्टि की कि कार्यालय से लौटते समय जिला कार्यक्रम प्रबंधक और दो कर्मचारियों पर हमला किया गया था.

## पटना में युवक की मौत पर बवाल, भीड़ ने कई गाड़ियां फूंकी.. पुलिस फोर्स ने संभाला मोर्चा

एजेंसी

**पटना:** बिहार की राजधानी पटना पटना में शुक्रवार को सड़क हादसे के बाद जमकर हंगामा देखने को मिला. हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई. इस भीषण हादसे से आक्रोशित स्थानीय लोगों की उग्र भीड़ ने मौके पर जमकर हंगामा किया और कई गाड़ियां फूंकी दी. इस भारी हंगामे के बीच हाईवे जाम हो गया.

**पुलिस की तीन गाड़ियां भी फूंकी :** राजधानी पटना जिले के अगमकुआं थाना क्षेत्र में बेलगाम बसों के चलते लोगों गुस्साई भीड़ का गुस्सा उस समय फूट पड़ा, जब एन एच 30 पर एक तेज रफ्तार बस ने एक युवक मनीष कुमार (26 वर्षीय) को कुचल दिया.



युवक की मौत के बाद आसपास की भीड़ सड़क पर आ गई और देखते-ही-देखते कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया.

**शख्स की मौत के बाद उबाल, बस जलाई :** प्रत्यक्षदर्शी अरविंद कुमार ने बताया कि, "लोगों ने सबसे पहले उस बस में आग लगा दी, जिस बस से कुचलकर युवक की मौत हुई थी. आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. इस बीच हिंसक भीड़ ने पुलिस की गाड़ी समेत कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया." आगजनी की घटना के बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन दमकलकर्मियों का सामना हिंसक भीड़ से हो गया. ऐसे में मौके से दमकलकर्मियों को भी वापस लौटना पड़ा. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हंगामा कर रहे लोगों ने पुलिस पर पथराव किया है. घटना के बाद पूरा इलाके में जहां-तहां गाड़ियां फंस गई. काफी देर तक हंगामा और अफरा-तफरी का माहौल रहा.

**अभी भी मौके पर प्रदर्शन कर रहे लोग :** पुलिस टीम आक्रोशित लोगों को शांत कराने और स्थिति को नियंत्रण में लेने का प्रयास कर रही है, लेकिन मृतक के परिजन और स्थानीय लोग मुआवजे की मांग को लेकर अब भी प्रदर्शन कर रहे हैं. प्रदर्शनकारियों का आरोप है।

# बिहार शिक्षक स्थानांतरण पर बड़ा अपडेट, 31 अक्टूबर तक पूरे होंगे सभी तबादले, सितंबर में दूसरे चरण का आवेदन

एजेंसी

**पटना:** बिहार में शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया को लेकर बड़ा अपडेट है. शिक्षा विभाग ने लक्ष्य तय किया है कि 31 अक्टूबर 2026 तक तबादले से जुड़े सभी मामलों का निष्पादन कर दिया जाएगा. शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने गुरुवार को विभाग में प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह अहम जानकारी साझा की है.



**पारदर्शी नियमावली और ऑनलाइन प्रक्रिया:** उन्होंने बताया कि बिहार राज्य शिक्षक स्थानांतरण नियमावली-2026 के तहत पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन, पारदर्शी और शिक्षक हितों को ध्यान में रखकर संचालित की जा रही है. उन्होंने कहा कि स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शिक्षक पूरी ऊर्जा के साथ विद्यालयों में पठन-पाठन पर ध्यान दे सकेंगे और शैक्षणिक स्तर सुधरेगा.

**ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर आवेदन का आंकड़ा:** शिक्षा मंत्री ने बताया कि समायोजन और समानुपातीकरण के लिए 29 जुलाई से 5 अगस्त तक ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर आवेदन लिए गए. इस दौरान राज्य के 1,06,287 अधिशेष (सरप्लस) शिक्षकों में से 73,151 शिक्षकों, यानी करीब 70 प्रतिशत ने स्वेच्छा से ऑनलाइन आवेदन किया. शिक्षक इस व्यवस्था में रुचि दिखा रहे हैं.

**पारस्परिक स्थानांतरण का निष्पादन:** पारस्परिक (म्यूचुअल) स्थानांतरण के लिए 4,259 शिक्षकों ने आवेदन दिया है. उन्होंने कहा कि स्थानांतरण प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से पूरी की जाएगी. पहले चरण में 7 अगस्त से 9 सितंबर तक जिला, प्रमंडल और राज्य स्तर पर गठित स्थापना समितियां शिक्षकवार समायोजन सूची जारी करेंगी. विभाग इसकी निगरानी कर रहा है.

**आपत्तियों का निपटारा और अगला चरण:** इस दौरान प्राप्त आपत्तियों और अपीलों का भी निपटारा किया जाएगा. इसके बाद 10 से 14 सितंबर के बीच पारस्परिक स्थानांतरण के लिए प्राप्त आवेदनों का निष्पादन होगा. शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बताया कि सामान्य स्थानांतरण के लिए 17 सितंबर से दोबारा आवेदन प्रक्रिया शुरू की जाएगी.

**पारदर्शिता और भ्रम का निवारण:** किसी भी शिक्षक का तबादला उसकी पसंद के बाहर किसी दूसरे विद्यालय में नहीं किया जाएगा. उन्होंने कहा कि इससे पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहेगी और शिक्षकों के बीच किसी तरह की भ्रम की स्थिति नहीं होगी. विभाग इस नीति को पूरी तरह सुरक्षित और सुगम बनाना चाहता है.

**महिला और पुरुष शिक्षकों को सुविधा:** शिक्षा मंत्री ने यह भी बताया कि महिला शिक्षकों को यथासंभव उनके गृह प्रखंड और पुरुष शिक्षकों को गृह जिले के भीतर पदस्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है. इससे उन्हें पारिवारिक और सामाजिक परिस्थितियों के अनुरूप सुविधा मिल सकेगी. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया गया है.

**शिक्षक संगठनों से सहयोग की अपील:** शिक्षा मंत्री ने शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए शिक्षक संगठनों और शिक्षक प्रतिनिधियों से भी सहयोग की अपील की. उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए विभाग संवाद की नीति पर काम कर रहा है. शिक्षक संगठनों से रचनात्मक सुझावों का हमेशा स्वागत किया जाएगा.

**संतुलित वितरण और बेहतर वातावरण:** आवश्यकता होने पर विभाग उनसे लगातार चर्चा भी करेगा. उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास केवल स्थानांतरण करना नहीं, बल्कि विद्यालयों में शिक्षकों का संतुलित वितरण सुनिश्चित करना है. इससे जहां शिक्षकों की कमी है, वहां पर्याप्त संख्या में शिक्षक उपलब्ध होंगे और विद्यार्थियों को बेहतर माहौल मिलेगा.

## 'जेन-जी पर निशांत कुमार की नजर, जेडीयू से जोड़ने के लिए बनाया खास प्लान

एजेंसी

**पटना:** "जेन जी' की चर्चा आज पूरे देश में हो रही है. सभी राजनीतिक दलों की नजर इस युवा पीढ़ी पर है. पार्टी से जोड़ने के लिए कोशिशें भी शुरू हो गईं हैं. इसी कड़ी में पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे और स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने युवा कार्यकताओं के साथ बैठक की और उन्हें साथ लाने की अपील की.



**युवाओं के साथ निशांत की बैठक:** स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने अपनी युवा टीम को कहा कि पिछले 20 सालों में बिहार में जितने भी काम हुए हैं, उसके बारे में लोगों को बताएं. साथ ही पूर्व सीएम नीतीश कुमार की जो नीति और विचारधारा रही है, उसे युवा वर्ग तक पहुंचाएं ताकि नई पीढ़ी को जमीनी हकीकत पता हो.

**'पिताजी के कार्यो से कराएं अवगत':** मीडिया से बातचीत करते हुए निशांत कुमार ने कहा कि 20-25 साल के युवाओं को 2005 से पहले बिहार की क्या स्थिति थी, मालूम नहीं है. उनके पिता ने कानून-व्यवस्था की स्थिति को ठीक किया. स्वास्थ्य का उस समय कोई इंतजाम नहीं था. शिक्षा की स्थिति भी दयनीय थी. सड़क, बिजली की स्थिति ठीक नहीं थी समाज में विवाद होता था, दंगे होते थे. स्वास्थ्य मंत्री ने अपनी बात को बढ़ाते हुए कहा कि उनके पिता जब सत्ता में आए तो सबसे पहले बिहार में कानून का राज स्थापित किया. शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में भी विकास का कार्य किया गया. पिछड़ा-अति पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक सभी वर्गों के लिए हमारी सरकार ने काम किया.

**'जेन जी को पार्टी से जोड़ें':** निशांत ने कहा कि आज की बैठक में जनता दल यूनाइटेड के युवा नेताओं को हमने कहा है कि जन-जन तक 20 सालों के काम को पहुंचाएं. खासकर युवा वर्ग को बताएं और जेन जी को पार्टी से जोड़ें.

**आगामी चुनावों में 'जेन-जी'की भूमिका अहम:** बिहार में आने वाले समय में जब भी चुनाव होगा, उसमें जेन जी की भूमिका महत्वपूर्ण होने वाली है. सभी दल इसे समझ रहे हैं, इसलिए उसी के हिसाब से अब निशांत भी तैयारी कर रहे हैं. निशांत ने कहा भी कि जेन जी से हमलोग जुड़ेंगे और उन्हें पार्टी और गठबंधन से जोड़ने की कोशिश करेंगे.

## पोखर में एक ही परिवार के 5 लोग डूबे, 4 की मौत, एक की तलाश जारी

एजेंसी

**मोतिहारी:** बिहार के मोतिहारी जिले के गोविंदगंज थाना क्षेत्र से दर्दनाक खबर सामने आई है. यहां एक पोखर में डूबने से एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई है. मृतकों में एक महिला और उसके चार बच्चे शामिल हैं. हालांकि मामले में आधिकारिक बयान और पुष्टि का इंतजार है.

**पोखर में एक ही परिवार के 5 लोग डूबे:** मृतक महिला की पहचान मोतिहारी जिले के बाभनौली पंचायत निवासी धर्मेन्द्र महतो की पत्नी सुशीला देवी के रूप में हुई है. घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों हड़कंप मच गया. सूचना के बाद अरेराज के अंचलाधिकारी और गोविंदगंज थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची.

**4 की मौत, एक की तलाश जारी:** प्रशासन और गोताखोरों की मदद से अब तक 4 शवों को बरामद कर लिया है, जबकि पांचवें शव की तलाश के लिए रेस्क्यू जारी है. पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है. इस घटना के बाद से पूरे इलाके में मातम पसरा है.घटना के कारणों को लेकर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है. स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, यह मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा हो सकता है. वहीं कुछ लोगों का कहना है कि महिला अपने बच्चों के साथ पशुओं के लिए चारा काटने गई थी और उसी दौरान किसी कारणवश सभी पोखर में डूब गए.




**क्या बोले थाना प्रभारी ?:** पुलिस दोनों संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए गहन जांच कर रही है, ताकि घटना की वास्तविक वजह सामने आ सके. घटना की सूचना मिलते ही अरेराज के अंचलाधिकारी (सीओ) और गोविंदगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने सभी बरामद शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. गोविंदगंज थाना प्रभारी सचितानंद पांडे ने बताया कि मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है.पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है. अभी घटना के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं है. सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी.

# अंधविश्वास में दो सगे भाइयों की मौत..सांप डसने के बाद झाड़-फूंक का चक्कर पड़ा महंगा

एजेंसी

**कैमूर:** बिहार के कैमूर जिले से एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां अंधविश्वास के कारण दो किशोर की जान चली गई. कुदरा थाना क्षेत्र के अजगरा गांव के दो भाई धर्मवीर (15) और धर्मराज (12) रात में छत पर सो रहे थे तभी सांप ने दोनों को डस लिया. समय पर इलाज न मिलने से दोनों मौत हो गयी.




**झाड़-फूंक के चक्कर में गंवाई जान:** दोनों भाइयों को सर्पदंश के बाद परिवार ने तुरंत अस्पताल ले जाने की बजाय पास के कर्मा गांव में ओझा के पास झाड़-फूंक कराने ले गए. घंटों तक झाड़-फूंक होती रही. जब हालत और बिगड़ने लगी तो दोनों को मोहनिया अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया. अस्पताल जाने के दौरान बड़े भाई धर्मवीर की मौत हो गयी. धर्मराज को सदर अस्पताल से बनारस रेफर किया गया. बनारस जाने के दौरान धर्मराज की भी मौत हो गयी.

**बनारस रेफर, इलाज जारी:** मृतक के पिता सत्येंद्र बैठा ने बताया कि मोहनिया से दोनों को भभुआ सदर अस्पताल ले जाया गया. डॉक्टरों के अनुसार समय पर एंटी-स्नेक वेनम मिल जाता तो दोनों की जान बचाई जा सकती थी, लेकिन झाड़-फूंक के कारण काफी देर हो गयी. घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा है. पिता ने जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है.

**परिजनों ने की मुआवजे की मांग:** गांव के महेंद्र कुमार ने बताया कि, परिवार के अनुसार पिता सत्येंद्र बैठा मजदूरी करते हैं. काफी गरीब हैं. इनके दोनों बेटे को रात में सांप ने डस लिया था, जिसके बाद झाड़-फूंक के चक्कर में दोनों की मौत हो गयी. दोनों को लेकर कर्मा गांव ले गए थे, जहां देरी हो गई.

**गांव के लोगों पर अंधविश्वास हावी:** यह घटना एक बार फिर याद दिलाती है कि सर्पदंश का इलाज हर सरकारी अस्पताल में उपलब्ध है. फिर भी कई इलाकों में लोग ओझा-गुनी के पास भागते हैं. समय पर इलाज मिल जाता तो घर का चिराग नहीं बुझता.

**प्रशासन से कार्रवाई की अपील:** स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि अंधविश्वास के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जाए. सर्पदंश के मामलों में तुरंत अस्पताल पहुंचने की सलाह दी जा रही है. धर्मवीर और धर्मराज की मौत ने पूरे गांव को शोक में डाल दिया है.

## सहरसा में डीपीओ के ठिकानों पर ईओयू की रेड, आय से 72% अधिक संपत्ति का आरोप

एजेंसी

**सहरसा :** आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की अलग-अलग टीमों ने शिक्षा विभाग के डीपीओ अजीत अमर के ठिकानों पर छापेमारी शुरू की है. सुबह से ही ईओयू की टीम नयाबाजार स्थित उनके आवास और शिक्षा विभाग के कार्यालय में जांच कर रही है.

**4 ठिकानों पर एक साथ एडव का एक्शन :** बिहार के सहरसा में शिक्षा विभाग में पदस्थ उद्धड के कार्यालय समेत उनके 4 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की गई है. सहरसा समेत बिहार के 3 जिलों में एक साथ एक्शन लिया गया है. घंटों से चल रही कार्रवाई में कई दस्तावेज टीम को बरामद हुए हैं.

**आय से अधिक संपत्ति का मामला :** छापेमारी करने आई टीम ने बताया कि डीपीओ अजीत अमर के ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है. उनके नयाबाजार स्थित रेंट के मकान और शिक्षा विभाग में रेड मारी गई है. कार्यलाय में कोई दस्तावेज बरामद नहीं हुए हैं लेकिन बिहार में अन्य तीन ठिकानों पर हुई छापेमारी में कई संदिग्ध सामान जब्त हुए हैं.



**'72 फीसदी अधिक संपत्ति की खड़ी' :** बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में की जा रही है. आरोप है कि डीपीओ ने अपनी ज्ञात आय के स्रोत से करीब 72 फीसदी अधिक संपत्ति अर्जित की है. इसी मामले में ईओयू की टीम उनके आवास और कार्यालय में संपत्ति, बैंकिंग लेन-देन और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच कर रही है.

**छापेमारी जारी :** छापेमारी के दौरान बड़ी संख्या में अधिकारी और पुलिस जवान मौजूद हैं. टीम द्वारा कई दस्तावेजों और संपत्ति से संबंधित कागजातों को खंगाला जा रहा है. फिलहाल कार्रवाई जारी है. छापेमारी पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि जांच के दौरान क्या-क्या दस्तावेज या अन्य सामग्री बरामद हुई है.

## संक्षिप्त खबरें

### एक घंटे का सफर अब सिर्फ 5 मिनट में पूरा होगा, धनवती नदी पर आरआरसी पुल तैयार

**मोतिहारी:** बिहार के मोतिहारी स्थित 10 प्रखंडों के लोगों को विकास की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि मिलने वाली है. नगर निगम क्षेत्र के मंजूरा वार्ड-32 में धनवती नदी पर 13 करोड़ 71 लाख की लागत से फ्ळउ पुल बनकर तैयार हो चुका है. इस पुल के चालू होने से लोगों को जिला मुख्यालय जाने में बड़ी राहत मिलेगी. पहले जहां जिला मुख्यालय जाने में 1 घंटे लगते थे, अब लोग 5-10 मिनट में पहुंच जाएंगे.प्रोजेक्ट इंजीनियर ने बताया कि पुल निर्माण का काम 80 प्रतिशत पूरा हो चुका है, जबकि अब केवल अप्रोच पथ का निर्माण शेष है. अगले एक महीने के भीतर निर्माण कार्य पूरा कर दिया जाएगा. पुल बनने के बाद कोटवा, कल्याणपुर, केसरिया, संग्रामपुर, मोतिहारी, बंजरिया, पीपराकोठी, सुगौली, तुरकौलिया समेत 10 प्रखंडों के 18 लाख लोगों की राह आसान होगी. पहले 20-22 किमी दूरी तय कर जिला मुख्यालय जाना होता था, अब यह एक किलोमीटर से भी कम हो जाएगी.वर्षों से इस क्षेत्र के लोग धनवती नदी पर पुल निर्माण की मांग कर रहे थे. बरसात के दिनों में नदी पार करना लोगों के लिए बड़ी चुनौती बन जाता था. कई बार लोगों को लंबा चक्कर लगाकर जिला मुख्यालय पहुंचना पड़ता था, जिससे समय और पैसे दोनों की बबार्दी होती थी. लोगों की मांग को देखते हुए इस महत्वाकांक्षी परियोजना की आधारशिला तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी प्रगति यात्रा के दौरान रखी थी. स्थानीय संदीप कुमार सिंह ने बताया कि ₹हम लोग वर्षों से इस पुल का इंतजार कर रहे थे. पुल बनने से जिला मुख्यालय आना-जाना काफी आसान हो जाएगा. छात्रों, किसानों, व्यापारियों और मरीजों, सभी को इसका सीधा लाभ मिलेगा. सरकार ने इस क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी की है, जिसके लिए हम लोग आभार व्यक्त करते हैं.स्थानीय दिनेश कुमार ने बताया कि ₹बरसात के समय सबसे ज्यादा परेशानी होती थी. कई किलोमीटर घूमकर जाना पड़ता था. अब पुल बनने से लोगों का समय बचेगा और परिवहन भी आसान होगा. यह पूरे क्षेत्र के लिए विकास का नया रास्ता साबित होगा. जानकारी के अनुसार, निर्माण कार्य पूरा होने के बाद पुल का उद्घाटन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हाथों कराया जा सकता है. हालांकि, उद्घाटन की आधिकारिक तिथि की घोषणा अभी नहीं हुई है, लेकिन क्षेत्र के लोगों में इस बात को लेकर उत्साह है कि जल्द ही यह पुल आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा.



### मरवाइए देगा सम्राट चौधरी हमको..' पूर्व जेडीयू विधायक गोपाल मंडल का मुख्यमंत्री पर बड़ा आरोप

**पटना:** अपने विवादित बयानों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले जेडीयू के पूर्व विधायक गोपाल मंडल एक बार फिर से चचाओं में है. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को लेकर उन्होंने विवादित बयान दिया है. जब उनसे सम्राट चौधरी के सीएम बनने को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि हम कुछो नहीं बोलेंगे. घेरवाइएगा हमको, मरवाइए देगा सम्राट चौधरी हमको, मत बोलवाइये. इस सवाल का जवाब देते हुए गोपाल मंडल ने कहा, आप लोग सोचते होंगे प्रशांत किशोर जीत गया. प्रशांत किशोर जीता लेकिन पढ़े लिखे हैं, मुखर वक्ता है. लेकिन जंतर-मंतर हिंदुस्तान के अंदर छात्रों ने जो आंदोलन किया, यह लाभ उनको मिला. बांकिपुर विधानसभा बुद्धिजीवियों का जगह है. लेकिन साधारण लोगों को लड़ा दिया.नीतीश कुमार के सवाल पर गोपाल मंडल ने कहा, 2025 बिहार विधानसभा चुनाव में जनता ने नीतीश कुमार का चेहरा देखकर वोट दिया था. वे हट गए तो लोगों ने बदल दिया. इस सवाल पर फिर उन्होंने कहा कि, काहे बोलवाते है, उन्होंने आगे कहा कि जैसे ही मुख्यमंत्री बने हरका (हरा) गमछा वाले को लपेटने लगे. अगर उनके साथ आईएएस लोग नहीं रहे तो क्या बोलेंगे, किसपर लाठी चला देंगे कोई ठिकाना नहीं है. इसपर गोपाल मंडल ने कहा कि, हमको किसी से डर नहीं है, हम तो फाइटर आदमी है. दूसरो को उखाड़ कर फेंक देने वाले व्यक्ति हैं. उन्होंने आगे कहा कि अगर सरकार के खिलाफ कोई बोलेगा उसे मार दिया जाएगा. मैं बोलूंगा तो मुझे भी मार दिया जाएगा. उनसे पूछा गया कि बिहार में ऐसा होता है क्या?. उन्होंने कहा, हां ऐसा है. जब उनसे सवाल पूछा गया कि विपक्ष में तेजस्वी यादव हैं और वो सरकार के खिलाफ रोज बोलते हैं. इस पर उन्होंने कहा कि, उनका गंजन हो रहा है ना. नीतीश कुमार का नियम कानून था जो पूर्व मुख्यमंत्री होगा उनको घर मिलेगा. लेकिन उनकी सुरक्षा हटाई गई. उसके बाद घर खाली कराया गया. तेजस्वी को भूचाल मचा देना चाहिए था. लेकिन कुछ नहीं कर पाया.



### बेटे के जन्मदिन पर पति की आंखें फोड़कर हत्या करने वाली पत्नी और उसके प्रेमी को उम्रकैद

**दरभंगा:** बिहार के दरभंगा व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आदि देव की अदालत ने पति की निर्मम हत्या के जुर्म में पत्नी संगीता देवी और उसके प्रेमी कुंदन कुमार उर्फ बजरंगी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. 21 जुलाई 2023 को सिमरी थाना क्षेत्र के कमरौली गांव के मुर्गी फॉर्म में बेटे का जन्मदिन मनाने गए राम कुमार साह की हत्या पत्नी और उसके प्रेमी ने कर दी थी. बेटे की हत्या के बाद मृतक के पिता रामाशीष साह ने सिमरी थाना में 147/23 प्राथमिकी दर्ज करवाई थी. कोर्ट में सुनवाई के बाद तीन साल बाद हत्यारी पत्नी और प्रेमी को आजीवन कारावास की सजा मिली है.मृतक की पत्नी संगीता देवी कुंदन कुमार के मुर्गी फॉर्म में काम किया करती थी. इस कारण 21 जुलाई 2023 की रात रामकुमार साह अपने बेटे का जन्मदिन मनाने मुर्गी फॉर्म पर पत्नी के पास गया था. दोनों के पांच बच्चे थे, फिर भी संगीता का कुंदन के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था. घटना की रात 11 बजे मृतक के पिता रामाशीष साह को जानकारी मिली की उनके बेटे राम कुमार की पत्नी और उसका प्रेमी कुंदन पिटाई कर रहे हैं. यह सूचना मिलते ही वह अपने लोगों के साथ मुर्गी फॉर्म पर गए, जहां संगीता प्रेमी के साथ मिलकर राम कुमार की पिटाई कर रही थी. वहीं गंभीर चोट लगने से राम कुमार की मौके पर ही मौत हो चुकी थी.संगीता देवी और उसके प्रेमी कुंदन कुमार के द्वारा मृतक की दोनों आंख भी फोड़ दी गई थी. दोनों को घटना के बाद ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चूका था. इस मामले में कुल अभियोजन पक्ष ने 10 गवाहों की गवाही करवाई थी. जिसके बाद जुर्म साबित हो सका. इस मामले में लोक अभियोजक अमरेंद्र नारायण झा ने बताया कि सिमरी थाना कांड संख्या 147/23 से जुड़े सत्रवाद संख्या 675/23 की सुनवाई पूरी की. संगीता देवी और उसके प्रेमी कुंदन कुमार को अदालत ने दोषी करार दिया है.

# फसाई के निशाने पर गुणवत्ता ही नहीं अब गलत दावे और खराब लेबलिंग भी

नई दिल्ली

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (फसाई) पिछले कुछ दिनों से एक्शन मोड में है। साल 2026 में इस विभाग ने फूड कंपनियों और ड्रिंक कंपनियों पर जमकर छापेमारी की है। जिसका नतीजा ये है कि अब सभी फूड कंपनियां, रेस्टोरेंट्स आदि भी डरे हुए हैं और सतर्क भी हैं।

फसाई अब केवल खाने की गुणवत्ता को चेक करने तक ही सीमित नहीं रहा है, बल्कि गलत दावे, खराब लेबलिंग, साफ- सफाई में कमी और प्रोडक्शन के नियमों का पालन ना करने पर भी कंपनियों के खिलाफ सख्त कदम उठा रहा है।

### दावों के पीछे वैज्ञानिक सबूत रखना होगा

*इतना ही नहीं फसाई के अनुसार कंपनियों को अपने द्वारा किए जा रहे दावों के पीछे का वैज्ञानिक सबूत भी रखना होगा। फसाई ने मई में कहा था कि कंपनियों को 100 प्रतिशत, 100 प्रतिशत प्योर और 100 प्रतिशत नेचुरल जैसे शब्दों के इस्तेमाल से बचना होगा, क्योंकि इनसे ग्राहक गुमराह हो सकते हैं। इसका मतलब है कि साल 2026 में फसाई का फोकस सिर्फ मिलावट पकड़ने पर नहीं, बल्कि लेबल, विज्ञापन, मैन्युफैक्चरिंग, साफ-सफाई और ग्राहकों की शिकायतों समेत हर स्तर पर खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने पर है।*

- नियमों का पालन न करने पर कंपनियों के खिलाफ सख्त कदम
- फसाई पिछले कुछ दिनों से सख्त एक्शन के मोड में है




### फसाई की सख्ती

*बीते कुछ दिनों में ही फसाई ने इतने सारे ब्रांड्स पर कार्रवाई कर दी है, कि अब छोटे कारोबारी भी डर के साये में नजर आ रहे हैं। बीते दिन डाबर कंपनी पर बैन लगाया गया। जिसके बाद दशकों से चला आ रहा शराब का ब्रांड ओल्ड मॉन्क को भी भारत में बैन कर दिया गया है। फसाई के इस एक्शन मोड में आने की वजह आखिर क्या है?*

### फसाई क्यों सख्त हुआ

*दरअसल फसाई के द्वारा बढ़ाई गई इस सख्ती का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को गलत जानकारी से बचाना और खाद्य सुरक्षा के नियमों का पालन करवाना है। फसाई का कहना है कि किसी भी प्रोडक्ट के लेबल, नाम या एड में ऐसी जानकारी नहीं होनी चाहिए जिससे ग्राहक को उसकी गुणवत्ता, सामग्री, शुद्धता या स्वास्थ्य लाभ के बारे में गलत जानकारी मिले।*

### नकली घी, तेल और पनीर पर भी कार्यवाही

*फसाई ने जून में नकली घी बनाने और बेचने वाले एक अंतरराज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़ किया था। दिल्ली और हरियाणा में हुई संयुक्त कार्रवाई के दौरान 6,500 लीटर से ज्यादा संदिग्ध मिलावटी घी जब्त किया गया। इसके अलावा बुधवार को ही महाराष्ट्र में फसाई की कार्यवाही में पनीर को बैन कर दिया गया है। हालांकि पूरी तरह से नहीं केवल एनालॉग पनीर को बैन किया गया है। तो वहीं पिछले कुछ समय से बैंगलोर में भी पुराने तेल का इस्तेमाल करने वालों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। फसाई का साफ कहना है कि जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले को बिलकुल भी बक्शा नहीं जाएगा।*

### डाबर इंडिया पर हुई सबसे बड़ी कार्रवाई

*फसाई ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई डाबर इंडिया के खिलाफ की है। फसाई ने इस कंपनी के शहद, देसी घी, एप्पल साइडर विनेगर, वर्जिन कोकोनट ऑयल, तिल का तेल, नारियल पानी और नारियल दूध जैसे कुछ प्रोडक्ट पर 100 प्रतिशत नेचुरल, 100 प्रतिशत प्योर, और 100 प्रतिशत ऑर्गेनिक जैसे दावों पर रोक लगा दी है। इसे लेकर फसाई का कहना है कि ऐसे दावों का सही तरीके से वैज्ञानिक प्रमाण देना मुश्किल है और ये ग्राहकों को भ्रमित कर सकते हैं।*

## खबर संक्षेप




### बायोकॉन के शुद्ध लाभ में 53.36 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** बायोकॉन लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 53.36 प्रतिशत बढ़कर 136.8 करोड़ रुपये हो गया। बायोकॉन लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली यानी अप्रैल-जून तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 89.2 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी एकीकृत कुल आय बढ़कर 4,390.5 करोड़ रुपये हो गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 4,021.6 करोड़ रुपये थी। बायोकॉन लिमिटेड के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी का कुल खर्च भी बढ़कर 4,249.4 करोड़ रुपये हो गया।

### श्रीराम जनरल इंश्योरेंस की आय 23 प्रतिशत बढ़ी



**जयपुर।** श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी (एसजीआई) ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम (जीडीपी) में सालाना आधार पर 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी का जीडीपी बढ़कर 1,180 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की तिमाही में 960 करोड़ रुपये था। कंपनी ने कहा कि उसकी वृद्धि उद्योग की 11 प्रतिशत वृद्धि से अधिक रही। मोटर बीमा कारोबार में कंपनी ने 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि उद्योग की वृद्धि 14 प्रतिशत रही। व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कारोबार में भी 47 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बयान के अनुसार पहली तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ पांच प्रतिशत बढ़कर 131 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 125 करोड़ रुपये था।

### बायर क्रॉपसाइंस के लाभ में 15 फीसदी का उछाल

**नई दिल्ली।** जर्मन कंपनी बायर एजी की भारतीय इकाई बायर क्रॉपसाइंस का वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 15.39 प्रतिशत बढ़कर 321.6 करोड़ रुपये हो गया। बेहतर कीमत और मजबूत उत्पाद मिश्रण की वजह से सकल मार्जिन में सुधार से इसका लाभ बढ़ा है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले की समान तिमाही में उसने 278.7 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। जून तिमाही में कंपनी की कुल आय 0.48 प्रतिशत घटकर 1,923.9 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले साल की इसी अवधि में 1,933.3 करोड़ रुपये थी। इस दौरान खर्च पांच प्रतिशत घटकर 1,521.8 करोड़ रुपये रह गया, जो पहले 1,598.1 करोड़ रुपये था।

### पावर ग्रिड का लाभ घटकर 3,598 करोड़ रुपए रहा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ मामूली घटकर 3,598.42 करोड़ रुपये रह गया। वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 3,630.58 करोड़ रुपये था।

## नीति आयोग के उपाध्यक्ष लाहिडी ने एनसीएईआर में कहा

# निवेश आकर्षित करने भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया आसान बनाने की जरूरत

- देश में कारोबार सुगमता बढ़ाने के लिए काफी काम हुआ
- जमीनी स्तर पर अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है

नई दिल्ली


नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में और निवेश आकर्षित करने के लिए उद्योग स्थापित करने को लेकर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को सरल बनाने की जरूरत है।

लाहिड़ी ने प्रतिष्ठित आर्थिक शोध संस्थान 'नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकनॉमिक रिसर्च' (एनसीएईआर) के 'इंडिया पॉलिसी फोरम' 2026' को संबोधित करते हुए कहा कि देश में कारोबार सुगमता बढ़ाने के लिए काफी काम हुआ है, लेकिन विशेष रूप से जमीनी स्तर पर अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

### विदेशी निवेश ने की भारत की मदद

*लाहिड़ी ने कहा कि विदेशी बचत (पूंजी) ने भारत की मदद जरूर की है, लेकिन इसका स्तर चीन और सिंगापुर जैसे देशों की तुलना में काफी कम रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश में निवेश का प्रमुख स्रोत घरेलू बचत होती है। लाहिड़ी ने कहा, ''घरेलू बचत की कमी निवेश और वृद्धि की संभावनाओं को प्रभावित कर सकती है। कारोबारी सुगमता बढ़ाने के लिए काफी काम हुआ है, लेकिन विशेषकर जमीनी स्तर पर अभी और सुधार की जरूरत है।''*

### सरकारी परियोजनाओं के लिए भी भूमि अधिग्रहण कई बाधाओं से घिरा



### निजी निवेश पर असर

*निवेश को बढ़ावा देने वाले कारकों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि एनसीएईआर के अध्ययन के अनुसार, 1980 से पहले सार्वजनिक निवेश के कारण निजी निवेश पर प्रतिकूल असर पड़ता था, लेकिन उसके बाद सार्वजनिक निवेश निजी निवेश का पूरक बन गया है और अब उसे बढ़ावा दे रहा है।''*

### निवेश वही आएगा जहां लाभ कमाने की संभावना

*लाहिड़ी ने कहा, ''इसका अर्थ है कि अच्छी तरह लक्षित बुनियादी ढांचे पर सरकारी खर्च निजी निवेश को बाधित करने के बजाय उसे बढ़ावा देने में मदद कर सकता है।'' जाने-माने अर्थशास्त्री ने कहा कि घरेलू हो या विदेशी, निवेश वहीं आएगा जहां लाभ कमाने की संभावना होगी।*

### भारत को सबसे आकर्षक स्थान बनाने की जरूरत

*उपाध्यक्ष ने कहा, ''इसीलिए भारत को सफल कारोबार करने और लाभ अर्जित करने के लिए दुनिया का सबसे आकर्षक स्थान बनाने की जरूरत है। ऐसा करके हम विकसित भारत-2047 की यात्रा में आने वाली बाधाओं को दूर कर सकते हैं।'' लाहिड़ी ने कहा कि भारत ने 1990 के दशक में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के लिए अपने दरवाजे खोले थे। इसके बाद 2002-05 के दौरान वार्षिक एफडीआई प्रवाह औसतन तीन से सात अरब डॉलर था। वहीं 2008 में यह बढ़कर 43 अरब डॉलर और 2019 में 50 अरब डॉलर को पार कर गया।*

### भारत में निवेश को प्रभावित करने वाले मुख्य कारक संरचनात्मक

उपाध्यक्ष ने कहा, ''भारत में निवेश को प्रभावित करने वाले कारक मुख्य रूप से संरचनात्मक हैं। उत्पादन कारक (भूमि, श्रम और पूंजी) विशेषकर भूमि और पूंजी से जुड़ी मौजूद खामियां निवेश में बड़ी बाधा हैं।'' लाहिड़ी ने कहा, ''केवल औद्योगिक परियोजनाएं ही नहीं, बल्कि सरकार से जुड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए भी भूमि अधिग्रहण कई बाधाओं से घिरा हुआ है, जिनमें कानूनी चुनौतियां भी शामिल हैं।

# डेटा सेंटर क्षमता के मामले में मुंबई दुनिया में 15वें स्थान पर

## सूची में हैदराबाद 27वें स्थान पर


एजेंसी।

नई दिल्ली। परिचालन में आ चुकी डेटा सेंटर क्षमता के मामले में मुंबई दुनिया में 15वें और हैदराबाद 27वें स्थान पर है। रियल एस्टेट क्षेत्र की परामर्श कंपनी नाइट फ्रैंक की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

नाइट फ्रैंक ने बृहस्पतिवार को जारी अपनी रिपोर्ट 'नाइट फ्रैंक ग्लोबल डेटा सेंटर एटलस 2026' में उत्तर अमेरिका, यूरोप, एशिया-प्रशांत, पश्चिम एशिया और अफ्रीका के 36 प्रमुख वैश्विक डेटा सेंटर बाजारों की तुलना की है। रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई चालू हो चुकी डेटा सेंटर क्षमता के आधार पर 15वें और विकासाधीन क्षमता के आधार पर 11वें स्थान पर है।

कंपनी ने कहा कि 774 मेगावाट की परिचालन सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षमता और लगभग पांच गीगावाट की विकासाधीन क्षमता के साथ मुंबई भारत का प्रमुख डेटा सेंटर बाजार और एशिया-प्रशांत क्षेत्र के अग्रणी डिजिटल अवसंरचना केंद्रों में शामिल हो गया है।

हैदराबाद 151 मेगावाट की परिचालन वाली आईटी क्षमता के साथ वैश्विक स्तर पर 27वें स्थान पर है, जबकि 2.2 गीगावाट से अधिक की विकासाधीन क्षमता के आधार पर उसका स्थान 19वां है। रिपोर्ट में दो प्रमुख मानकों के आधार पर बाजारों का आकलन किया गया है।



रियल स्टेट क्षेत्र की नाइट फ्रैंक ने जारी की सूची

### शीर्ष पांच स्थान उत्तर अमेरिका के केंद्रों के पास

*परिचालन में आ चुकी आईटी क्षमता के मामले में शीर्ष पांच स्थान उत्तर अमेरिका के केंद्रों के पास हैं। इनमें एशबर्न पहले, कोलंबस दूसरे, डलास तीसरे, फीनिक्स चौथे और अटलांटा पांचवें स्थान पर हैं। टोक्यो छठे, लंदन सातवें, डबलिन आठवें, शिकॉगो नौवें और सिंगापुर 10वें स्थान पर है।*

### वैश्विक रैंकिंग में भारत की मौजूदगी

*नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा कि वैश्विक रैंकिंग में भारत की मौजूदगी दर्शाती है कि देश तेजी से रणनीतिक डिजिटल अवसंरचना केंद्र के रूप में उभरा है।*

# रिलायंस, आईसीआईसीआई बैंक में लिवाली से सेंसेक्स 374 अंक चढ़ा

## निफ्टी में मामूली 11 अंक की तेजी रही

मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को मिला-जुला रुख रहा। कच्चे तेल के दाम में नरमी और रिलायंस इंडस्ट्रीज तथा आईसीआईसीआई बैंक जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 374 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी में मामूली 11 अंक की तेजी रही।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कारोबार के दौरान पूरे समय सकारात्मक दायरे में रहा। अंत में यह 373.76 अंक चढ़कर 78,954.76 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी पूरे दिन सीमित दायरे में कारोबार करता रहा और अंत में 11.35 अंक की मामूली बढ़त के साथ 24,636 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी ऊंचे में 24,677.05 अंक तक गया और नीचे में 24,604.15 अंक तक आया। सोमवार से दोनों प्रमुख सूचकांकों के प्रदर्शन में अंतर देखने को मिल रहा है। यह बदलाव उन शेयरों के लिए नई नीलामी व्यवस्था लागू किए जाने के बाद आया है, जिनमें वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) अनुबंध उपलब्ध हैं।



### घरेलू शेयर बाजार में मिश्रित रुख रहा

*एचएसटी वेल्थ के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हरिसेल्वन राधाकृष्णन ने कहा, ''घरेलू शेयर बाजार में मिश्रित रुख रहा...। निवेशकों की धारणा पश्चिम एशिया संघर्ष के कूटनीतिक समाधान की उम्मीद के बीच सतर्क लेकिन सकारात्मक बनी रही।''*

### इन शेयरों में रही तेजी

*सेंसेक्स में शामिल शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज में सबसे अधिक 3.43 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा, भारतीय स्टेट बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, आईसीआईसीआई बैंक, इटर्नल और टाइटन भी बढ़त दर्ज करने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंटरग्लोब एविएशन और महिंद्रा एंड महिंद्रा शामिल हैं।*

नागर विमानन मंत्री नायडू ने किया स्पष्ट

# विमान ईंधन में एथनॉल मिलाने का प्रस्ताव नहीं

गलत जानकारी से यात्रियों में चिंता पैदा होती है

नई दिल्ली

नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने बृहस्पतिवार को कहा कि विमान ईंधन (एटीएफ) में एथनॉल मिलाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

उन्होंने यह भी कहा कि विमानन सुरक्षा को लेकर गलत जानकारी फैलाने से हवाई यात्रियों में बेवजह चिंता पैदा होती है।

नायडू ने यह बात दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उस दावे के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि केंद्र सरकार एटीएफ में एथनॉल मिलाने की योजना बना रही है। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''सूत्रों ने संकेत दिया है कि नरेन्द्र मोदी सरकार विमान ईंधन में एथनॉल मिलाने की योजना बना रही है।

### विमान ईंधन पूरी तरह अलग

*मंत्री ने स्पष्ट किया कि एथनॉल और पर्यावरण अनुकूल विमान ईंधन पूरी तरह अलग-अलग हैं और दोनों को एक-दूसरे से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''एसएएफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित विमानन ईंधन है, जिसे अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन ने मान्यता दी है। इसे दुनिया के कई देशों ने अपनाया है। यह कड़े परीक्षणों से गुजरता है और वैश्विक सुरक्षा मानकों पर खरा उतरा है।''*

# वाहनों की कुल खुदरा बिक्री जुलाई में 25.89 फीसदी बढ़ी

## खुदरा बिक्री जुलाई में 25.91 लाख इकाई पर

नई दिल्ली

देश में वाहनों की कुल खुदरा बिक्री जुलाई में सालाना आधार पर 25.89 प्रतिशत बढ़कर 25,91,138 इकाई हो गई। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। फाडा ने कहा कि पिछले साल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में बदलाव के बाद मांग में आई तेजी का सिलसिला जारी है। फाडा ने बयान में कहा कि वाहनों की खुदरा बिक्री जुलाई, 2025 में 20,58,325 इकाई रही थी।

यात्री वाहनों (पीवी) की खुदरा बिक्री जुलाई में 19.13 प्रतिशत वृद्धि के साथ 4,16,555 इकाई रही, जो पिछले साल जुलाई में 3,49,674 इकाई थी। दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 28.25 प्रतिशत बढ़कर 18,18,289 इकाई हो गई, जबकि जुलाई, 2025 में यह 14,17,767 इकाई थी। फाडा के अनुसार, जुलाई में तिपहिया वाहनों की बिक्री 16.16 प्रतिशत बढ़कर 1,33,778 इकाई रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 1,15,166 इकाई थी।

जीएसटी दरों में बदलाव के बाद मांग में तेजी का सिलसिला जारी



### दोपहिया ईवी की हिस्सेदारी बढ़कर 11.24 प्रतिशत

*गिरिधर ने कहा कि दोपहिया वाहन खंड में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी बढ़कर रिकॉर्ड 11.24 प्रतिशत हो गई, जो पिछले साल जुलाई में 7.65 प्रतिशत थी। हालांकि, अधिक मांग वाले मॉडल की सीमित आपूर्ति के कारण लंबित बुकिंग बनी हुई है।*

### ईवी बिक्री उच्च स्तर पर

*गिरिधर ने कहा कि जुलाई में कुल इलेक्ट्रिक वाहन खुदरा बिक्री 3,27,901 इकाई के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, जबकि दोपहिया और वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री भी रिकॉर्ड स्तर पर रही, जिससे कुल वाहन बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी बढ़कर लगभग 12.7 प्रतिशत हो गई। पिछले साल जुलाई में यह 9.6 प्रतिशत थी।*

35% कंपनियां एआई का उपयोग कर रही

# बिजली उत्पादन में एआई का उपयोग 2030 तक 65% होगा

नई दिल्ली

देश के बिजली उत्पादन क्षेत्र में कृत्रिम मेधा (एआई) का उपयोग वर्ष 2030 तक 35 प्रतिशत से बढ़कर 65 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है और यह संचालन क्षमता का मुख्य आधार भी बन जाएगा। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

'द एनर्जी एंड क्लाइमेट इनिशिएटिव सोसायटी' (ईएनसीआईएस) के अध्ययन के मुताबिक, फिलहाल करीब 35 प्रतिशत बिजली उत्पादक कंपनियों ने अपने मुख्य परिचालन में एआई को अपनाया हुआ है और यह संख्या तेजी से बढ़ने का अनुमान है। यह अध्ययन दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु और चेन्नई में उपयोगिता और प्रौद्योगिकी कंपनियों के 250 पेशेवरों के बीच किया गया।



### खराबी पता लगाने में मिलती है मदद

*अध्ययन से पता चलता है कि एआई के उपयोग में भविष्यवाणी-आधारित परिसंपत्ति प्रबंधन और सक्रिय रखरखाव सबसे अहम क्षेत्र के रूप में उभर रहे हैं। आधे से अधिक लोगों ने कहा कि इससे खराबी का पहले पता लगाने, बिजली आपूर्ति बाधित होने की घटनाएं कम करने और उपकरणों की उम्र बढ़ाने में मदद मिलेगी।*

देश की सोच में बदलाव की जरूरत

## नंदन नीलेकणि ने कहा- छोटे कारोबार बढ़ाएंगे रोजगार

# एआई से बड़ी कंपनियों में नौकरियां घटेंगी

नई दिल्ली

इन्फोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि ने बृहस्पतिवार को कहा कि स्वचालन और कृत्रिम मेधा (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल से भारत की बड़ी एवं सुव्यवस्थित कंपनियों में आने वाले वर्षों में नौकरियां घट सकती हैं, जबकि लाखों छोटे कारोबार भविष्य में रोजगार सृजन का प्रमुख आधार बनेंगे।

'एनसीईआर इंडिया पॉलिसी फोरम-2026' को संबोधित करते हुए नीलेकणि ने कहा कि रोजगार सृजन को लेकर देश की सोच में बुनियादी बदलाव की जरूरत है। नीलेकणि नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकनॉमिक रिसर्च (एनसीईआर) के संचालन मंडल के चेयरमैन भी हैं।

### बड़ी कंपनियां रोजगार घटाने वाली बनेंगी

*नीलेकणी ने कहा, ''बड़ी कंपनियां, जो बहुत सुव्यवस्थित ढंग से काम करती हैं, नौकरियों में कटौती के लिहाज से सबसे अधिक प्रभावित होंगी। इसका कारण यह है कि वहां हर काम कुछ तय कार्यों तक सीमित होता है, जिन्हें स्वचालन के जरिये आसानी से किया जा सकता है। इसलिए आने वाले वर्षों में बड़ी कंपनियां शुद्ध रूप से रोजगार घटाने वाली बन सकती हैं।''*




### भारतीय अर्थव्यवस्था का भविष्य लाखों छोटे कारोबार में

इसके विपरीत, उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था का भविष्य लाखों छोटे कारोबार क्षेत्रों में है, क्योंकि वे एआई से होने वाले बदलावों के प्रति अपेक्षाकृत अधिक सक्षम हैं। नीलेकणि ने कहा, ''लाखों छोटे कारोबार में एआई के जरिये व्यापक स्तर पर बदलाव करना कहीं अधिक जटिल है। इसलिए उन पर नौकरियों में कटौती का असर अपेक्षाकृत कम होगा और वे अधिक रोजगार सृजित करेंगे।''

### स्टार्टअप संख्या 2035 तक 10 लाख संभव

नीलेकणी ने कहा कि भविष्य में अर्थव्यवस्था इस सोच पर आगे बढ़ेगी कि कुछ कंपनियां लाखों लोगों को रोजगार दें, इसके बजाय लाखों कंपनियां एक-एक व्यक्ति को रोजगार दें। नीलेकणि ने अनुमान जताया कि भारत में स्टार्टअप की संख्या 2035 तक बढ़कर 10 लाख हो सकती है। जबकि फिलहाल यह करीब 1.5 लाख है।

# नए एफडीआई नियम से 1.8 करोड़ एमएसएमई को मिलेगा वैश्विक बाजार, ई-कॉमर्स निर्यात को बढ़ावा

भोपाल

इन्वेंट्री-आधारित ई-कॉमर्स निर्यात के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों में किए गए नए सुधार का उद्योग विशेषज्ञों और कारोबारी संगठनों ने स्वागत किया है। उनका कहना है कि यह नीति भारत के 1.8 करोड़ विनिर्माण एमएसएमई के लिए वैश्विक बाजारों तक पहुंच आसान बनाएगी और निर्यात को नई गति देगी।

विशेषज्ञों के अनुसार, नए नियम के तहत केवल निर्यात के उद्देश्य से इन्वेंट्री-आधारित ई-कॉमर्स में एफडीआई की अनुमति दी गई है। इससे वस्त्र, हस्तशिल्प, मसाले, इंजीनियरिंग उत्पाद, आभूषण और अन्य प्रतिस्पर्धी उत्पाद बनाने वाले छोटे एवं मध्यम उद्योगों को वैश्विक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के जरिए अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच मिलेगी। एम्पावर इंडिया के महानिदेशक के. गिरी ने कहा कि यह सुधार 'मेक इन इंडिया' को मजबूती देगा और वैश्विक कंपनियों को भारत में निर्माण कर सीधे विदेशी बाजारों तक पहुंचने का अवसर देगा। उन्होंने कहा कि अब तक एमएसएमई की सबसे बड़ी चुनौती उत्पादन नहीं, बल्कि निर्यात के लिए आवश्यक अवसंरचना की कमी थी, जिसे यह नीति दूर करती है। हाई पीक स्ट्रेटेजी एलएलसी के संस्थापक डॉ. स्पेंसर कोहेन ने कहा कि चीन की तरह भारत में भी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म छोटे निर्माताओं और वैश्विक ग्राहकों के बीच मजबूत सेतु बन सकते हैं।

### यह सुधार लाखों एमएसएमई को वैश्विक बाजार से जुड़ने का अवसर देगा

वहीं इंडिया एमएसएमई फोरम के अध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा कि यह सुधार लाखों एमएसएमई को निर्यात अवसंरचना विकसित किए बिना वैश्विक बाजार से जुड़ने का अवसर देगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह व्यवस्था सीमा-पार लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और अंतरराष्ट्रीय वितरण जैसी सुविधाओं को एकीकृत करेगी, जिससे उत्तर प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु और राजस्थान जैसे प्रमुख विनिर्माण राज्यों के एमएसएमई को विशेष लाभ मिलेगा। उनका कहना है कि यह सुधार 2 ट्रिलियन डॉलर की निर्यात अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।

## खबर संक्षेप




### विश्व एथलेटिक्स अंडर 20 के फाइनल में तीन भारतीय

यूजीन। भालाफेंक खिलाड़ी आशीष यादव और टी धरणीधरन के साथ चक्काफेंक खिलाड़ी अमानत कम्बोज ने विश्व एथलेटिक्स अंडर 20 चैम्पियनशिप के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करके फाइनल के लिये क्वालीफाई कर लिया। यादव पुरूषों के भालाफेंक ग्रुप ए क्वालीफिकेशन दौर में 69 . 87 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष पर रहे और कुल दूसरा स्थान हासिल किया । दक्षिण अफ्रीका के जान हेंडरिक हेमैंस 76 . 02 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष पर रहे । धरणीधरन 68 . 07 मीटर का थ्रो फेंककर बारहवें और आखिरी स्थान पर रहे और फाइनल में जगह बनाई। भारतीय सुपरस्टार नीरज चोपड़ा के नाम इस स्पर्धा का विश्व रिकॉर्ड है जिन्होंने 2016 में पोलैंड में 86 . 48 मीटर का थ्रो फेंका था। महिलाओं के चक्काफेंक में अमानत ने ग्रुप ए में 52 . 58 मीटर का थ्रो फेंककर छठा स्थान हासिल किया और कुल 12वें स्थान पर रहे । चीन की सू यिशिन 58 . 06 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष रही ।

### बोडोलैंड एफसी ने एफसी वन को 3-0 से हराया



गुवाहाटी। बोडोलैंड एफसी ने शुरूआती मैच में नॉर्थईस्ट यूनाईटेड के हाथों मिली हार के बाद वापसी करते हुए बृहस्पतिवार को यहां डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप एफ मुकाबले में एफसी वन पर 3-0 की शानदार जीत दर्ज की। इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में बोडोलैंड एफसी के लिए तीनों गोल दूसरे हाफ में हुए। रोबिन्सन रेंडन ने 57वें मिनट में, रितुराज मोहन ने 78वें मिनट में और आरोन थापा ने 82वें मिनट में गोल दागे।

### मेस्सी के दो गोल से इंटर मियामी जीता



मियामी। लियोनेल मेस्सी ने विश्व कप के बाद पहले दो गोल किये जिसकी मदद से इंटर मियामी ने लीग्स कप में एटलेटिको सान लुईस को 4-2 से हराया । बिजली कड़कने और बारिश के कारण दूसरे हाफ में मैच 30 मिनट के लिये रोकना पड़ा । मेस्सी ने 11वें और 44वें मिनट में गोल किये। उनके अब लीग्स कप में 12 मैचों में 14 गोल हो गए हैं । टेलास्को सेगोविया और डिफेंडर माइकल ने भी गोल दागे ।विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले मेस्सी अर्जेंटीना को फाइनल तक ले गए थे लेकिन स्पेन ने 1-0 से हराकर लगातार दूसरा खिताब जीतने का उनका सपना तोड़ दिया। मेस्सी का विश्व कप के बाद यह दूसरा मैच था । 39 बरस के मेस्सी शनिवार को कोलंबस क्रू के खिलाफ ड्रॉ रहे मैच में 37 मिनट स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर खेले थे ।

## आज से श्रीलंका एकादश के खिलाफ तीन दिवसीय मुकाबला

# फिरकी के खिलाफ खुद को परखेंगे भारतीय बल्लेबाज



कोलंबो

भारतीय बल्लेबाज अगले सप्ताह श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले शुक्रवार को 'नॉनडिस्क्रिप्ट्स क्रिकेट क्लब' मैदान पर श्रीलंका एकादश के विरुद्ध खेले जाने वाले तीन दिवसीय अभ्यास मैच में स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अपनी तैयारियों को पुख्ता कोशिश करेंगे।

हाल के दिनों में घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखलाओं में भारतीय बल्लेबाजों की सबसे बड़ी कमजोरी बेहतर स्पिन गेंदबाजी के सामने उजागर हुई थी। श्रीलंका के खिलाफ भी परिस्थितियां कुछ अलग नहीं होंगी। श्रीलंका के पास विशेष रूप से घरेलू परिस्थितियों में प्रभावी स्पिन आक्रमण है। ऐसे में 15 अगस्त से गॉल में खेले जाने वाले पहले टेस्ट से पहले यह अभ्यास मैच भारतीय बल्लेबाजों के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



### हमारे पास हर चुनौती का जबाव तैयार होना चाहिए

*मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भी खिलाड़ियों को हर पहलू पर पूरी तैयारी करने का संदेश दिया। उन्होंने बीसीसीआई की ओर से जारी वीडियो में कहा, 'हमें पता है कि हमारे सामने क्या चुनौती है। हम भरपूर अभ्यास कर सकते हैं, अपनी क्षमता की सीमाओं को आगे बढ़ा सकते हैं, हर तैयारी पूरी कर सकते हैं और 15 अगस्त की सुबह, चाहे हम पहले बल्लेबाजी करें या गेंदबाजी, हमारे पास हर चुनौती का जवाब तैयार होना चाहिए। इसलिए अभी से हर पहलू पर पूरी तैयारी सुनिश्चित करें।'*

### खिलाड़ियों को तालमेल बैठाने का अवसर मिलेगा

कप्तान शुभमन गिल, लोकेश राहुल और यशस्वी जायसवाल जैसे प्रमुख बल्लेबाज श्रीलंका रवाना होने से पहले अपने-अपने घरेलू अभ्यास केंद्रों पर स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अभ्यास कर चुके हैं, लेकिन श्रीलंकाई पिचों पर मैच जैसी परिस्थितियों में खेलने का अनुभव उससे कहीं अधिक उपयोगी होगा। यह तीन दिवसीय मुकाबला खिलाड़ियों को स्थानीय परिस्थितियों से तालमेल बैठाने का अवसर देगा।

### टीम के कई खिलाड़ी पहली बार लाल गेंद से खेलेंगे

टीम के कई खिलाड़ी पहली बार श्रीलंका में लाल गेंद के क्रिकेट में उतरेंगे। भारत ने पिछली बार 2017 में श्रीलंका में टेस्ट श्रृंखला खेली थी और तब से टीम में बड़े बदलाव आ चुके हैं। मौजूदा भारतीय टीम में केवल लोकेश राहुल, कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा को ही श्रीलंका में टेस्ट खेलने का अनुभव है।

### टीमें इस प्रकार हैं

भारतः शुभमन गिल (कप्तान), लोकेश राहुल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मानव सुतार, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़, देवदत्त पडिक्कल, सारांश जैन, आकिब नबी।

श्रीलंका एकादश : निशान मधुष्का, रविंदु रशनथा, पसिंदु सूरियाबंदर, पवन रतनायके, अहान विक्रमसिंघे, सोनल दिनुषा (कप्तान), अंजला बंडारा (विकेटकीपर), निपुन दनंजय, लाहिरू कुमारा, विश्वा फर्नांडो, असंका मनोज, इसिथा विजेसुंदरा, रमेश मेंडिस, केसारा नुवंथा, दिलुम सुदीरा।
मैच भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजे शुरू होगा।

## मुकाबला 19 को

# हॉकी विश्व कप में भारत को ड्रॉ पर रोक सकता है पाक



लाहौर

पाकिस्तान हॉकी टीम के मुख्य चयनकर्ता समीउल्लाह खान ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी टीम 19 अगस्त को होने वाले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत को ड्रॉ पर रोक सकती है।

खान ने कहा कि बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले इस टूर्नामेंट में पहले दौर के पूल चरण से आगे बढ़ने के लिए यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण होगा। पाकिस्तान ने बुधवार को विश्व कप (15 से 30 अगस्त) के लिए 20 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम आठ साल बाद इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है। समीउल्लाह ने कहा, ''व्यावहारिक रूप से भारत को कम से कम ड्रॉ पर रोकना हमारे लिए अहम होगा। हमारे पास वेल्स को हराने की क्षमता है लेकिन सबसे मुश्किल प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड होगा जिसकी रैंकिंग काफी ऊंची है। वहीं एफआईएच रैंकिंग में हम फिलहाल 12वें स्थान पर हैं।''पाकिस्तान के पूर्व कप्तान समीउल्लाह ने बताया कि टीम निदेशक और मुख्य कोच हरमन क्रूइस सीधे नीदरलैंड में टीम से जुड़ेंगे जहां वह टूर्नामेंट से पहले की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने क्रूइस की सहायता के लिए दो विदेशी कोच बॉब जोहान वेल्डहॉफ और क्रिस्टोफर बोवेन को भी शामिल किया है।

### भारत भी पाक के ग्रुप में शामिल

समीउल्लाह के अनुसार टीम का चयन राष्ट्रीय चयनकर्ताओं और हाल में नियुक्त विदेशी कोचिंग स्टाफ ने मिलकर किया है। भारत भी पाकिस्तान के ग्रुप में शामिल है और समीउल्लाह को भरोसा है कि उनकी टीम भारत को ड्रॉ पर रोक सकती है। पूल डी में इंग्लैंड और वेल्स अन्य टीमें हैं। पाकिस्तान अपने अभियान की शुरुआत 15 अगस्त को नीदरलैंड के एम्सटेलवीन में इंग्लैंड के खिलाफ करेगा।

## दूसरा टेस्ट

# पाक ने विंडीज को हरा विदेशी जमीं पर हार का सिलसिला किया खत्म




पोर्ट ऑफ स्पेन

पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हरा दिया है। चौथी पारी में पाक टीम को सिर्फ 74 रनों का लक्ष्य मिला था, जिसे पाकिस्तान ने आसानी से हासिल कर लिया।

इसी के साथ 2 टेस्ट मैचों की यह सीरीज एक-एक से ड्रॉ रही। सीरीज चाहे बराबरी पर समाप्त हुई, लेकिन पाकिस्तान ने 1105 दिनों से चले आ रहे हार के सिलसिले का अंत कर दिया है। वेस्टइंडीज की टीम ने पहली पारी में 344 रनों का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में अब्दुल्लाह शफीक के ऐतिहासिक शतक की बदौलत पाकिस्तान पहली पारी में 387 रन बनाकर 43 रनों की बढ़त ले पाया।

दूसरी पारी आई तो अली उस्मान और साजिद खान ने मिलकर 8 विकेट चटकाए और कैरेबियाई टीम 117 रनों पर सिमट गई। पाकिस्तान को सिर्फ 74 रनों का लक्ष्य मिला। बाबर आजम और अब्दुल्लाह शफीक 24-24 रन बनाकर नाबाद लौटे।

### 1105 दिन बाद आई जीत

दरअसल पिछले करीब 3 साल से पाकिस्तान टीम विदेशी सरजमीं पर कोई टेस्ट मैच नहीं जीत पाई थी। विदेश में उसकी आखिरी जीत 27 जुलाई 2023 के दिन श्रीलंका के खिलाफ आई थी। उस समय पाक टीम ने श्रीलंका को पारी और 222 रनों से हराया था। उसके बाद 1105 दिन बीत चुके थे, लेकिन पाकिस्तान को विदेश में कोई टेस्ट जीत नहीं मिल पा रही थी।

### बाबर को दोबारा कप्तान बनाया गया

आखिरकार बाबर आजम की कप्तानी में पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट में 8 विकेट से हराकर 3 साल से चले आ रहे हार के सिलसिले का अंत किया। गजब की बात यह है कि 3 साल पहले श्रीलंका के खिलाफ जीत भी बाबर आजम की ही कप्तानी में आई थी। बताते चलें कि पीसीबी ने हाल ही में शान मसूद को टेस्ट कप्तानी से हटाकर बाबर आजम को दोबारा रेड बॉल टीम का कप्तान बनाया है।

### चानू जूनियर एशिया कप में भारतीय महिला हॉकी टीम की बनी कप्तान



नई दिल्ली। मिडफील्डर खाइदेम शैलेमा चानू चीन के मोकी में 30 अगस्त से 13 सितंबर तक होने वाले जूनियर एशिया कप में भारत की 18 सदस्यीय जूनियर महिला टीम की कप्तानी करेंगी । टूर्नामेंट की तैयारी के लिये भारतीय टीम हाल ही में ब्रिटेन के दौरे से लौटी है । एशिया कप में मैचों का कार्यक्रम और पूल की जानकारी टूर्नामेंट शुरू होने के आसपास दी जायेगी । मुख्य कोच टिम व्हाइट ने कहा, ''इन युवा खिलाड़ियों ने टीम में जगह बनाने के लिये जो प्रतिबद्धता और दृढता दिखाई है, मुझे उस पर गर्व है । पिछले कुछ महीने में उन्होंने लगातार काम किया है और खेल के हर पहलू में सुधार किया है ।''

टीम : गोलकीपर : निधि, एंजिल हर्षा रानी मिंज
डिफेंडर : पूजा साहू, सुप्रिया, पूजा मलिक, पार्वती टोप्नो, मधु
मिडफील्डर : खाइदेम शैलेमा चानू (कप्तान), तनुजा टोप्पो, बिनिमा धन, रोशनी इंद , गीता यादव
फॉरवर्ड : लालरिंपुइ, पूर्णिमा यादव, सुखवीर कौर, कृष्णा शर्मा, सानिका माने, मधु सिद्वार
रिजर्व : एफ लालबियाक्सियामी, तनुश्री काढु ।

## इंग्लैंड पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला खेलेगी

# इंग्लैंड की टीम में लॉरेंस, कार्स पोप और कुक की हुई वापसी



लंदन

इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट मैच की आगामी श्रृंखला के पहले मुकाबले के लिए डैन लॉरेंस को दो साल बाद टीम में वापसी का मौका दिया है जबकि जैकब बेथेल दाहिने घुटने की चोट के कारण पूरी श्रृंखला से बाहर हो गए हैं।

बेन स्टोक्स के संन्यास लेने के बाद के दौर की शुरुआत 19 अगस्त से लीड्स में होगी और सरे के बल्लेबाजी ऑलराउंडर लॉरेंस को पूर्व टेस्ट कप्तान की जगह लेने की बड़ी जिम्मेदारी संभालने का पहला मौका मिलेगा। लॉरेंस के छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने की संभावना है जबकि विकेटकीपर जेमी स्मिथ उनसे एक स्थान नीचे उतर सकते हैं। बेथेल की अनुपस्थिति ने जोर्डन कॉक्स के लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने का रास्ता खोल दिया है। कॉक्स भी चोट के कारण जून में ही न्यूजीलैंड के खिलाफ द ओवल में टेस्ट पदार्पण कर पाए थे जहां उन्हें सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करनी पड़ी थी। तेज गेंदबाज ब्राइडन कार्स दाहिने हाथ की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ 1-2 से गंवाई श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। उन्हें इंग्लैंड की 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।

टेस्ट कप्तान के रूप में जो रूट की वापसी हुई है जबकि नव नियुक्त कोच स्टीफन फ्लेमिंग की अनुपस्थिति में अंतरिम कोच मार्कस ट्रेस्कोथिक टीम चयन में शामिल रहे।

## कहा, मैदान पर उतरते ही हमारे पास हर सवाल का जवाब होगा


# 15 अगस्त से पहले गंभीर ने भरा खिलाड़ियों में जोश

कोलंबो



भारतीय टीम का हाल के वर्षों में घरेलू मैदान पर टेस्ट में प्रदर्शन निराशाजनक रहा है लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर को उम्मीद है कि 15 अगस्त से श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए उनकी टीम पूरी तरह तैयार रहने के साथ हर चुनौती का जवाब देने में सक्षम रहेगी।

अभ्यास सत्र से पहले खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए गंभीर ने टीम में शामिल हुए नए खिलाड़ियों स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला सारांश जैन और तेज गेंदबाज आकिब नबी का भी स्वागत किया। सोशल मीडिया पर जारी किया गंभीर ने वीडियो सोशल मीडिया पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा साझा किए गए वीडियो में गंभीर ने कहा,''हम जानते हैं कि हमारे सामने क्या चुनौती है और हम किस लक्ष्य के लिए खेल रहे हैं। हम कड़ी मेहनत कर सकते हैं, अपनी क्षमता को आगे बढ़ा सकते हैं और हर तैयारी पूरी कर सकते हैं।''




### तैयारियों में कोई कमी नहीं छोड़नी है

गंभीर ने आगे कहा, '' 15 अगस्त की सुबह जब मैच शुरू होगा, चाहे हम पहले बल्लेबाजी करें या गेंदबाजी हमें हर सवाल का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार रहना है। इसलिए अभी से अपनी तैयारियों में कोई कमी नहीं छोड़नी है।''

श्रृंखला का पहला टेस्ट 15 अगस्त से गॉल में खेला जाएगा, जबकि दूसरा मुकाबला 23 अगस्त से कोलंबो में होगा।

### सारांश का किया स्वागत

*गंभीर ने सारांश का स्वागत करते हुए कहा, '' सारांश, सबसे पहले तुम्हें बधाई। यहां तक पहुंचने के लिए तुमने काफी मेहनत की है। जब भी तुम्हें देश के लिए खेलने का मौका मिले, यह सुनिश्चित करना कि तुम अपने परिवार और देश का नाम रोशन करो।''*

### गंभीर ने नबी को दी बधाई

*गंभीर ने नबी को बधाई देते हुए कहा, '' आकिब पिछले सत्र तुम्हारा प्रदर्शन शानदार रहा। जम्मू-कश्मीर का रणजी ट्रॉफी जिताना एक बड़ी उपलब्धि है। इसके लिए तुम्हें एक बार फिर बधाई।''*

# अब बदलेगा टीम इंडिया का फिटनेस सिस्टम, 10 मिनट में 2 किमी दौड़ना जरूरी

नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के लिए फिटनेस टेस्ट पास करना अब पहले से ज्यादा मुश्किल हो गया है। आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर टीम के खराब प्रदर्शन के बाद बीसीसीआई ने फिटनेस पैरमीटर्स को ज्यादा चैलेंजिंग बनाने का फैसला किया है। भारतीय खिलाड़ियों को अपनी फिटनेस साबित करने के लिए दो तरह के टेस्ट से गुजरना होता है।

इनमें एक ब्रोंको टेस्ट और दूसरा 2 किलोमीटर की दौड़ है। ब्रोंको टेस्ट के लिए पहले 6 मिनट का समय मिलता था। अब इसे 5 मिनट 15 सेकेंड से लेकर 5 मिनट 20 सेकेंड में पूरा करना होगा। इसके ठीक बाद 2 किलोमीटर की दौड़ 9 से 10 मिनट में पूरी करनी होगी।

### समय में 40 सेकेंड तक की कमी की गई

ब्रोंको टेस्ट में पांच सेट होते हैं। हर सेट में खिलाड़ियों को 20 मीटर अप-डाउन, 40 मीटर अप-डाउन और 60 मीटर अप-डाउन की दौड़ लगानी होती है। यानी एक सेट में कुल 240 मीटर दौड़ना होता है। पूरे टेस्ट में इस तरह के पांच सेट लगाने होते हैं। सेट के बीच कोई ब्रेक नहीं होता। पहले पूरे टेस्ट के लिए 6 मिनट का समय था। अब इसमें 40 सेकेंड तक की कमी की गई है।

### पहले यो-यो टेस्ट टीम इंडिया के लिए फिटनेस का बड़ा पैमाना था




### पहले यह स्टैंड अलोन टेस्ट था

ब्रोंको टेस्ट के अलावा खिलाड़ियों को 2 किलोमीटर की रनिंग भी करनी होती है। पहले यह स्टैंड अलोन टेस्ट था। यानी इसे ब्रोंको के साथ नहीं लिया जाता था। पुराने नियम के तहत फास्ट बॉलर्स को 8 मिनट 15 सेकेंड में 2 किलोमीटर दौड़ना होता था। बाकी खिलाड़ियों के लिए 8 मिनट 30 सेकेंड का समय निर्धारित था।

### ब्रोंको टेस्ट के ठीक बाद 2 किमी की रनिंग

अब 2 किलोमीटर की रनिंग ब्रोंको टेस्ट के ठीक बाद करनी होगी। समय में कुछ रियायत दी गई है। खिलाड़ी 2 किलोमीटर की दौड़ 9 से 10 मिनट में पूरी कर सकते हैं। दोनों टेस्ट बैक टु बैक होंगे, लिहाजा खिलाड़ियों के लिए यह पहले से ज्यादा चैलेंजिंग है।

### बार-बार इंजरी पर फिजियो से जवाब-तलब

खिलाड़ियों के लगातार चोटिल होने और इंग्लैंड के अनुकूल मौसम में भी मांसपेशियों में खिंचाव यानी क्रैम्प्स की शिकायतों के बाद बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया और टीम मैनेजमेंट ने टीम के फिजियो कमलेश जैन से जवाब-तलब किया है। उन्हें साफ कहा गया है कि किसी भी खिलाड़ी के कद या स्टार स्टेटस की परवाह किए बिना फिटनेस में कमी दिखे तो उसकी तुरंत जानकारी दें। मैनेजमेंट का मानना है कि कई खिलाड़ियों की मैदान पर मोबिलिटी घटी है और लंबे समय तक बल्लेबाजी के दौरान सीनियर बल्लेबाजों को दौड़कर रन लेने में परेशानी हो रही है।

### बुमराह श्रीलंका टेस्ट सीरीज से बाहर

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) और टीम मैनेजमेंट के बीच तालमेल की कमी भी सामने आई है। बुमराह को 15 अगस्त से श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज के पहले मैच तक फिट करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन सीओई ऐसा नहीं कर सका। वहीं सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट वाले खिलाड़ियों को नए फिटनेस पैरामीटर्स की जानकारी भी देर से मिली। मोहम्मद सिराज जब श्रीलंका दौरे से पहले सीओई पहुंचे तो अचानक ब्रोंको और 2किमी टेस्ट कराए जाने से हैरान रह गए। अब गैर-टेस्ट खिलाड़ियों को भी इन्हीं नए मानकों के अनुसार तैयारी करने के लिए कहा गया है।

# फ्रांस ने भारत को सौंपा राफेल विमानों के निर्माण का प्रस्ताव

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** फ्रांस ने भारत के साथ 114 राफेल लड़ाकू विमानों के लिए 3.25 लाख करोड़ रुपये के मेगा सौदे का विस्तृत प्रस्ताव सौंप दिया है। इस डील के तहत ज्यादातर विमानों का निर्माण भारत में ही 'मेक इन इंडिया' के तहत किया जाएगा। भारतीय रक्षा क्षेत्र में एक बहुत बड़ा और ऐतिहासिक कदम सामने आया है। 114 राफेल जेट विमान सौदे के सिलसिले में एक अहम विकास के तहत फ्रांस ने भारत को इस मेगा प्रोजेक्ट के लिए विस्तृत तकनीकी और व्यावसायिक प्रस्ताव सौंप दिया है। लगभग 3.25 लाख करोड़ रुपये के इस भारी-भरकम सौदे में बहु-भूमिका वाले इन लड़ाकू विमानों का बड़े पैमाने पर स्थानीय निर्माण और उत्पादन शामिल है, जो भारत के स्वदेशीकरण और 'मेक इन इंडिया' अभियान को अभूतपूर्व मजबूती देगा।



### स्थानीय विनिर्माण और टाटा-एल एन्ड टी जैसे दिग्गजों को मिलेंगे अवसर

इस प्रस्ताव के तहत फ्रांसीसी कंपनी दसॉल्ट एविएशन और उसके प्रमुख साझीदार- जिनमें मिसाइल निमार्ता एमबीडीए, इंजन निमार्ता सफ्रोन और थेल्स शामिल हैं- भारत में स्थानीय उद्योग साझीदारों के साथ मिलकर कुल 114 में से 94 विमानों का निर्माण भारत की धरती पर ही करेंगे। यह डील भारतीय निजी रक्षा उद्योग के खिलाड़ियों जैसे टाटा, लार्सन एंड टर्बो और अन्य कंपनियों के लिए लगभग 1.6 लाख करोड़ रुपये तक के भारी-भरकम व्यावसायिक और उत्पादन अवसर प्रदान कर सकती है।

### वायु सेना का आग्रह पत्र और स्वदेशी हथियारों का एकीकरण

गौरतलब है कि भारत ने इसी साल मई के महीने में भारतीय वायु सेना के लिए 114 राफेल लड़ाकू विमानों के इस मेगा सरकारी सौदे के लिए अनुरोध पत्र जारी किया था। वर्तमान में रक्षा मंत्रालय का अधिग्रहण विंग और वायु सेना इस फ्रांसीसी प्रस्ताव का बारीकी से अध्ययन और तकनीकी विश्लेषण कर रहे हैं। इस सौदे की एक खास बात यह भी है कि इसमें भारत में बनने वाले विमानों के भीतर भारतीय हथियारों, जैसे स्वदेशी 'अस्त्र' हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और अन्य स्वदेशी प्रणालियों की सामग्री को एकीकृत करने पर भी जोर दिया जा रहा है।

### भविष्य की रणनीति और लंबी प्रक्रिया

राफेल विमान भविष्य में भारतीय वायु सेना के मुख्य रक्षा आधारा स्तंभों में से एक बनने की राह पर है। इसे साल 2012 में रक्षा मंत्रालय द्वारा एक लंबी वैश्विक प्रतिस्पर्धा के बाद चुना गया था। अब इस नए और विस्तृत उत्पादन प्रस्ताव के सामने आने के बाद, भारत और फ्रांस के बीच रक्षा कूटनीति और मजबूत स्वदेशी रक्षा उत्पादन का एक नया अध्याय शुरू होने की उम्मीद है।

# पाकिस्तान सेना ने खैबर पख्तूनख्वा में 10 टीटीपी आतंकवादियों को किया ढेर

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों ने दो अलग-अलग अभियानों में 10 आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की मीडिया इकाई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ये दोनों घटनाएं बृहस्पतिवार को दक्षिण वजीरिस्तान और अपर दीर जिलों में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान हुईं। सरकार टीटीपी आतंकवादियों के लिए ह्यफितना अल खवारिजह्व शब्द का इस्तेमाल करती है। पाकिस्तानी सेना के जनसंपर्क विभाग (आईएसपीआर) के अनुसार, दक्षिण वजीरिस्तान के



आजम वारसक इलाके में आतंकवादियों के एक समूह ने सुरक्षा बलों की चौकियों पर हमला करने का प्रयास किया। आईएसपीआर ने बताया कि सैनिकों ने हमले का प्रभावी ढंग से जवाब दिया और आठ आतंकवादियों को मार गिराया। दूसरी घटना दीर जिले में हुई, जहां सुरक्षा बलों ने दो और आतंकवादियों को ढेर कर दिया। अभियान के दौरान हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए। आईएसपीआर ने कहा कि मारे गए आतंकवादी इलाके में कई आतंकी गतिविधियों में शामिल थे। इस बीच, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 10 आतंकवादियों को मार गिराने के लिए सुरक्षा बलों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के पूरी तरह खात्मे तक इसके खिलाफ अभियान पूरी दृढ़ता के साथ जारी रहेगा। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत पिछले कई वर्षों से उग्रवादी हिंसा, अफगानिस्तान से लड़ाकों की सीमा पार आवाजाही और लगातार सैन्य अभियानों के कारण अशांति का सामना करता रहा है। पाकिस्तान की संघीय सरकार का आरोप है कि नवंबर 2022 में संघर्षविराम समझौता समाप्त होने के बाद प्रतिबंधित टीटीपी ने प्रांत में कई हमले किए हैं।

# लोस-रास में विपक्षी दलों का हंगामा, नारेबाजी, कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित, शाह-बिड़ला की 1 घंटे की बंद कमरे में मीटिंग

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। संसद के मानसून सत्र में जारी गतिरोध के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार (7 अगस्त) को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की. पीटीआई न्यूज एजेंसी के मुताबिक, करीब एक घंटे तक चली इस बैठक ने राजनीतिक हलकों में नई चचाओं को जन्म दे दिय. उधर, विपक्ष लगातार छात्रों पर पुलिस कार्रवाई और राम मंदिर के लिए मिले चंदे में कथित गड़बड़ी के मुद्दे पर सदन में चर्चा की मांग कर रहा है, जबकि सरकार अपने रुख पर कायम है.



### विपक्ष की मांग पर अड़ा सदन

विपक्ष का कहना है कि 20 जुलाई को संसद मार्च कर रहे छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर गृह मंत्री अमित शाह सदन में जवाब दें. इसी के साथ राम मंदिर के लिए मिले चंदे में कथित चोरी के आरोपों पर भी विस्तृत चर्चा कराई जाए. इन मांगों को लेकर विपक्ष लगातार हंगामा कर रहा है, जिसके कारण लोकसभा की कार्यवाही बार-बार बाधित हो रही है. यह पहली बार नहीं है जब संसद में गतिरोध के दौरान सत्ता पक्ष के शीर्ष नेताओं और लोकसभा अध्यक्ष के बीच अहम बैठक हुई हो. इससे पहले 2023 और 2024 के कई संसदीय सत्रों में भी विपक्ष के हंगामे के बीच सरकार और स्पीकर के बीच लगातार बैठकें हुई थीं. मणिपुर हिंसा, सुरक्षा चूक, महंगाई और अन्य विवादित मुद्दों पर भी संसद लंबे समय तक नहीं चल सकी थी. ऐसे समय में हुई बैठकों के बाद कई बार गतिरोध खत्म हुआ, जबकि कई बार टकराव और बढ़ गया. इसके अलावा कांग्रेस ने आज लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव देकर छात्रों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर चर्चा की मांग की, सांसद मणिकम टैगोर ने गृह मंत्री अमित शाह से पूरे मामले पर बयान देने और न्यायिक जांच कराने का आग्रह किया. माना जा रहा है कि लोकसभा में आज विदेशी चंदे से जुड़ा फॉरेन कॉन्ट्रिब्यूशन (रेगुलेशन) संशोधन बिल पेश हो सकता है. राज्यसभा की बात करें तो आज भी यहां विपक्षी सांसदों ने बवाल काटा. उन्होंने अमित शाह सदन में आओ के नारे लगाये. अमित शाह और ओम बिरला की इस मुलाकात को संसद की आगे की रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है. हालांकि बैठक के बाद किसी भी पक्ष की ओर से आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई. अब सभी की नजर इस बात पर है कि सरकार विपक्ष की मांगों पर चर्चा के लिए तैयार होती है या फिर संसद का गतिरोध आने वाले दिनों में और गहरा जाएगा.

**लोस-रासमें विपक्षी दलों का हंगामा**

भारी हंगामे के कारण शुक्रवार को लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गयी. हालांकि लोकसभा में इससे पहले टरटए संशोधन विधेयक बिना चर्चा के पास हो गया. आज 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी दलों ने मंदिर चंदा चोरी मामले और नीट पेपर लीक मुद्दे पर हंगामा बरपाया.सरकार से जवाब तलब किया. विपक्ष के हंगामे से खफा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, इस तरह बार-बार सदन रोकना ठीक नहीं है. शुरूआत में लोकसभा की कार्यवाही विपक्ष के हंगामे के कारण 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी. बाद में कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष का हंगामा जारी रहा. इसके बाद सदन सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया. 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने पर विपक्ष के हंगामे से पूर्व ओम बिरला ने आजादी की लड़ाई में शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करते हुए बताया कि 9 अगस्त को भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ है. इसी मौके पर सदन ने सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी. राज्यसभा की बात करें तो आज भी यहां विपक्षी सांसदों ने बवाल काटा. उन्होंने अमित शाह सदन में आओ के नारे लगाये. विपक्षी सांसदों को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने जवाब दिया, अमित शाह सुबह से रात तक संसद में ही रहते हैं. लेकिन विपक्ष का हंगामा जारी रहा. यह देख सभापति ने शुरूआत में कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित कर दी. 12 बजे कार्यवाही शुरू होते ही फिर हंगामा शुरू हो गया.

## संक्षिप्त खबर

### सुप्रीम कोर्ट ने महुआ मोइत्रा से कहा, राजनीति में आयी हैं तो अंडे फेके जाने से क्यों डरती हैं, याचिका रद्द



**नयी दिल्ली।** टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा को आज शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से झटका मिला है. सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका सुनने से इनकार कर दिया. महुआ मोइत्रा ने अपनी याचिका में पुलिस के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने के बजाय वर्चुअली पूछताछ की गुहार लगाई थी. महुआ मोइत्रा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने दलील दी कि उनकी मुवक्किल जांच में सहयोग करने को तैयार हैं, लेकिन उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पूछताछ की अनुमति प्रदान की जाये. मोइत्रा ने वकील ने दलील देते हुए कहा, पिछली बार महुआ मोइत्रा जब अपने निर्वाचन क्षेत्र के पुलिस थाने में गयी थीं, तब उन पर अंडे फेंके गये थे. वकील ने उनकी सुरक्षा का हवाला देते हुए वर्चुअल उपस्थिति की अनुमति मांगी. न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति शील नागू की पीठ ने इनकार करते हुए कहा, जांच के लिए पुलिस का सामना करना होगा. सांसद होने के आधार पर विशेष छूट नहीं मिल सकती. न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने मौखिक टिप्पणी की. पूछा, क्या सिर्फ इसलिए कि आप सांसद हैं? छूट दी जाये... एक तरह से तंज कसा कि जब आपने राजनीति में आने का फैसला किया है तो अंडे फेंके जाने से क्यों डरती हैं? न्यायमूर्ति ने कहा, हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने देश के लिए अपनी छाती पर गोलियां खाई थीं. अदालत का रुख भांप कर महुआ मोइत्रा के वकील ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी. इसे सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर लिया और मामला खारिज कर दिया.

### राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया, आठ अगस्त को प्रयागराज आ रहा हूं ...



**नयी दिल्ली।** राहुल गांधी आठ अगस्त, शनिवार को प्रयागराज का दौरा करेंगे. राहुल गांधी ने खुद सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी है. उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, प्रयागराज आ रहा हूं , देश के उस शहर में जहां सबसे ज्यादा नौजवान तैयारी करते हैं. बता दें कि राहुल गांधी द्वारा छात्रों की गूंज नाम से हैशटैग चलाया गया है. इस पर देशभर के परीक्षार्थी छात्रों को एकजुट होने, उनके पक्ष में खड़े होने के लिए आवाज उठाई गयी है. राहुल गांधी ने लिखा, वह आठ अगस्त शाम पांच बजे प्रयागराज के केपी ग्राउंड पहुंच रहे हैं. लोकसभा में नेता प्रतिपक्षराहुल गांधी ने प्रयागराज दौरे से पूर्व एक्स पर पोस्ट कर युवाओं और छात्रों को संबोधित किया. राहुल गांधी ने कहा, प्रयागराज का हर छात्र जानता है कि सिस्टम बेईमान हो चुका है. छात्रों की मेहनत में कोई कमी नहीं है. कमी उस सिस्टम की नीयत में है जो उनकी मेहनत का उचित परिणाम नहीं देती. राहुल गांधी ने अपनी बात रखते हुए देश में पेपर लीक, रुकी हुई भर्तियां, वर्षों का इंतजार और जवाबदेही का अभाव युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय करार दिया. है. राहुल गांधी ने कहा कि कोटा में छात्रों ने अपनी आवाज उठाई, देहरादून में भी विरोध हुआ. दिल्ली में सवाल पूछने वाले छात्रों पर लाठियां बरसाई गयी. दावा किया कि आखिरकार एक मंत्री (धर्मेंद्र प्रधान) जाना पड़ा. लिखा कि सरकार जनता की एकजुट आवाज के सामने झुक जाती है.

### केरलम में सबसे ज्यादा धंसे पुल-ओवरब्रिज; तेलंगाना में ठेकेदार पर लगा 134 करोड़ का जुर्माना



**हैदराबाद।** कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे का 13 जुलाई को लोकार्पण हुआ. करीब 4200 करोड़ से बना यह एक्सप्रेसवे बारिश का एक भी सीजन नहीं झेल पाया. कई जगहों पर यह धंस गया. इसके बाद से देशभर में हाईवे-ओवरब्रिजों की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे. इस बीच संसद में भी इससे जुड़े सवाल पूछे गए. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इनके जवाब दिए. बताया कि लापरवाही मिलने पर कई राज्यों में ठेकेदारों पर भारी-भरकम जुर्माना लगाया गया है. नितिन गडकरी ने संसद में देशभर के आंकड़े पेश किए. इसके अनुसार केरलम में पुल-ओवरब्रिज धंसने या इन्हें गंभीर नुकसान पहुंचने के सबसे ज्यादा मामले सामने आए. साल 2020 से लेकर 2026 में अब तक यहां ऐसी 9 घटनाएं हुईं. महाराष्ट्र इस मामले में देशभर में दूसरे पायदान पर रहा. वहां कुल 8 घटनाएं हुईं. वहीं 6 घटनाओं के साथ बिहार तीसरे स्थान पर रहा. वहां 6 मामले सामने आए. जबकि गुजरात-जम्मू कश्मीर, असम दिल्ली जैसे राज्यों में इस तरह की केवल एक-एक घटनाएं ही हुईं. दरअसल, इन दिनों संसद का मानसून सत्र चल रहा है. इसमें 6 अगस्त को गोवा के सांसद कैप्टन विराटो फर्नांडीस ने मंत्री नितिन गडकरी से सवाल पूछे थे. उन्होंने पूछा था कि साल 2014 से अब तक ठेकेदारों की लापरवाही के कारण कितनी सड़कें, राष्ट्रीय राजमार्गों पर बने पुल-फ्लाईओवर ढह गए या टूट गए?, खराब निर्माण करने वाले ठेकेदारों की संख्या कितनी है?, राष्ट्रीय राजमार्गों को बनाते समय मानकों का ध्यान न रखने पर निचले इलाकों में पानी भरने के कितने मामले सामने आए?.

### थाईलैंड में गोलीबारी के बाद पुलिस जांच जारी, 6 की मौत

**नोंथाबुरी।** पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को थाईलैंड के नोंथाबुरी प्रांत के एक हाई स्कूल में एक छात्र ने गोलीबारी की, जिसमें तीन टीचर और तीन छात्रों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। रॉयल थाई पुलिस के प्रवक्ता ट्राइरोंग पिवपान ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि गोलीबारी बैंकॉक के उत्तर-पश्चिम में स्थित डेबसिरिन नोंथाबुरी स्कूल में हुई। पिवपान ने बाद में चैनल 3 को बताया कि संदिग्ध शूटर की हालत गंभीर है और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि घायल हुए 15 लोगों में से दो की हालत गंभीर थी। पुलिस ने कहा कि गोलीबारी के पीछे की वजह की अभी जांच चल रही है। माना जा रहा है कि हमले में इस्तेमाल किया गया हथियार छात्र के परिवार के किसी सदस्य से लिया गया था। प्रधानमंत्री अनुतिन चर्नविराकुल ने पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति संवेदना जताई और कहा कि उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रभावित लोगों की मदद और देखभाल करने का निर्देश दिया है। गोलीबारी के लगभग एक घंटे बाद घटनास्थल की तस्वीरों में लोगों को स्कूल के बाहर इकट्ठा होकर एक-दूसरे को दिलासा देते हुए देखा गया, जबकि पुलिस अधिकारी और इमरजेंसी रिस्पॉन्डर परिसर में मौजूद थे। पुलिस ने कहा कि छात्र पर स्कूल में गोलीबारी करने का शक है। गोलीबारी की खबर मिलने के बाद प्लाई बैंग पुलिस स्टेशन के अधिकारियों को कैंपस भेजा गया और उन्होंने इलाके को सुरक्षित किया। अधिकारियों ने कहा कि हताहतों की संख्या अभी शुरूआती है क्योंकि बचाव अभियान चल रहा था। पुलिस ने लोगों से यह भी अपील की कि जब अधिकारी स्थिति को संभाल रहे हों, तो वे इस घटना की लाइव-स्ट्रीमिंग न करें।

# नेपाल को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की उठी मांग! यूपी, बिहार और बंगाल के सीमाई इलाकों में हाई अलर्ट

**एजेंसी**

**काठमांडू।** पड़ोसी देश नेपाल में राजनीतिक और धार्मिक माहौल एक बार फिर गरमा गया है। नेपाल को दोबारा 'हिंदू राष्ट्र' घोषित करने की मांग अब तेजी से जोर पकड़ रही है। शुरूआत में यह चिंगारी देश के पहाड़ी क्षेत्रों तक सीमित थी, लेकिन अब यह सुलगते हुए मधेस और भारत की सीमा से सटे तमाम तराई इलाकों तक व्यापक रूप से फैल चुकी है। इस बीच नेपाल के भीतर हुई हिंसक घटनाओं के चलते भारत की सुरक्षा एजेंसियों ने भी उत्तर प्रदेश से लेकर पश्चिम बंगाल और सिक्किम तक की सीमाओं पर चौकसी बेहद कड़ी कर दी है। यह पूरा विवाद तब और गहरा गया जब हाल ही में नेपाल के सुनसरी जिले के देवागंज क्षेत्र में 26 जुलाई को एक धार्मिक जुलूस के दौरान दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस संघर्ष में तीन प्रदर्शनकारियों की मौत के बाद स्थिति अत्यधिक संवेदनशील हो गई। हालांकि नेपाल सरकार के गृहमंत्री ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर पीड़ित परिवारों को दस-दस लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है, फिर भी आंदोलन की धार कम होती नहीं दिख रही है। वर्तमान में नेपाल के 15 से अधिक प्रमुख हिंदूवादी संगठन- जिनमें संयुक्त हिंदू मोर्चा, हिंदू सम्राट सेना, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी, महाकाल युवा शक्ति और हिंदू युवा संघ शामिल हैं- अपनी 13 सूत्रीय मांगों को लेकर एक ही मंच पर एकजुट हो चुके हैं। जनकपुर और कपिलवस्तु जैसे इलाकों में बैठकों और प्रदर्शनों का दौर जारी है और नेताओं का कहना है कि यह अब किसी एक जिले का नहीं बल्कि पूरे नेपाल का राष्ट्रीय विषय बन चुका है।



### यूपी से बंगाल और सिक्किम तक सीमा पर हाई अलर्ट

नेपाल में सुलगते इस आंतरिक तनाव को देखते हुए भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती जिलों में प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सशस्त्र सीमा बल और राज्य पुलिस को हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# सुखबीर बादल की पीएम मोदी से मुलाकात, 2027 पंजाब चुनाव से पहले बीजेपी-अकाली दल गठबंधन की अटकलें तेज

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने शुक्रवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति और मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी सरकार के कामकाज को लेकर चर्चा हुई। गौरतलब है कि पंजाब में अगले साल की शुरूआत में विधानसभा चुनाव होने हैं। इस मुलाकात को लेकर न तो सुखबीर बादल की ओर से और न ही प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से कोई आधिकारिक बयान जारी किया गया है। हालांकि इस मुलाकात ने एक बार फिर इन अटकलों को हवा दे दी है कि अकाली दल एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन कर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में वापसी कर सकता है।



### अकाली दल-बीजेपी गठबंधन का इतिहास

अकाली दल और बीजेपी लंबे समय तक एक-दूसरे के भरोसेमंद सहयोगी रहे हैं, लेकिन सितंबर 2020 में तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को लेकर मतभेदों के चलते दोनों दलों के रास्ते अलग हो गए थे। बाद में केंद्र सरकार ने इन कानूनों को वापस भी ले लिया था। दोनों पार्टियां छह लोकसभा चुनावों (1998, 1999, 2004, 2009, 2014 और 2019) और पांच पंजाब विधानसभा चुनावों (1997, 2002, 2007, 2012 और 2017) में साथ मिलकर चुनाव लड़ चुकी हैं। 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में, जब दोनों दलों ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था, अकाली दल को अपने राजनीतिक इतिहास का सबसे खराब प्रदर्शन झेलना पड़ा और पार्टी सिर्फ तीन सीटें ही जीत सकी। वहीं बीजेपी भी महज दो सीटों तक सिमट गई थी। इसके उलट 2017 के चुनाव में, जब दोनों दल गठबंधन में साथ थे, अकाली दल ने 15 सीटें जीती थीं, जबकि बीजेपी को तीन सीटों पर जीत मिली थी। हाल के दिनों में लगातार ऐसी खबरें सामने आती रही हैं कि दोनों पार्टियां फिर से हाथ मिला सकती हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी दोनों दलों के बीच गठबंधन को लेकर चचाएं तेज हुई थीं।

# आईआईटी दिल्ली का दीक्षांत समारोह आज : पीएम मोदी होंगे मुख्य अतिथि, 3 हजार से ज्यादा छात्रों को मिलेगी डिग्री

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली का इस साल का दीक्षांत समारोह कई मायनों में खास होने वाला है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को आईआईटी दिल्ली के 57वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे. आईआईटी दिल्ली के निदेशक प्रो. रंगन बनर्जी ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में दीक्षांत समारोह की जानकारी देते हुए बताया कि इस बार 3,000 से ज्यादा विद्यार्थियों को डिग्री दी जाएगी. इनमें रिकॉर्ड संख्या में पीएचडी डिग्रियां भी शामिल हैं. समारोह के दौरान संस्थान के नए एआई आधारित सुपरकंप्यूटर को भी लॉन्च किया जाएगा. प्रो. रंगन बनर्जी ने बताया कि इस बार दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री मोदी मुख्य अतिथि होंगे. उनके अलावा केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रहलाद जोशी और नीति आयोग के सदस्य प्रो. अभय करंदीकर समारोह में विशेष अतिथि के तौर पर शामिल होंगे. उन्होंने कहा कि इस मौके पर संस्थान अपनी उपलब्धियों के साथ-साथ आने वाले वर्षों के लिए अपनी योजनाओं पर भी आगे बढ़ेगा.





### 3 हजार से अधिक विद्यार्थियों को मिलेगी डिग्री

निदेशक प्रो. रंगन बनर्जी ने बताया कि इस बार दीक्षांत समारोह में 3,000 से अधिक ग्रेजुएट्स को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी. इनमें स्नातक, परास्नातक और पीएचडी करने वाले विद्यार्थी शामिल हैं. उन्होंने बताया कि इस बार 587 विद्यार्थियों को पीएचडी की डिग्री दी जाएगी. यह आईआईटी दिल्ली के लिए पीएचडी डिग्रियों की रिकॉर्ड संख्या है. इस साल आईआईटी दिल्ली के दीक्षांत समारोह में कई मेधावी छात्रों को संस्थान के प्रतिष्ठित गोल्ड मेडल दिए जाएंगे. प्रेसिडेंट गोल्ड मेडल बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के अक्षत सिंघल और आदित्य प्रकाश को दिया जाएगा. वहीं, डायरेक्टर गोल्ड मेडल बीटेक गणित एवं कंप्यूटिंग के अनिकेत आनंद को मिलेगा. इसके अलावा डॉ. शंकर दयाल शर्मा गोल्ड मेडल एमटेक थर्मल इंजीनियरिंग के सुधीर कुमार भालोठिया और एमटेक कंट्रोल एंड ऑटोमेशन के शुवम राउत्रे को दिया जाएगा. परफेक्ट टेन गोल्ड मेडल पाने वालों में एमटेक बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के वेंकट साई रेड्डी रामिरेड्डी, एमटेक स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग के अमरप्रीत सिंह, एमटेक फाइबर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के पार्था पॉल और एमटेक कंट्रोल एंड ऑटोमेशन के सिराज अहमद शामिल हैं.

## सीएम विजय की पत्नी संगीता ने वापस ली तलाक अर्जी, कोर्ट ने केस बंद किया

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय की पत्नी संगीता ने शुक्रवार को तमिलनाडु की चेंगलपट्टू ज़िला अदालत में अभिनेता से राजनेता बने विजय के खिलाफ दायर तलाक की अजी वापस ले ली। अजी वापस लेने के बाद, चेंगलपट्टू अदालत ने तलाक का मामला बंद कर दिया। यह घटनाक्रम तब हुआ जब शुक्रवार को मामले की सुनवाई हुई। लंदन में मौजूद संगीता वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुईं, जबकि विजय व्यक्तिगत रूप से पेश नहीं हो सके क्योंकि वे तमिलनाडु विधानसभा के चल रहे सत्र में हिस्सा ले रहे थे। सुनवाई के दौरान, विजय के वकील ने अदालत को बताया कि विधानसभा सत्र के कारण मुख्यमंत्री व्यक्तिगत रूप से पेश नहीं हो सकते। संगीता लंदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यवाही में शामिल हुईं। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद, तलाक की अर्जी वापस लिए जाने पर अदालत ने मामले को बंद कर दिया। इससे पहले भी कई बार इस मामले की सुनवाई टाल दी गई थी, क्योंकि दोनों पक्ष कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश नहीं हुए थे। सार्वजनिक हस्तियां होने के नाते, विजय और संगीता ने सुरक्षा कारणों और अन्य प्रक्रियात्मक दिक्कतों का हवाला देते हुए वर्चुअल तरीके से कार्यवाही में शामिल होने की अनुमति मांगी थी।


# संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, जेन-जेड प्रदर्शनकारी एंटी नेशनल नहीं

**एजेंसी**

**मुंबई।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि जेन-जेड युवा प्रदर्शनकारी एंटी नेशनल नहीं हैं. इन युवाओं का विरोध प्रदर्शन जायज है. यह कोई विद्रोह नहीं हैं. बल्कि यह देश में लोकतांत्रिक तरीके का एक फैलाव है. गुरुवार को मुंबई में नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में इंडिया इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस (आईआईएमयूएन) के 15वें स्थापना वर्ष के मौके पर मोहन भागवत ने यह कहा. यह जेन जी से जुड़ा कार्यक्रम में शामिल हुए. था. श्री भागवत ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कई बार ऐसा देखने को मिला कि सड़कों पर उतरने वाले युवाओं को राजनीतिक चश्मे से देखा गया. लोकतंत्र में आंदोलन भी सहमति बनाने का एक माध्यम है. मोहन भागवत ने कहा कि जब संवाद के सारे रास्तों के दरवाजे बंद हो जायें तब विरोध प्रदर्शन लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा बन जाता है. साथ ही संघ के प्रमुख ने स्पष्ट किया कि आंदोलन का उद्देश्य समाज को बांटना नहीं, बल्कि समाधान की दिशा में सहमति तैयार करना होना चाहिए. उन्होंने विरोध के अधिकार को स्वीकार करते हुए उसके लोकतांत्रिक और संवैधानिक दायरे पर भी बल दिया.



राजनीतिक हलकों में मोहन भागवत के बयान को अहमियत मिल रही है. क्योंकि पिछले एक दशक में विरोध प्रदर्शनों को लेकर राजनीतिक विमर्श का एकतरफा रहा है. कई आंदोलनों में प्रदर्शनकारियों पर राजनीतिक एजेंडा चलाने या राष्ट्रविरोधी होने जैसे आरोप लगे हैं. ऐसे में संघ प्रमुख का बयान कि असहमति रखने वाला हर युवा राष्ट्रविरोधी नहीं होता, संवाद की नयी संभावना खोलता है. मोहन भागवत का संदेश आंदोलन कर रहे युवाओं सहित उन सभी संस्थाओं के लिए भी है, जिन पर युवाओं की शिकायतें, सुनने और समझने की जिम्मेदारी है.



# फिर लीक हुआ वाराणसी का सीन? महेश का एक्शन वीडियो वायरल

मुंबई। महेश बाबू के जन्मदिन (8 अगस्त) से ठीक पहले फिल्म का एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसे वाराणसी घाट पर शूट हुए एक बड़े एक्शन सीन का हिस्सा बताया जा रहा है। फिल्म के अनाउंसमेंट के बाद से ही वाराणसी बार-बार लीक का शिकार होती रही है। पहले सेट की तस्वीरें, अनाउंसमेंट वीडियो के कुछ हिस्से और पृथ्वीराज सुकुमारन का लुक भी ऑनलाइन सामने आ चुका है। अब यह नया वीडियो सामने आने के बाद फैंस के बीच और भी एक्साइटमेंट बढ़ गई है। वायरल हो रहे इस वीडियो में महेश बाबू खून से लथपथ नजर आ रहे हैं, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह फिल्म के किसी बड़े एक्शन सीन का हिस्सा हो सकता है।

## लाइफ Style

# श्रेया

## लॉकअप सीजन 2 को मिला विजेता

लॉकअप सीजन 2 के विजेता का खिताब जीतने के बाद श्रेया कालरा को पुरस्कार में एक चमचमाती ट्रॉफी मिली है। इसके अलावा एक करोड़ रुपए की राशि भी उन्हें मिली। लॉकअप का यह दूसरा सीजन भी काफी रोमांचक रहा।

रियलिटी शो 'लॉकअप सीजन 2' को आखिर विजेता मिल गया है। इस बार जीत का ताज श्रेया कालरा के सिर सजा है। उन्होंने शो में बाजी मारी है। बता दें कि इसी के साथ इस सीजन का पड़ाव खत्म हो गया है। श्रेया कालरा ने ग्रैंड फिनाले में शिवांगी जोशी को हराकर 'लॉक अप- सच या सजा' सीजन 2 जीता है। 'लॉकअप सीजन 2' के ग्रैंड फिनाले में श्रेया कालरा और शिवांगी जोशी के बीच मुकाबला था। विजेता के नाम का ऐलान किया गया तो होस्ट रितेश देशमुख ने श्रेया कालरा का नाम लिया। बता दें कि फाइनल एपिसोड जारी हो चुका है। दर्शकों ने इसे आगे बढ़ाकर देखते हुए विनर की जानकारी जुटा ली। सोशल मीडिया पर कई वीडियोज भी वायरल हो रहे हैं। लॉकअप सीजन 2 के विजेता का खिताब जीतने के बाद श्रेया कालरा को पुरस्कार में एक चमचमाती ट्रॉफी मिली है। इसके अलावा एक करोड़ रुपए की राशि भी उन्हें मिली। लॉकअप का यह दूसरा सीजन भी काफी रोमांचक रहा। दर्शकों को खूब ड्रामा और सस्पेंस देखने को मिला। रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्रेया कालरा मामूली अंतर से जीती हैं। उन्होंने शिवांगी जोशी को सात वोटों से हराया है। पांच फाइनलिस्ट चुने गए थे। फाइनल में राम कपूर, शिवांगी जोशी, श्रेया कालरा, योगेश रावत और आकांक्षा चमोला ने जगह बनाई थी।



## हॉलीवुड मसाला




# दक्षिण भारतीय परंपरा से की शादी?

नई दिल्ली। इन दिनों भारत के सिनेमाघरों में फिल्म 'स्पाइडर-मैन 4' की धूम है। इस बीच इस फिल्म से जुड़ा एक एआई से बना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें पीटर पार्कर और एमजे की शादी की कल्पना की गई है। एआई से बना यह वीडियो इंस्टाग्राम पर खूब वायरल हो रहा है। वीडियो में सुपरहीरो को एक बेहतरीन साउथ इंडियन हैप्पी एंडिंग देता है। पीटर पार्कर और एमजे चमेली के फूलों की माला, सिल्क की साड़ियों और मंदिर-स्टाइल की शादी की सजावट के बीच शादी के बंधन में बंधते हैं।



# क्रॉप ओवर उत्सव में रिहाना का दिखा अलग अंदाज...

लॉस एंजिल्स। सिंगर रिहाना जब भी 'क्रॉप ओवर' के लिए बारबाडोस लौटती हैं, तो फैशन पसंद करने वाले जानते हैं कि वे कुछ ऐसा देखने वाले हैं जिसे वे कभी नहीं भूल पाएंगे। यह सिंगर लंबे समय से इस आइलैंड के सबसे बड़े जश्न में शामिल होती रही हैं। 2024 के बाद 'ग्रैंड कडूमेंट डे' परेड में रिहाना ने अपनी जबरदस्त वापसी की। यहां उन्होंने अपने फैंस का दिल जीता। इस साल के जश्न के लिए, रिहाना ने बारबाडोस की डिजाइनर लॉरेन ऑस्टिन की बनाई हुई कॉस्ट्यूम पहनी। इस कॉस्ट्यूम में एक बहुत ही बारीक बॉडीसूट था जो पूरी तरह से चमकदार सजावट से ढका हुआ था। हजारों रंग-बिरंगे जेमस्टोन, क्रिस्टल, बारीक बीडवर्क और फूलों वाले पैटर्न ने इस बॉडीसूट को एक शानदार लुक दिया। रिहाना की ड्रेस में पीछे लगे बड़े-बड़े पंखों वाले हिस्से ने पूरे लुक को और भी शानदार बना दिया।



# फिर मोहब्बत के लिए जंग लड़ते दिखे

मुंबई। साल 2007 में रिलीज हुई फिल्म आवारापन में इमरान हाशमी ने अपनी अदाकारी से फैंस को हैरान किया था। फिल्म की कहानी, गाने आज तक दर्शकों को याद हैं। फिल्म की अलग ही फैन फॉलोइंग है। अब मेकर्स आवारापन 2 लेकर आए हैं, गुरुवार को इस फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज किया गया है। ट्रेलर मोहब्बत के लिए कुछ भी कर गुजरने की कहानी को दिखा रहा है। इमरान हाशमी और दिशा पाटनी के बीच की केमिस्ट्री भी कमाल की है। वहीं, ट्रेलर में इमरान हाशमी के एक्शन सीन्स भी हैरान करते हैं। उनके डायलॉग भी दर्शकों को पसंद आएंगे। एक सीन में वह कहते हैं, 'मौत से मेरा पुराना रिश्ता है, उसका एक कर्ज है, जो चुकाना है।' ट्रेलर में शबाना आजमी भी हैं, जो नेगेटिव रोल में नजर आ रही हैं। इसके अलावा दिशा पाटनी के भी कई सीन्स इसमें देखने को मिले।



# जेमी के साथ बनाएंगे एक्शन थ्रिलर...

मुंबई। डायरेक्टर निखिल नागेश भट्ट 'डेडलॉक्ड' नाम की एक एक्शन थ्रिलर फिल्म डायरेक्ट करेंगे, जिसमें ऑस्कर विजेता एक्टर जेमी फॉक्स लीड रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म को अमेजन एमजीएम स्टूडियोज दुनिया भर में रिलीज करेगा। एक रिपोर्ट्स के मुताबिक, डेडलॉक्ड को प्राइम वीडियो पर ग्लोबली स्ट्रीम किया जाएगा। यह निखिल भट्ट की पहली इंग्लिश लैंग्वेज फिल्म होगी और किल की सफलता के बाद उनके करियर में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। फिल्म की कहानी एक ऐसे पूर्व मरीन पर आधारित है, जो एक बड़े केस में ज्यूरी ड्यूटी कर रहा होता है। इसी दौरान कोर्ट में अचानक खतरनाक हालात बन जाते हैं और मामला बंधक बनाने तक पहुंच जाता है। दरअसल, आरोपी की बेटी अपने पिता को बचाने के लिए कोर्ट पर कब्जा कर लेती है।

## टीवी मसाला




# मिनी बनीं अलायंस की विजेता एली और रूही को हराया

नई दिल्ली। शो 'अलायंस' की विनर मिनी माथुर ने टीवी एक्टर एली गोनी और यूट्यूबर रूही दोसानी को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। उन्हें ट्रॉफी के अलावा इनाम में 50 लाख रुपए मिऐ हैं। मिनी को उम्मीद है कि यह जीत आम महिलाओं को भी प्रेरित करेगी। शो 'अलायंस' जीतने के बाद मिनी माथुर ने अपनी विनिंग स्पीच में कहा, 'इन छह हफ्तों में मैंने एक पूरी जिंदगी जी ली है। यह मेरा पहला रियलिटी शो है।

# रामायण का इंग्लिश ट्रेलर मेकर्स ने किया साझा, रिलीज डेट भी सामने आई



मुंबई। नितेश तिवारी निर्देशित फिल्म 'रामायण' का हिंदी ट्रेलर कुछ दिन पहले साझा किया गया था, इसी के साथ दक्षिण भारतीय भाषाओं में भी ट्रेलर सामने आया था। अब मेकर्स ने इसका इंग्लिश ट्रेलर इंटरनेशनल ऑडियंस के लिए रिलीज किया है। इसमें सभी किरदार इंग्लिश डायलॉग बोलते हुए दिखाई दिए। कई सोशल मीडिया यूजर्स को लगता है कि इंग्लिश डायलॉग्स के लिए एआई का इस्तेमाल किया गया है। नमित मल्होत्रा प्रोड्यूस फिल्म रामायण का पहला पार्ट दिवाली पर रिलीज होने की बात सामने आई थी। अब मेकर्स ने इसकी तारीख भी बता दी है। यह फिल्म 6 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दिवाली से दो दिन पहले यह फिल्म सिनेमाघरों में आएगी। दूसरा पार्ट अगले साल रिलीज होगा, लेकिन इसकी रिलीज डेट अभी मेकर्स ने शेयर नहीं की है। रामायण फिल्म में रणबीर कपूर के अलावा अरुण गोविल, साई पल्लवी, विवेक ओबेरॉय, रकुल प्रीत, रवि दुबे, यश, फैसल खान जैसे उम्दा कलाकार नजर आएंगे। रावण का किरदार साउथ सुपरस्टार यश निभा रहे हैं। इस फिल्म का जब ट्रेलर रिलीज हुआ था तो दर्शकों ने वीएफएक्स की जमकर तारीफ की है।

# भारत के बंटवारे का दर्द बयां करती हैं ये फिल्में

नई दिल्ली। सनी देओल की फिल्म आ रही है बंटवारा 1947 जिसका ट्रेलर कुछ दिनों पहले रिलीज हुआ है और इसे काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। फिल्म को राजकुमार संतोषी ने डायरेक्ट किया है और इसमें सनी के साथ प्रीति जिंटा, करण देओल और शबाना आजमी हैं। इस फिल्म में भारत-पाकिस्तान के बंटवारे की कहानी को दिखाया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इससे पहले भी कई फिल्में रिलीज हो चुकी हैं, जिसमें बंटवारे के दौरान के दर्द की कहानी को दिखाया है।

**गर्म हवा** : फिल्म 'गर्म हवा' साल 1973 में रिलीज हुई थी। फिल्म को एम. एस. सथ्यू ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म में भारत-पाकिस्तान के विभाजन के दौर में आगरा के एक मुस्लिम व्यवसायी सलीम मिर्जा (बलराज साहनी) के परिवार के संघर्ष की कहानी को दिखाया है। फिल्म की स्क्रिप्ट कैफी आजमी और शमा जैदी ने लिखी थी। फिल्म में बलराज साहनी, फारुख शेख, शौकत कैफी, गीता सिद्धार्थ जैसे स्टार्स अहम किरदार में थे।

**पिंजर** : पिंजर साल 2003 में रिलीज हुई थी। यह एक ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म थी जिसे चंद्रप्रकाश ने डायरेक्ट किया था। यह फिल्म 1947 में हुए भारत के विभाजन पर आधारित है। इसमें एक हिंदू महिला की दुखद, लेकिन हिम्मत से भरी कहानी को दिखाया है, जिसे पारिवारिक झगड़े के कारण अलग कर दिया होता है। वहीं, इस बीच सांप्रदायिक हिंसा के दौरान उसके स्ट्रगल को दिखाया है। फिल्म में मनोज बाजपेयी, उर्मिला मातोंडकर, संदली सिन्हा, ईशा कोप्पिकर और संजय सूरी अहम किरदार में थे।



**ट्रेन टू पाकिस्तान** : 1998 में फिल्म आई थी ट्रेन टू पाकिस्तान। यह फिल्म खुशवंत सिंह की बुक ट्रेन टू पाकिस्तान पर आधारित है। फिल्म में 1947 में भारत के पार्टिशन और उस दौरान हुए भयानक सांप्रदायिक खून-खराबे पर आधारित है। फिल्म में दिव्या दत्ता, निर्मल पांडे, रजित कपूर अहम किरदार में थे।

**हे राम** : हे राम फिल्म की कहानी भारत के विभाजन, सांप्रदायिक हिंसा और महात्मा गांधी की हत्या पर आधारित है। फिल्म को कमल हासन ने डायरेक्ट किया था और इसमें कमल ने परफॉर्म भी किया था। कमल के साथ शाहरुख खान, रानी मुखर्जी, हेमा मालिनी, नसीरुद्दीन शाह लीड रोल में थे।

**1947 अर्थ** : साल 1998 में आई थी फिल्म 1947 अर्थ। इस फिल्म को दीपा मेहता ने डायरेक्ट किया था और इसमें आमिर खान, नंदिता दास, राहुल खन्ना और गुलशन ग्रोवर लीड रोल में थे।

**गदर** : सनी देओल की फिल्म गदर भी इस लिस्ट में शामिल है। गदर में भी दिखाया गया है कि कैसे भारत-पाकिस्तान के बंटवारे के दौरान दंगे होते हैं और फिर पाकिस्तान की सकीना, भारत में तारा सिंह के साथ रहती हैं और दोनों की शादी हो जाती है। इसके बाद सकीना और दोनों का बेटा पाकिस्तान जाते हैं और वहां सकीना के पिता ऐसा गेम खेलते हैं कि दोनों को वहीं रख लेते हैं। ऐसे में तारा सिंह फिर दोनों को लेना जाता है और जो होता है उसने ही फिल्म को हिट बनाया।

JHARKHAND EDUCATION CENTER
T.L. No.: (RAN54082621210695)
We Offer All Courses From Board, Council and Institutions
MATRIC | VOCATIONAL | IIT
MANAGEMENT | ENGINEERING | AICTE
INTERMEDIATE | UG & PG | LAW
NCTE | MBBS | ANM & GNM
We here to help you...
House No. 01, Singh Mansion, Shanti Nagar, Hatia, Ranchi-03
+91 9431360101
info.jharkhandeducationcenter@gmail.com
www.jharkhandeducationcenter.com



हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.